# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## बंदऊं गुरु पद पदुम परागा

कुबेरेश्वर धाम में भीड़

कुबेरेश्वरधाम, श्री दादाजी धूनीवाले धाम और बागेश्वर धाम में शिष्यों ने की गुरुवंदना

1



## कुबेरेश्वरधाम: 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए गुरु दर्शन

**सीहोर।** कुबेरेश्वरधाम में आयोजित छह दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। इस महाकुंभ में देशभर से 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। गुरु दर्शन के लिए भक्तों की एक किलोमीटर लंबी कतारें लगी रहीं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि सच्चा गुरु वही है, जिसका आचरण समाज के लिए प्रेरणा बने। इस दौरान 25 क्विंटल नुक्ति का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी बांटी गई।

2



## श्री दादाजी धूनीवाले धाम में शिष्यों ने दी धूनी में आहुति

**खंडवा।** विश्व प्रसिद्ध श्री दादाजी धूनीवाले धाम में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में भक्त नंगे पांव हाथों में ध्वज-निशान लेकर सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा कर खंडवा पहुंचे। संत केशवानंद जी महाराज ▸▸शेष पेज 4 पर

## बागेश्वर धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने टेका माथा

3



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में 23 से 30 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरुआत पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा बागेश्वर बालाजी ▸▸शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### शुभमन गिल बने दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज



**नई दिल्ली।** आईसीसी द्वारा जारी ताजा वनडे रैंकिंग में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 801 रेटिंग अंकों के साथ एक बार फिर पहला स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (794 अंक) को पीछे छोड़कर नंबर-1 की कुर्सी पर कब्जा जमाया। गिल को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बनाए दो अर्धशतकों का फायदा मिला।

### नवविवाहिता बेटी के साथ ट्रेन के आगे कूदी



**नरसिंहपुर।** स्टेशनगंज थाना अंतर्गत लूनावत पेट्रोल पंप के पास कपूरी गांव निवासी 25 वर्षीय नवविवाहिता प्राची जाट ने अपनी 3 वर्षीय मासूम बेटी प्रनीषा के साथ ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। ज्ञानगंगा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे स्टेशन को दी। ट्रैक पर मां-बेटी का शव लिपटा हुआ मिला।

### चढ़ावा चोरी: नई एसआईटी ने संभाली जांच की कमान



**अयोध्या।** राम मंदिर की दान पेटिकाओं से चढ़ावा चोरी मामले की जांच के लिए गठित नई एसआईटी सक्रिय हो गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित इस तीन सदस्यीय टीम ने वर्चुअल बैठक कर पुलिस कार्रवाई, साक्ष्यों का पूरा ब्योरा लिया है। इसमें आईजी किरण एस, डीआईजी सोमेन वर्मा और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर शामिल हैं।

## किसान रोशनपुरा चौराहे से मुख्यमंत्री आवास तक जाने की जिद पर अड़े हुए थे

## मूंग खरीदी पर मोहन सरकार का देर रात बड़ा फैसला, किसानों ने अपना आंदोलन लिया वापस

# मूंग का 25 नहीं, अब 60 प्रतिशत उपार्जन खाद वितरण की ई टोकन व्यवस्था 'स्थगित'



मंत्रियों-किसानों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मूंग की शत प्रतिशत खरीदी को लेकर मंगलवार से ही चल रहा किसानों का आंदोलन रात तक और तेज हो गया था। पर, बुधवार देर रात प्रदेश सरकार ने साफ कर दिया कि किसानों का मूंग उपार्जन 25 नहीं 60 फीसदी होगा। ई-टोकन से खाद वितरण की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गई है। इससे पहले सरकार की ओर से गठित 4 मंत्रियों की कमेटी के साथ किसान प्रतिनिधियों की बातचीत हुई। सरकार व किसान प्रतिनिधियों के बीच दो दिन में तीन दौर की वार्ता हो चुकी थी। देर शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक मंत्रालय में मंत्रियों की गठित कमेटी व अधिकारियों के साथ काफी देर तक बैठक चली। बैठक के बाद 16 किसान संगठनों को सरकार ने अपना फैसला बता दिया। आधी रात को सारी चीजें साफ होने के बाद आंदोलन वापस ले लिया ▸▸शेष पेज 4 पर

*सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण वर्ष में सभी अन्नदाता बंधुओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध, सरकार सदैव किसानों के सकारात्मक सुझावों के साथ*

नर्मदापुरम सीहोर एवं हरदा जैसे जिलों में यह लगभग 3 क्विंटल प्रति एकड़



सावरकर सेतु के पास बैरिकेडिंग तोड़ते हुए, दोपहर 4:30 बजे

» ***स्लॉट बुकिंग की अवधि 10 दिन बढ़ी, यानी 10 अगस्त तक***

» ***उपार्जन की अंतिम तिथि भी 10 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त***

### ई टोकन पर उच्चस्तरीय समिति गठित

ई टोकन में आ रही समस्याओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। यह समिति ई-टोकन व्यवस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का परीक्षण कर राज्य सरकार को अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगी। समिति की अनुशंसाओं के आधार पर आवश्यक सुधार तत्काल किए जाएंगे। ▸▸पढ़ें पेज 03 भी


### सरकार का फैसला तत्काल प्रभाव से लागू : कंषाना



कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों के मुद्दे पर अपने वक्तव्य में कहा के मप्र सरकार सदैव किसानों के हित में कार्य करती आई है। हमारे अन्नदाता प्रदेश की अर्थव्यवस्था और समृद्धि का आधार हैं और उनके परिश्रम से उत्पादित उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से इस वर्ष ग्रीष्मकालीन ▸▸शेष पेज 4 पर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज बोले...

## देश में सबसे अधिक मूंग खरीदी की स्वीकृति मप्र को राज्य खरीदी में तेजी लाए



मप्र में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत मूंग खरीदी की मात्रा बढ़ाने के संबंध में राज्य के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना के पत्र पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश को वर्ष 2025-26 के लिए पहले ही 4.54 लाख मीट्रिक टन मूंग खरीदी की स्वीकृति दी जा चुकी है, जो देशभर में स्वीकृत कुल 5.23 लाख मीट्रिक टन खरीदी का लगभग 87 प्रतिशत है। यह किसी भी राज्य को दी गई सबसे अधिक स्वीकृति है। केंद्र ने यह भी बताया कि पिछले पांच वर्षों में मप्र के लिए स्वीकृत खरीदी की मात्रा लगातार बढ़ाई गई है। वर्ष 2021-22 और 2022-23 में 2.75 लाख मीट्रिक टन, 2023-24 में 3.30 लाख मीट्रिक टन, 2024-25 में 4.19 लाख मीट्रिक टन तथा ▸▸शेष पेज 4 पर

### देर रात घर के लिए रवाना हुए किसान

सरकार से सहमति के बाद बुधवार देर रात किसानों ने आंदोलन खत्म करने की घोषणा की। युवा किसान नेता राहुल राज ने 'हरिभूमि' को बताया कि किसानों का जत्था देर रात अपने-अपने वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना हो गया। इधर आंदोलन खत्म होने से शहर के लोगों ने राहत की सांस ली है।



रोशनपुरा चौराहा, रात 11:30 बजे

वैकल्पिक नमाज स्थल पर फिर बढ़ा विवाद

## मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। इस याचिका में धार जिले में विवादित भोजशाला परिसर के पास शुक्रवार की नमाज अदा करने के लिए वैकल्पिक स्थल उपलब्ध कराने के निर्देश का पालन न करने का आरोप लगाया गया है। 24 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा वी मोहना की पीठ ने बुधवार को याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी। हालांकि, पीठ के जल्दी स्थगित होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने इस मामले का जिक्र तब किया जब बेंच दिन भर की कार्यवाही समाप्त करने वाली थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। सुनवाई ▸▸शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

> एसजी से पूछा – आप वैकल्पिक स्थल का विवरण क्यों नहीं देते?

### कलेक्टर ने कहा कि यही स्थल आवंटित

अहमदी ने कहा कि आपके आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। यह स्थल 1.3 किलोमीटर दूर है और (जिला) कलेक्टर ने आदेश जारी कर कहा है कि केवल यही स्थल आवंटित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अदालत के पहले के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। विधि अधिकारी ने कहा कि प्रशासन ने एक अन्य स्थान की पहचान कर ली है। उन्होंने पीठ के सामने कहा कि नहीं, नहीं। हम फिर मिले। हमें एक और जगह मिल गई है। हालांकि ▸▸शेष पेज 4 पर

आज से सावन माह की शुरुआत

## बाबा महाकाल मंदिर में रोजाना चार लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

भगवान शिव का प्रिय सावन माह गुरुवार 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन करीब 4 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है, जिसके लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार बाबा महाकाल की सावन में चार और भादौ में दो, यानी कुल छह सवारियां निकलेंगी।

पहली सवारी 3 अगस्त को और अंतिम राजसी सवारी 7 सितंबर को शाम 4 बजे निकलेगी। सवारी शाम 5 बजे रामघाट पहुंचेगी, जहां शिप्रा जल से अभिषेक और आरती के बाद शाम 7 बजे मंदिर लौटेगी। सवारियों में सांस्कृतिक दल, 5 एलईडी रथ, 15 स्थानों पर मेडिकल टीमें और 24× 7 एम्बुलेंस सेवा तैनात रहेगी।

### कुल छह सवारियां निकलेंगी



बाबा महाकाल

### दर्शन व्यवस्था और समय में बदलाव

- **पट खुलने का समय:** 30 जुलाई से 7 सितंबर तक पट सुबह 3:00 बजे और प्रत्येक सोमवार को सुबह 2:30 बजे खुलेंगे।
- **चलित दर्शन व्यवस्था:** श्रद्धालुओं को कार्तिक मंडप की पहली तीन पंक्तियों से चलित आरती दर्शन की सुविधा मिलेगी।

यहां बीते एक साल के भीतर बाघ की यह दूसरी मौत

बालाघाट के लालबर्रा में बाघ शावक की मौत

## शरीर पर गहरे चोटों के निशान मिले आपसी संघर्ष से मौत का अंदेशा



शावक का शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालाघाट

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के सोनेवानी कंजर्वेशन रिजर्व (लालबर्रा) से एक बेहद निराशाजनक खबर सामने आई है। दक्षिण वन मंडल अंतर्गत बहियाटिकुर सर्किल के कक्ष क्रमांक-443 में एक डेढ़ वर्षीय नर बाघ शावक का शव बरामद हुआ है। मृत शावक की पहचान क्षेत्र की प्रसिद्ध बाघिन 'गौरा' के शावक 'सूखा' के रूप में की गई है। गश्त के दौरान अंबा माई रोड नाके के पास शावक का शव मिला, जिसके शरीर पर गहरे चोटों के निशान पाए गए। अधिकारियों के अनुसार 'सूखा' करीब दस महीने पहले अपनी मां से बिछड़ गया था। आमतौर पर शावक तीन साल तक मां के साथ रहकर शिकार और अस्तित्व बचाना सीखते हैं। मां से अलग होने के कारण वह शारीरिक रूप से कमजोर हो गया था और संभवतः किसी ▸▸शेष पेज 4 पर

भाजपा, कांग्रेस और आजाद समाज पार्टी में टक्कर

डेढ़ घंटे के भीतर जिले के सभी 291 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गईं

## दतिया उप चुनाव के लिए मतदान आज, मतदान केंद्रों में सीआरपीएफ तैनात, किया फ्लैग मार्च

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

दतिया का दम

दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए गुरुवार 30 जुलाई को मतदान होगा। इसके लिए मतदान से पहले जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार सुबह शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान दलों की रवानगी शुरू हुई। डेढ़ घंटे के भीतर जिले के सभी 291 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गईं। कलेक्टर ▸▸शेष पेज 4 पर



मतदानकर्मी मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए

### दतिया की तरक्की के लिए निर्भीक होकर करें मतदान : हेमंत

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दतिया विधानसभा उपचुनाव के सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि दतिया ▸▸शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने की चुनाव आयोग से दतिया कलेक्टर-एसपी की शिकायत

प्रदेश कांग्रेस ने दतिया कलेक्टर और एसपी पर शिकायतें न सुनने के आरोप लगाए हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करते हुए कहा है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है तथा आयोग के निर्देशों का भी पालन नहीं हो रहा। आयोग से तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की मांग की है। ▸▸पढ़ें पेज 02 भी

### गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर आयोजन



### बौद्ध विहार में मनाई गुरु पूर्णिमा



### आईईएचई में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व, गुरूओं का किया सम्मान



**गुरु मंत्र दीक्षा के कार्यक्रम हुए आयोजित, गुरुओं ने शिष्यों को दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, मंदिरों में विशेष पूजन का आयोजन**

# राजधानी में धूमधाम से मनाया गया गुरु-शिष्य परंपरा का महापर्व गुरु पूर्णिमा, पादुका पूजन कर गुरुओं का ग्रहण किया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीवन को सही दिशा में ले जाने में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गुरु शिष्य परंपरा का पर्व गुरु पूर्णिमा बुधवार को गुरु पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहर में जगह-जगह गुरु पूजा के आयोजन हुए।

गुरुकुल, आश्रमों में गुरु वंदना हुई और शिष्य सामूहिक रूप से पादुका पूजन कर आशीर्वाद लिया तो वहीं शिक्षण संस्थानों में भी गुरुपूजन हुई। मंदिरों में विशेष पूजा के साथ हवन हुए। शहर में कई स्थानों पर गुरु मंत्र दीक्षा कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान दो हजार से अधिक नए शिष्य गुरु दीक्षा ली। गायत्री शक्तिपीठ सहित अन्य स्थानों पर दीक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने का संकल्प भी शिष्यों को दिया गया। इसके अलावा जो शिष्य या उनके गुरु शहर से बाहर हैं, उन्होंने ऑनलाइन आशीर्वाद लिया।



### मां चामुंडा दरबार में मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

मां चामुंडा दरबार शाहजहांनाबाद भोपाल में 59 वां गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दरबार में रात्रि 8 से 2 बजे तक गुरू पूजा के साथ दीक्षा दी गई। इस दौरान पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी के प्रदेश व अन्य राज्यों से आए शिष्य गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया।



### गुफा मंदिर में गुरु गादी पूजन

श्री रामानंद आश्रम गुफा मंदिर धाम में गुरू पूर्णिमा महामहोत्सव पर गुफा मंदिर के महामंडलेश्वर मंहत श्री श्री 1008 रामप्रवेश दास महाराज ने सबसे पहले गुरू गादी पादुका पूजन की। पूर्व संतों की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद आश्रम के गुरूकुल के आचार्य एवं विद्यार्थी शिष्यगण मिलकर महंत जी की पूजा कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद में मंहत जी नये शिष्यों को गुरु मंत्र दीक्षा दी।

- बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर चौबदारपुरा तलैया में पादुका पूजन, गुरु दीक्षा का कार्यक्रम आयोजन किए गए।
- मां आशापुरा दरबार कोहेफिजा में गुरु पूजन, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।
- मरघटिया महावीर मंदिर शाहजहांनाबाद उदासीन आश्रम में गुरु पूजन एवं मंत्र दीक्षा समारोह हुआ।

## 51 बटुक ब्राह्मणों का जनेऊ संस्कार कराया



राजहर्ष कॉलोनी कोलार में 51 बटुकों का जनेऊ संस्कार कराया।

**भोपाल।** राजहर्ष कॉलोनी कोलार क्षेत्र में पाणिग्रही चतुर्वेदी ने संस्कृत वेद पाठशाला में गुरु पूर्णिमा पर पारंपरिक विधि विधान के साथ लगभग 51 बटुक ब्राह्मणों का जनेऊ संस्कार कराया।

**महर्षि महेश योगी संस्थान में धूमधाम से मनाया गया पर्व**

## सब उपलब्धियां गुरु कृपा सेः गिरीश महाराज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव महर्षि संस्थानों एवं महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों सहित महर्षि महेश योगी संस्थान भोपाल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष एवं महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश महाराज ने कहा कि हम प्रत्येक दिन की शुरुआत गुरु पूजन से करते हैं।

### गुरुओं से आशीर्वाद मांगा

महाराज ने महर्षि वेद विज्ञान विश्व विद्यापीठम, महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह, महर्षि किड्स होम, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, महर्षि इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट भोपाल एवं इंदौर, महर्षि विश्वविद्यालय ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी छत्तीसगढ़, महर्षि इंस्टीट्यूट ऑफ स्कूल डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग, महर्षि देरी एवं प्रशिक्षण केंद्र, महर्षि इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ साइंस, महर्षि वैदिक स्वास्थ्य केंद्र, महर्षि आनंद निकेतन, महर्षि नर्सरी, महर्षि कॉर्पोरेट डेवलपमेंट प्रोग्राम, महर्षि वेद विज्ञान प्रकाशन, महर्षि विश्व शांति आंदोलन श्री गुरु चरणों में समर्पित कर आगामी वर्ष के लिए अपने गुरुओं से आशीर्वाद मांगा।

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी में हुआ आयोजन**

## कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। इस दौरान गुरुओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गोविंद पांडे, प्राध्यापक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर, विशिष्ट अतिथि अनूप सिंह बैस, पूर्व अध्यक्ष महाविद्यालय जन भागीदारी समिति उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना की



अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थी श्रेयस गोस्वामी ने गुरु की महिमा पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया।

**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और शिक्षकों का हुआ सम्मान**

## सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुरा में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वस्तिवाचन, सरस्वती वंदना और गुरु वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र और शील्ड देकर



सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर एलके खरे, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अभिनव आर्य तथा पार्षद अशोक वाणी रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. पूनम अवस्थी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत 15 जुलाई से हिंदी भाषण, हिंदी एवं अंग्रेजी निबंध लेखन, श्लोक पाठ, गीत गायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## श्रावण मेले पर उज्जैन के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें

**भोपाल।** रेलवे द्वारा उज्जैन और सीहोर में श्रावण मास के दौरान अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए उज्जैन-भोपाल के मध्य तीन जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का प्रतिदिन निर्धारित अवधि तक करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 09305 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल आठ सित्बर तक उज्जैन से प्रतिदिन नौ बजे प्रस्थान कर उसी दिन 13.30 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09306 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल आठ सितंबर तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 14.20 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 19.30 बजे उज्जैन पहुंचेगी। यह ट्रेन तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल एवं सीहोर स्टेशनों पर ठहरेगी। वहीं गाड़ी संख्या 09307 उज्जैन-भोपाल मेला स्पेशल आठ सितंबर तक उज्जैन से प्रतिदिन 21.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 2.20 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09308 भोपाल-उज्जैन मेला स्पेशल नौ सितंबर तक भोपाल से प्रतिदिन 3.10 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 8.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहरेगी। गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-संत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल आठ सितंबर तक उज्जैन से प्रतिदिन 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.10 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09314 संत हिरदाराम नगर-उज्जैन मेला स्पेशल नौ सितंबर तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 1.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 6.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी।

**गुरु ही मनुष्य के जीवन को दिखाते हैं सही दिशा**

## एचईई योग मित्र मंडल ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एचई योग मित्र मंडल, पिपलानी (भेल) ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव योग केंद्र परिसर में श्रद्धा-भक्ति वातावरण में मनाया। मुख्य अतिथि जनमेजय शर्मा, महा प्रबंधक ने कहा कि गुरु ही मनुष्य के जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं तथा ज्ञान, संस्कार एवं आत्मविकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इस अवसर पर स्वामी आनंद धर्मा सरस्वती ने योग



साधकों को आसन, प्राणायाम, ध्यान, प्रत्याहार एवं अजपाजाप की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। महासचिव सतेन्द्र कुमार ने कहा कि योग साधकों ने श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया।

## गुरु बिना ज्ञान नहीं और ज्ञान बिना जीवन का सार नहीं

***बीएमएचआरसी में मेंटर-मेंटी कार्यक्रम का आयोजन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में गुरु पुर्णिमा के अवसर पर मेंटर-मेंटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीचर्स मेंटर का विद्यार्थियों द्वारा श्रीफल देकर सम्मान किया गया। मेंटर्स ने अपने विद्यार्थियों को आशीर्वाद के तौर पर कलम दी। इस मौके पर संस्थान की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि ये सच है कि गुरु बिना ज्ञान नहीं और ज्ञान बिना जीवन का सार नहीं। बिना गुरु के ज्ञान हासिल करना असंभव है और इस संसार में एक गुरु ही ऐसा है जो बिना किसी स्वार्थ के अपने शिष्यों की मदद करने से कभी पीछे नहीं हटता है।



कार्यक्रम में संस्थान की डीन एकेडमिक, डॉ सुरभि सहाय, मेंटर के रूप में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, पीजी, नर्सिंग व पैरामेडिकल के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद कॉलेज में आयोजन

**भोपाल।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न हुआ। भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर द्वीप प्रज्वलन के साथ महोत्सव में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्यनाटिका के साथ अपने विचार रखे। गुरुदक्षिणा नाटक में एकलव्य-गुरु द्रोणाचार्य नाटक मंचन की सराहना की गई। प्राचार्य डॉ राकेश पाण्डेय, मैनेजमेंट आयुर्वेद डॉ आर गुप्ता, डॉ नीता गिरि, डॉ अंजली बागड़े, डॉ रितेश राठौर, डॉ वैभव येवोकर, डॉ शारदास्वरूप चौहान, डॉ मधुमिता गौतम, डॉ सैलजा कस्सेटी, डॉ रितु राजपूत ने छात्रों को आशीष देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर 70 से अधिक श्रद्धालुओं ने ली दीक्षा

**24 कुंडीय यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दीं आहुतियां, लिया समयदान का संकल्प**

# गुरु दीक्षा सामान्य कर्मकांड नहीं एक अतिसूक्ष्म आध्यात्मिक प्रयोग

***बड़ी संख्या में अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, पुंसवन संस्कार कराए गए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु दीक्षा सामान्य कर्मकांड नहीं एक सूक्ष्म आध्यात्मिक प्रयोग है। इसके अंतर्गत शिष्य अपनी श्रद्धा और संकल्प के सहारे गुरु के समर्थ व्यक्तित्व के साथ जुड़ता है। दीक्षा के बाद गुरु शिष्य- परस्पर पूरक बन जाते हैं। इसे देवत्व की साझेदारी कहा जा सकता है।

यह बात देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने गायत्री शक्तिपीठ पर बड़ी संख्या में आए साधकों को गायत्री मंत्र दीक्षा प्रदान करते कही। यहां पर 70 से अधिक श्रद्धालुओं में



### वृक्ष गंगा अभियान के तहत पौधों का वितरण और रोपण

वृक्ष गंगा अभियान को और विस्तार देने के लिए साधकों को प्रसाद स्वरूप बेल, तुलसी, शमी, आंवला, हरसिंगार, गुड़हल, इलायची आदि के पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान बिजली नगर वार्ड के पार्षद अशोक वाणी (एमआईसी मेंबर) ने गायत्री माता के दर्शन के साथ-साथ रुद्राक्ष का पेड़ स्थानीय उद्यान में लगाया।

गायत्री महामंत्र की दीक्षा ली। गुरु पूर्णिमा पर गायत्री शक्तिपीठ के विभिन्न कार्यक्रमों में, प्रातः परम पूज्य गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य, मां भगवती देवी शर्मा के तात्विक प्रतीकों सजल श्रद्धा-प्रखर प्रज्ञा का षोडशोपचार पूजन किया गया। इसके बाद 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में पांच पारियों में एक हजार से अधिक याजकों ने आहुतियां दीं। यज्ञ के साथ विगत गायत्री जयंती से आरंभ हुए सवा लक्ष अनुष्ठान की पूर्णाहुति भी साधकों ने की। पर्व पूजन और संकल्प कराते हुए जोनल समन्वयक और व्यवस्थापक राजेश पटेल ने गुरूदेव के काम के लिए नियमित समयदान करने का संकल्प कराया। यज्ञ का संचालन सदानंद आंबेकर, वासुदेव डांगे और उनके पुत्रों की टोली ने संगीत की मनोहारी प्रस्तुति दी। कर्मकांड श्री कुशवाहा ने करवाया। इसी के साथ-साथ अन्य संस्कारों का क्रम भी चलता रहा जिसमें अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, पुंसवन संस्कार भी कराए गए ।

### अंगदान, गो सम्मान, साहित्य के लिए अलग काउंटर

युवा प्रकोष्ठ के युवाओं ने अंगदान, गो सम्मान के लिए प्रेरित करने पृथक काउंटर लगाए थे। साहित्य विस्तार में विनोद पाठक ने आचार्यश्री के साहित्य भंडार से कोई एक साहित्य स्थाई प्रसाद के रूप में ले जाने की प्रेरणा दी, वहीं दूसरी ओर नारी जागरण एवं आओ गणेश संस्कारवान पीढ़ी के आंदोलन से हमारी सृजनशील माता बहनों को जोड़ने मधु पाठक, शांति बारपेटे एवं बबली धाकड़ ने पृथक काउंटर लगाया था। भोजन व्यवस्था प्रभारी ओपी गुप्ता ने बताया कि गुरु प्रसादी सुबह 10:30 से प्रारंभ होकर 3 बजे तक चलती रही, जिसमें सभी परिजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक रमेश नागर ने किया। युवा प्रकोष्ठ के प्रांतीय सह समन्वयक अमर धाकड़ ने गोशाला की गतिविधियों से परिचय कराया।

**करुणाधाम में श्रद्धा के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व, 55 नए भक्तों ने लिया गुरु मंत्र**

## माता-पिता ही प्रथम गुरु उनकी आज्ञा गुरु-पूजा के समान : शाण्डिल्य महाराज

**भोपाल।** करुणाधाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। गुरुदेव सुदेश शाण्डिल्य महाराज ने 55 नए भक्तों को गुरु मंत्र दिया। आश्रम के श्री शाश्वत शाण्डिल्य ने बताया कि आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चरण-पूजन के साथ भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। गुरुदेव शाण्डिल्य महाराज ने सभी भक्तों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलवाया और समाज-सेवा के लिये प्रेरित किया। शाण्डिल्य महाराज ने कहा कि संसार में



माता-पिता ही प्रथम गुरु हैं। उनकी आज्ञा का पालन ही गुरु की पूजा के समान है। करुणाधाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व 3 दिन मनाया गया। इन 3 दिनों में ध्यान केंद्र का उद्घाटन, पुस्तक विमोचन, सामूहिक ध्यान, पौध-रोपण, विशेष सेवा सत्र, अभिषेक, गुरु गीता का पाठ, पालकी यात्रा, पादुका पूजन और हवन-पूजन हुआ।

भोपाल
गुरुवार, 30 जुलाई 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-1
वर्ष : 13, अंक : 119
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 25

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026

## साक्षी और अरुंधति सेमीफाइनल में, भारत का पदक पक्का किया




नई दिल्ली। ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय महिला मुक्केबाजों साक्षी चौधरी और अरुंधति चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीत लिए हैं। सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ही दोनों ने भारत के लिए कम से कम कांस्य पदक सुरक्षित कर लिया है। महिला 51 किग्रा वर्ग में साक्षी ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम ने पत्ती के आकार की छोटी-कच्ची सिरेमिक टाइल पर बाघ का चेहरा उकेरा

मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित

# मप्र में बाघों का कुनबा बढ़ा, नई गणना में बाघों की संख्या 1000 से अधिक होने का 'अनुमान'



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

- राज्य सरकार जनभागीदारी से प्रकृति और वन्य जीव संरक्षण के लिए संकल्पित
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन प्रबंधन के लिए वन विभाग के प्रयासों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में बाघ, चीता, घड़ियाल, हाथी और जंगली भैंसे सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। मप्र को टाइगर स्टेट का दर्जा भी हासिल हो गया है। उन्होंने कहा कि ▸▸ शेष पेज 4 पर



सीएम बाघों के संरक्षण के प्रदर्शित चित्र देखते हुए

### मुख्यमंत्री ने 'एक जन-एक पत्ती' अभियान में की भागीदारी

डॉ. यादव ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बारहसिंघा को पुनः बसाने पर केंद्रित वृत्त चित्र और कान्हा टाइगर रिजर्व में टाइगर रिवाइल्डिंग पर केंद्रित वृत्त चित्रों के टीजर रिलीज किए। मुख्यमंत्री ने राज्य वन्य प्राणी बोर्ड के पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित सदस्यों डॉ. नारायण व्यास और मोहन नागर का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने वन्य जीव सरंक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन सुरक्षा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### प्रदेश में प्रतिवर्ष आते हैं 28 लाख वन्य जीव पर्यटक

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव समिता राजौरा ने कहा कि रुस में लिए गए संकल्प के बाद वर्ष 2011 से लगातार 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जा रहा है। बाघों के संरक्षण में मप्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य सरकार सभी वन्यजीवों के संरक्षण का प्रण लेकर आगे बढ़ रही है। प्रदेश में प्रतिवर्ष 28 लाख वन्य जीव पर्यटक आते हैं, जिनमें 1 लाख विदेशी भी शामिल होते हैं। प्रदेश के ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बस और ट्रक की टक्कर 2 की मौत, 30 घायल



झांसी। झांसी-कानपुर हाईवे पर मंगलवार आधी रात पारीछा पावर प्लांट के सामने खड़े एक खराब ट्रक में स्लीपर बस पीछे से जा घुसी। हादसे में बस चालक इस्लाम बेग (35) और यात्री कन्ना (69) की मौत हो गई, 25 से 30 यात्री घायल हो गए। इनमें से 3 की हालत गंभीर है। बस प्रयागराज से विदिशा आ रही थी। बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

### माना टोल प्लाजा पर नई दरें, स्थानीय वाहनों को लाभ



भोपाल। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आगर मालवा जिले स्थित माना टोल प्लाजा के लिए टोल टैक्स की नई दरें जारी कर दी हैं। यह दरें मप्र-राजस्थान सीमा के एनएच-752बी (जीरापुर-सुसनेर व जीरापुर बाईपास) से गुजरने वाले वाहनों पर लागू होंगी। नई व्यवस्था के तहत 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय गैर-वाणिज्यिक वाहन मालिक 360 रुपए में मासिक पास बनवा सकेंगे।

### आरोपी सोनम रघुवंशी ने किया 'सरेंडर'



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बाद मेघालय के बहुचर्चित हनीमून मर्डर केस की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी ने सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उसकी जमानत रद्द करते हुए आत्मसमर्पण का आदेश दिया था। बेंच ने कहा था कि गिरफ्तारी मेमो की टाइपिंग त्रुटि जमानत का आधार नहीं बन सकती। कोर्ट ने माना कि वह जमानत की हकदार नहीं थी। छह महीने में ट्रायल पूरा न होने पर नई अर्जी लगा सकती है।

लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच 'एंटी पेपर लीक बिल' लोकसभा से पास

# राहुल: गृहमंत्री ने ही पैलेट गन चलाने की अनुमति दी | किरेन रिजिजू बोले- माफी मांगो या ऑर्डर दिखाओ

राहुल ने इडियट और अंधभक्त वाला बयान दिया। इस बयान पर इतना हंगामा हुआ कि लोकसभा स्पीकर ने संसदीय कार्यवाही से ही इन शब्दों को हटा दिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



ओम बिरला

संसद में पिछले कई दिनों से जारी हंगामे के बीच बुधवार को लोकसभा में 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' यानी एंटी पेपर लीक बिल ध्वनि मत से यह बिल पास हो गया है। सदन की कार्यवाही के दौरान सत्ताधारी एनडीए और विपक्ष में जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। इसके बाद बिल को चर्चा के लिए राज्यसभा में रखा जाएगा। पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई फायरिंग और पेलेट गन के इस्तेमाल को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर गंभीर आरोप लगाए।

अब यह विधेयक आगे की चर्चा के लिए राज्यसभा में पेश किया जाएगा



राहुल गांधी



किरेन रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोपों को झूठा बताते हुए राहुल गांधी से माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि या तो राहुल ऑर्डर दिखाएं या माफी मांगें। वहीं, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी के गृह मंत्री से जुड़े आरोपों को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सदन नियम प्रक्रियाओं से चलता है। राहुल ने कहा कि गृह मंत्री सदन में नहीं हैं। वे डरे हुए हैं। बिरला ने कहा कि संबंधित विषय के मंत्री सदन में हैं। यही नियम है। राहुल ने कहा कि सरकार से छात्रों की नाराजगी की थी। छात्रों में गुस्सा था, इसके बाद उन्होंने इडियट और अंधभक्त वाला बयान दिया। इस बयान पर इतना हंगामा हुआ कि इसे लोकसभा स्पीकर ने संसदीय कार्यवाही से ही इन शब्दों को ही हटा दिया।

### मंत्री जितेंद्र सिंह बोले न शाह भागे न कांपे

राहुल गांधी ने कहा कि छात्र अपने डर से बाहर आए। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 4 पर

### किरेन बोले- क्या मैं कह सकता हूं कि राहुल ने मर्डर किया?

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप नाम नहीं ले सकते किसी का कि उन्होंने किया है, आप जांच की मांग कर सकते हैं। इस बीच किरेन रिजिजू ने टोका और कहा कि क्या मैं ऐसा बोल सकता हूं कि राहुल गांधी ने किसी का मर्डर किया? आप माफी मांगेंगे तो सदन चलेगा, ऐसा नहीं चलेगा। आखिर क्यों बोला ऐसा आपने, आप बताओ।' स्पीकर ने कहा कि गृह मंत्री को लेकर राहुल की शब्द कार्यवाही नहीं जाएगी। ▸▸ पढ़ें पेज 07 भी

### देश के युवाओं को मूर्ख कहना दुर्भाग्यपूर्ण



जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जब इतने अहम बिल पर चर्चा हो रही हो, तो सुझाव देने के बजाय इस पर राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने जिस असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया, वह हैरान करने वाली है। मुझे हैरानी होती है कि क्या उन्हें संसदीय कामकाज के बुनियादी नियमों की भी जानकारी है। इस देश के युवाओं को, जो देश का भविष्य हैं 'मूर्ख' कहने से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है? सदन में उठाए गए एक अन्य मुद्दे पर जवाब देते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा ▸▸ शेष पेज 4 पर

सुप्रीम कोर्ट का 11 साल बाद आया फैसला

## पूर्व पीएम मनमोहन के खिलाफ बंद हुआ कोयला घोटाला केस



यह फैसला उनके निधन के दो साल आया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मनमोहन सिंह

सुप्रीम कोर्ट ने कोयला ब्लॉक आवंटन घोटाले के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को क्लीन चिट दी है। सुप्रीम कोर्ट के एक विशेष जज ने समन जारी करने के आदेश को रद कर दिया और सीबीआई द्वारा दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। यह मामला यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान ओडिशा में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को तलाबीरा-2 कोल ब्लॉक के कथित अनियमित आवंटन से जुड़ा है। उस दौरान तत्कालीन ▸▸ शेष पेज 4 पर

नीट प्रदर्शन की एफआईआर पर उठे सवाल

## भारत से दूर रूस में बैठा सदाकत भी बना आरोपी

वीडियो जारी कर बताया 25 जुलाई को भारत में था ही नहीं फिर कैसे दर्ज हो गया नाम?

एजेंसी ▸▸ पटना

बिहार में नीट पेपर लीक विरोध प्रदर्शन के बीच एक नया विवाद सामने आया है।



मो. सदाकत

किशनगंज के निवासी मोहम्मद सदाकत ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दावा किया है कि पुलिस ने उनका नाम विरोध प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर में दर्ज कर लिया है, जबकि वे पिछले चार महीनों से रूस में रह रहे हैं। सदाकत के अनुसार 25 जुलाई को बहादुरगंज में हुए ▸▸ शेष पेज 4 पर

रीवा में कांग्रेस नेता अमित वर्मा की हत्या

## शराब पार्टी में विवाद के बाद चाकू से हमला, 3 गिरफ्तार

बदमाशों की बाइक बनी अहम सुराग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रीवा



अमित वर्मा (मृतक)

कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित वर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी गुरुकरण सिंह के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय कुमार दहिया उर्फ लकी (25), आशीष कुमार दहिया उर्फ मोनू (30) और नंदलाल दहिया उर्फ अंकित (21) के रूप में हुई है। शांति विहार कॉलोनी में शराब पार्टी के दौरान हुई मामूली कहासुनी में आरोपियों ने अमित पर चाकू से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर भाग निकले थे, जो पुलिस के लिए अहम सुराग बनी। पुलिस ने चाकू और बाइक बरामद कर ली है। मृतक के पिता पीसी कोल अनूपपुर पुलिस लाइन में पदस्थ हैं और 31 जुलाई को उनकी सेवानिवृत्ति निर्धारित है। अदालत ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

कई आरोपियों को लिया हिरासत में

## राजगढ़ में चोर पकड़ने गई मप्र-उप्र पुलिस पर पथराव, 3 जवान घायल

सुबह एसपी के नेतृत्व में 6 थानों की पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

राजगढ़ जिले के बोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कड़िया गांव में चोरी के आरोपी को पकड़ने गई मप्र-उप्र पुलिस की संयुक्त टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। मंगलवार रात करीब 11 बजे हुई इस घटना में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यूपी के ललितपुर जिले की 7 सदस्यीय पुलिस टीम बोड़ा थाने के 10 पुलिसकर्मियों के साथ कड़िया गांव



में दबिश देने पहुंची थी। पुलिस जैसे ही आरोपी को हिरासत में लेने लगी, परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए हमला कर दिया। इस हमले में ललितपुर पुलिस का एक जवान मामूली ▸▸ शेष पेज 4 पर

पीतांबरा पीठ के दर्शन कर लौट रहे थे

## छग भाजपा अध्यक्ष की इनोवा ट्रक में जा घुसी

- किरण देव को एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा जाएगा
- तालबेहट में झांसी ललितपुर राजमार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



किरण देव सिंह

झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर 3 बजे एक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी इनोवा कार तालबेहट के टेकरी गांव के समीप पीछे से एक ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन में सवार प्रदेश ▸▸ शेष पेज 4 पर

ओडिशा में बाढ़ का कहर

## बारिश से 2 लाख से अधिक लोग प्रभावित, चार की मौत

बालासोर में हालात सबसे गंभीर

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

ओडिशा में बाढ़ की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। राजस्व विभाग के अनुसार, बाढ़ की वजह से अब तक 4 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के 6 जिलों के 748 गांव इस आपदा से प्रभावित हैं, जिनमें से 226 गांव पूरी तरह जलमग्न हैं।

अब तक 2 लाख 3 हजार से अधिक आबादी प्रभावित हुई है और 27,967 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बालासोर सबसे अधिक प्रभावित जिला है,




जल भराव से टाटा शोरूम डूबा

जहां 1.09 लाख लोग प्रभावित हैं और 125 राहत शिविरों में 17 हजार लोगों ने शरण ली है। भद्रक में 80 हजार और जाजपुर में 11 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण 761 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और 7,900 हेक्टेयर से अधिक फसल जलमग्न हो गई है। प्रशासन ने 212 राहत शिविर स्थापित किए हैं। जहां लोगों को ठहराया गया है।

मानसून ट्रफ सीधी-ग्वालियर से होकर छत्तीसगढ़ तक पहुंच रही

## अब बारिश का दौर और बढ़ेगा, भोपाल में मामूली रिमझिम

ग्वालियर रहली बालाघाट सहित कई जिलों में अति भारी बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। अब मानसून ट्रफ सीधी, ग्वालियर से होकर छत्तीसगढ़ तक पहुंच रही है, जिससे प्रदेश में अब बारिश का दौर और बढ़ेगा। मंगलवार से बुधवार सुबह से ग्वालियर, रहली, बालाघाट सहित कई जिलों में अति भारी बारिश हुई।

इससे यहां कुछ हालात बिगड़े रहे। कई स्थानों पर जल भराव और नदी नालों में जल स्तर बढ़ा है, जिससे आवागमन में परेशानी रही। इस बीच करेरा 115, भितरवार 97, कुंडम 80.8, परसवाड़ा 78.4, नौरोजाबाद 75.8, ▸▸ शेष पेज 4 पर



बालाघाट में नदी-नाले उफान पर

### आज यहां मध्यम से हल्की बारिश

भोपाल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां में मध्यम से तेज बारिश की उम्मीद है।

# ग्वालियर बनेगा देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब, लगभग 15 हजार करोड़ रुपए निवेश और 5 हजार रोजगार का होगा सृजन

## मुख्यमंत्री की पहल से मप्र की दूरसंचार विनिर्माण के राष्ट्रीय मानचित्र पर बनेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र उच्च प्रौद्योगिकी विनिर्माण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। संचार मंत्रालय एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के तहत ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन स्थापित किया जा रहा है। इस संबंध में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में मप्र शासन एवं दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के बीच प्रस्तावित एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

यह एमओयू परियोजना के क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रयोजन कंपनी के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगा और देश में दूरसंचार विनिर्माण के नए युग की शुरुआत करेगा।

### 12 हजार से 15 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना

इस महत्वाकांक्षी परियोजना से आगामी वर्षों में लगभग 12 हजार से 15 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है तथा लगभग 5 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इनमें से करीब 3,500 रोजगार प्रथम चरण में ही उपलब्ध होने का अनुमान है। प्रारंभिक प्रतिबद्धताओं के अनुसार प्रथम चरण में 150 से 200 एकड़ क्षेत्र में लगभग . 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। परियोजना का संचालन विशेष प्रयोजन कंपनी के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें मप्र शासन की 51 प्रतिशत तथा दूरसंचार विभाग, भारत सरकार की 49 प्रतिशत भागीदारी होगी।



### 350 एकड़ में विकसित होगा

लगभग 350 एकड़ में विकसित होने वाला यह अत्याधुनिक प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक क्लस्टर मोबाइल उपकरण, सेमीकंडक्टर तथा 5जी और 6जी अनुसंधान एवं विकास सहित दूरसंचार क्षेत्र की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही परिसर में विकसित करेगा। इस परियोजना के प्रथम चरण के लिए भारत सरकार ने 493 करोड़ रुपए का शत-प्रतिशत केंद्रीय अनुदान स्वीकृत किया है। राज्य सरकार की ओर से सडा क्षेत्र में 100 एकड़ तथा ग्वालियर आईटी पार्क में 70 एकड़, कुल 170 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

### एमएसएमई, स्टार्टअप्स, स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को विकसित होने का अवसर

यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन तथा टेलीकॉम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड जैसी राष्ट्रीय पहलों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनुसंधान से लेकर कंपोनेंट निर्माण और अंतिम उत्पाद निर्माण तक की सम्पूर्ण श्रृंखला को एकीकृत करेगी। साथ ही एमएसएमई, स्टार्टअप्स और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं को बड़े उद्योगों के साथ विकसित होने का अवसर मिलेगा, जिससे देश की दूरसंचार सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी।

### औद्योगिक निवेश स्थलों में विकसित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन

टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन को देश के सबसे आकर्षक औद्योगिक निवेश स्थलों में विकसित करने के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज भी उपलब्ध कराया गया है। इसके अंतर्गत पात्र स्थिर पूंजी निवेश पर अधिकतम 200 करोड़ रुपए तक 50 प्रतिशत पूंजी अनुदान, मेगा परियोजनाओं के लिए रोजगार सृजन सहायता, प्रत्येक नए कर्मचारी के कौशल विकास पर वित्तीय सहायता, मात्र 1 रुपए प्रीमियम पर भूमि आवंटन तथा 30 वर्षों तक नाममात्र की लीज़ दर का प्रावधान किया गया है।

## खबर संक्षेप



### कुर्की करने पहुंचे निगम दल के पास लीज धारकों ने जमा कराई राशि

**भोपाल।** नगर निगम की सख्ती के आगे लीज रेंट के बकायादार आखिरकार झुक गए। कुर्की की कार्रवाई करने पहुंचे निगम के दल के सामने ही लीजधारकों ने संयुक्त रूप से 3,56,557 रुपए की बकाया राशि जमा करा दी, जिसके बाद कुर्की की कार्रवाई निरस्त कर दी। जोन-1 के वार्ड 5 में निगम अमला दिनेश दादलानी, रवि कुमार दादलानी, लखन दादलानी तथा मेसर्स आस्था ज्वेलर्स के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए पहुंचा था। अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई शुरू होने से पहले ही संबंधित लीजधारकों ने पूरी बकाया राशि जमा कर दी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वनरक्षक संदीप को किया सम्मानित

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर आयोजित विशेष समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर इकाई के वनरक्षक संदीप कुमार तौहेल को उत्कृष्ट वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मप्र के अंतर्गत कार्यरत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स राज्य में वन्यप्राणी अपराधों की रोकथाम और अन्वेषण की शीर्ष संस्था है। पुलिस विभाग की एसटीएफ, एटीएस और सीआईडी की तर्ज पर काम करने वाली इस विशेष इकाई का कार्यक्षेत्र केवल संरक्षित क्षेत्रों (टाइगर रिजर्व व राष्ट्रीय उद्यान) तक ही सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में फैला हुआ है।

### 12 नंबर परियोजना पर विवाद, निगम आयुक्त को शिकायत

**भोपाल।** 12 नंबर बस स्टॉप क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रस्तावित परियोजना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आरटीआई एक्टीविस्ट नितिन सक्सेना द्वारा नगर निगम आयुक्त और हाउसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ के जोनल अधिकारी को भेजी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 310 एलआईजी आवासों के लिए जारी निविदा प्रक्रिया पर्यावरणीय स्वीकृति और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आवश्यक अनुमति प्राप्त होने से पहले आगे बढ़ाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि ईआईए नोटिपिफकेशन-2006 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अनुसार पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी अनिवार्य है।

### मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बाजपेई प्रांताध्यक्ष, वर्मा बने प्रमुख सलाहकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारी संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कर्मचारी संगठन का पुनर्गठन गठन किया गया, जिसमें एनपी तिवारी संरक्षक, अनिल बाजपेई प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा प्रमुख सलाहकार, रामलाल कार्यकारी अध्यक्ष, एनपी दुबे उपाध्यक्ष, राकेश बघेल महामंत्री, अर्जुन सिंह कोषाध्यक्ष, सोहन सिंह, महेंद्र सिंह सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को गजेंद्र कोठारी, हातिम अली अंसारी, संतोष मिश्रा, सुरसरी पटेल, राजू अवस्थी, आरए धारकर, आरएस रघुवंशी, एके ब्यौहार आदि ने बधाई दी है।

### ब्रिक्स सम्मेलन: शहर में 4,500 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें सुधारीं

**भोपाल।** शहर की मुख्य सड़कों पर बीते कई दिनों से बंद स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के लिए निगम ने बड़ा मेंटेनेंस ड्राइव शुरू किया है। शहर में ब्रिक्स सम्मेलन के आयोजन को देखते हुए बीते 15 दिनों में निगम की विद्युत शाखा ने विभिन्न क्षेत्रों में 4500 से अधिक स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर उन्हें फिर से चालू किया है। प्रमुख सड़कों, बाजारों और रहवासी इलाकों में खराब स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता से सुधारा जा रहा है।

## सीएम ने एक हजार प्राथमिक शिक्षकों को दिए नियुक्ति पत्र

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा, उज्जैन में खुलेगी धन्वंतरी मेडिकल यूनिवर्सिटी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

» गुरू पूर्णिमा पर उज्जैन से प्रदेश में नए शैक्षणिक युग का शुभारंभ

» उज्जैन जिले को 587.23 करोड़ के 9 विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षा, संस्कार, तकनीक और सांस्कृति चेतना के अद्भुत समन्वय का संदेश देकर कहा है कि प्रदेश में विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय भविष्य के भारत के निर्माण की आधारशिला सिद्ध होंगे। इन विद्यालयों से हम अपने लाखों विद्यार्थियों का एक सुनहरा भविष्य गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जबलपुर में एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी है। दूसरी की महती आवश्यकता महसूस हो रही है। इसलिए अब उज्जैन में ही नवीन धनवन्तरी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।

डॉ. यादव बुधवार को 'गुरू पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर उज्जैन के माधव विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित 'महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व' समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उज्जैन के लिए 587.23 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न श्रेणी के 9 बड़े विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। डॉ. यादव ने तीन वर्ष तक बोर्ड परीक्षाओं में लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 6 प्राचार्यों को सांदीपनि अलंकरण से सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग में नव नियुक्त 7500 प्राथमिक शाला शिक्षकों में से 10 शिक्षकों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने महर्षि सांदीपनि की पूजा-अर्चना की।

### कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा गीता भवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भव्य गीता भवन बनाने का संकल्प लिया है। आज उज्जैन में गीता भवन का लोकार्पण नागरिकों के लिए कई प्रकार से सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर केंद्रित 'मिशन बुनियाद' का शुभारंभ किया। यह मिशन प्रदेश के 8 जिलों के 500 शासकीय स्कूलों में चलाया जाएगा।



नवनियुक्त प्राथमिक शाला शिक्षिका को नियुक्ति पत्र देते डॉ. मोहन यादव।

### प्रदेश में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'गुरु पूर्णिमा महोत्सव' के अवसर पर प्रदेशभर में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिली है। इनमें 39 स्कूल शिक्षा विभाग और 21 जनजातीय कार्य विभाग के हैं। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण में सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण पर हमारी सरकार करीब 25 हजार 500 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों के लिए हमारे पास धन की कोई कमी नहीं है। अब निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी बड़े पैमाने पर हमारे सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश ले रहे हैं, लेकिन पहले सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ चुके विद्यार्थियों को मौका दिया जा रहा है।

### 10 हजार शिक्षकों की भर्ती का काम पूरा

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में नई भर्तियों की शुरुआत की है। विगत दो साल में पुलिस विभाग में 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग में 10 हजार शिक्षकों की भर्ती का काम पूरा हुआ है। आज 3 संभागों के लगभग 1000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये शिक्षक महर्षि सांदीपनि के वंशज के रूप में जाने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शासकीय विद्यालयों के ऐसे प्राचार्यों को, जिन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में तीन साल तक शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है, उन्हें सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ऐसे सभी स्कूलों के प्राचार्यों को 1 लाख रुपए की सम्मान राशि और प्राध्यापकों के साथ स्कूल में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ दीपोत्सव

# 1313 मंडलों के 21 हजार स्थानों पर एक साथ जलाए गए दीपक



भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपोत्सव में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपोत्सव आयोजित किया गया।

इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति एवं अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एड. रामस्वरूप शुक्रवारे सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्जवलित किए। प्रदेश कार्यालय सहित पूरे मध्यप्रदेश के 62 संगठनात्मक जिलों, 1313 मंडलों के लगभग 21 हजार स्थानों पर एक साथ दीप प्रज्ज्वलित कर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज को नमन किया गया।

### समरसता, समानता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया

अभियान के अंतर्गत जिन स्थानों पर संत गुरु रविदास महाराज के मंदिर हैं, वहां विशेष रूप से दीप प्रज्वलन किए गए। वहीं, जिन क्षेत्रों में मंदिर उपलब्ध नहीं हैं, वहां सार्वजनिक स्थलों पर संत रविदास महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समरसता, समानता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता कर समाज में एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## उत्तर प्रदेश में कार्यरत मध्य प्रदेश के मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ आदेश का कड़ाई से पालन होगा

दतिया विधानसभा उप चुनाव के तहत 30 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए उत्तर प्रदेश में आजीविका के संबंध में कार्यरत मध्यप्रदेश के मतदाताओं को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। यह अवकाश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकृत किया है। आदेश मध्यप्रदेश के उन सभी मतदाताओं पर लागू होगा, जो उत्तरप्रदेश में दैनिक श्रमिक सहित अन्य रोजगार के माध्यम से कार्यरत हैं और दतिया विधानसभा उप निर्वाचन में मतदान करने के पात्र हैं। साथ ही सभी नियंत्रक प्राधिकारियों एवं कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित मतदाताओं को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने संबंधी आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे वे अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं सुगमता से उपयोग कर सकें। उत्तर प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश प्रसारित किए हैं। झांसी तथा ललितपुर के जिला अधिकारी को पालन के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

## चार श्रम संहिताओं के अंतिम मसौदा प्रस्तुत करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई चार श्रम संहिताओं के अंतर्गत मप्र शासन, श्रम विभाग की ओर से समुचित सरकार के रूप में चार राज्य नियमों को लागू किया जाना है। श्रम विभाग की ओर से मप्र वेतन संहिता नियम 2026, मप्र औद्योगिक संबंध नियम 2026, मप्र सामाजिक सुरक्षा नियम 2026 और मप्र उपजीविका जन्य, सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा नियम 2026 राज्य नियमों के प्रारूपतैयार किए गए हैं।

27 जुलाई 2026 को आयोजित वरिष्ठ सचिव समिति की ओर से उपरोक्त प्रारूप नियमों का सूक्ष्मता से परीक्षण एवं अध्ययन करने के लिये एवं नियमों को अंतिम मसौदा प्रस्तुत करने के लिए राज्य शासन की ओर से तीन सदस्यीय समिति का गठन अमित राठौर प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर की अध्यक्षता में किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में जॉन किंग्सली सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन को सदस्य बनाया गया है। रघुराज राजेन्द्रन सचिव श्रम को सदस्य-सचिव नामित किया गया है। समिति के समक्ष श्रम विभाग की ओर से तैयार किए गए प्रारूप नियमों पर श्रमायुक्त की ओर से प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

## स्टेट लेवल सैंक्शनिंग कमेटी का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना के तहत स्टेट लेवल सैंक्शनिंग कमेटी का कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में पुनर्गठन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में संशोधित आदेश जारी किया है।

आदेश में उल्लेख है कि भारत सरकार की योजना/ राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) अंतर्गत कृषि उपज मंडी समितियों को सम्मिलित किए जाने की कार्रवाई के संबंध में भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रसारित गाइडलाइन्स अनुसार प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों को राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) योजना में सम्मिलित किए जाने के लिए प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए स्टेट लेवल सैंक्शनिंग कमेटी का पुनर्गठन किया है।

### समिति में यह होंगे शामिल

समिति में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास, वित्त और डॉ. एसके सिंह, उप कृषि विपणन सलाहकार, मंडी विकास एवं सुधार प्रकोष्ठ, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा नामित सदस्य होंगे। प्रबंध संचालक, मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड को सदस्य-सचिव नामित किया गया है। संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास को आवश्यकता अनुसार विशेष आमंत्रित किए जा सकेंगे। यह समिति स्थाई है, जो राष्ट्रीय बाजार (ई-नाम) परियोजना के प्रचलन में होने तक कार्यरत रहेगी। समिति के कार्य के अंतर्गत प्रदेश की मंडियों को राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) परियोजना में सम्मिलित किए जाने के संबंध में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड से प्राप्त प्रस्तावों (डीपीआर) का परीक्षण, स्वीकृति तथा अनुशंसा सहित अपर सचिव (विपणन), कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रेषित करने संबंधी कार्य करेगी। समिति द्वारा निजी संग्रहण/क्रय केन्द्र, डीम्ड मंडी प्रांगण, यदि कोई हो तो के द्वारा राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) परियोजना के पोर्टल का उपयोग करने, प्रस्तुत प्रस्तावों पर स्वीकृति संबंधी कार्य कर सकेगी।

## 233 क्रिटिकल एवं 28 बल्नरेबल मतदान केंद्र शामिल

पर्याप्त पुलिस बल के साथ व्यवस्थाएं की चाक-चौबंद

# मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी... 36 सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए आज तीस जुलाई को मतदान किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष शांति पूर्ण मतदान की सभी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। सभी मतदान दल अपने गंतव्य तक पहुंच गए हैं। मतदान केंद्रों सहित समूचे विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाते हुए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। मतदान केंद्र के अंदर एवं परिसर में वेब कास्ट हेतु कैमरे लगाए गए हैं। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने कहा है कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने समस्त मतदाताओ से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। दतिया विधानसभा के 291 मतदाता केन्द्रों पर कुल 2 लाख 20 हजार 410 मतदाता जिसमें 1 लाख 16 हजार 116 पुरूष, 1 लाख 4 हजार 284 महिला एवं अन्य 10 मतदाता 30 जुलाई 2026 मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दतिया में 291 मतदान केन्द्रों में 185 ग्रामीण मतदान केन्द्र एवं 106 शहरी मतदान केन्द्र शामिल है। जिसमें 233 क्रिटिकल एवं 28 बल्नरेबल मतदान केन्द्र शामिल है। सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र को 36 सेक्टरों में बांटकर 36 सेक्टर ऑफीसर नियुक्त किए गए है। दतिया में एक पिंक मतदान केन्द्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कक्ष क्रमांक 2 में एवं एक आदर्श मतदान केन्द्र नवीन खनिज कार्यालय दतिया में स्थापित किया गया है।




### बॉर्डर पर बनाए गए 12 अंतरराज्यीय नाके

दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप एवं व्हीलचेयर व्यवस्था युक्त मतदान केन्द्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के कक्ष क्रमांक 3 में बनाया गया है। मतदान के दौरान 1280 मतदान कर्मी एवं 215 माइक्रो आब्जर्वर निष्पक्ष मतदान कराने में तैनात रहेंगे। दतिया के बॉर्डर पर 12 अंतरराज्यीय नाके स्थापित किए गए है। जिन पर 24 घंटे पुलिस एवं प्रशासन तैनात है। प्रत्येक आने- जाने वाले वाहनों की चैकिंग की जा रही है। मतदान के दौरान या मतदान से पूर्व किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित है, जिसमें 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम का नम्बर 8305199022 रखा गया है।

## मक्षेविविकं का संपर्क अभियान 2026

# 1 लाख 66 हजार 643 बिजली शिकायतों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान कराने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 14 मई से प्रारंभ हुए संपर्क अभियान के अंतर्गत भोपाल एवं ग्वालियर रीजन के 16 जिलों में अब तक 3721 विशेष शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1 लाख 66 हजार 643 उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

भोपाल रीजन के वृत्तों में लगे शिविर भोपाल रीजन के अंतर्गत शहर वृत्त भोपाल में 274 शिविरों में 17,078 शिकायतों का निराकरण किया गया। बैतूल वृत्त में 329 शिविरों में 18,912 शिकायतों का निराकरण, भोपाल (ओ एंड एम) वृत्त में 189 शिविरों में 6,236 शिकायतों का निराकरण, हरदा वृत्त में 99 शिविरों में 14,469 शिकायतों का निराकरण, नर्मदापुरम वृत्त में 250 शिविरों में 21,098 शिकायतों का निराकरण, रायसेन वृत्त में 190 शिविरों में 13,392 शिकायतों का निराकरण, राजगढ़ वृत्त में 270 शिविरों में 3,717 शिकायतों का निराकरण, सीहोर वृत्त में 240 शिविरों में 5,955 शिकायतों का निराकरण तथा विदिशा वृत्त में 153 शिविरों में 8,627 शिकायतों का निराकरण किया गया।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 जुलाई 2026



होशंगाबाद रोड की कॉलोनियों के लाखों लोग दो दिन रहे घरों में कैद

# शहर की सड़कों पर किसान, थम गया भोपाल
# होशंगाबाद रोड से सीएम हाउस तक लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसान आंदोलन से राजधानी भोपाल थम सा गया है। होशंगाबाद रोड से लेकर सीएम हाउस तक 22 घंटे से जाम से शहरवासी परेशान रहा। पहले होशंगाबाद रोड और उससे जुड़ी 200 कॉलोनियों के लाखों लोग एक ही जगह पर फंसे रहे। फिर न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहा, पॉलीटेक्निक कॉलेज समेत कई इलाकों में हजारों गाड़ियां फंसी रहीं। पुलिस का नेटवर्क सिस्टम फेल हो गया। पुलिस किसानों को शहर में आने से नहीं रोक पाई। हजारों किसान मूंग खरीदी, ई-टोकन सिस्टम रद्द करने समेत तीन मांगों को लेकर आंदोलन करते रहे। वे बुधवार सुबह तक होशंगाबाद रोड पर डटे रहे थे।

इस वजह से सड़कें जाम रहीं और लाखों लोग परेशान होते रहे। होशंगाबाद रोड दोपहर बाद खुला तो शहरी क्षेत्र में किसान डटकर सड़क पर ही बैठ गए हैं। इससे आम लोगों की मुसीबत बढ़ गई हैं। एमपी नगर, लिंक रोड नंबर-1, न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहा से होते हुए पॉलीटेक्निक चौराहे की हजारों गाड़ियां जाम में फंसी रहीं। पुलिस ने पॉलीटेक्निक चौराहे से ट्रैफिक डायवर्ट किया था, लेकिन गाड़ियां जाम में फंस रहीं।

होशंगाबाद से लेकर न्यू मार्केट, रोशनपुरा चौराहा, पॉलीटेक्निक समेत फंसे रहे थे हजारों वाहन

किसानों का प्रदर्शन थमते ही खोल दिए गए सभी बंद रास्ते, लोगों ने ली राहत की सांस



सावरकर सेतु से रोशनपुरा चौराहे तक पहुंचे हजारों किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया।

### रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पा रहे थे

विद्या नगर कॉलोनी राहुल चौबे ने बताया कि चौबीस घंटे से कॉलोनी के लोग घर में कैद हैं। गेहूं पिसवाने और दूध लेने जैसे रोजमर्रा के काम भी नहीं हो पा रहे थे। वहीं उनका बेटा रात की ड्यूटी से अब तक घर नहीं लौटा है। रहवासी आशीष शुक्ला ने कहा कि बीमार लोग डॉक्टर तक नहीं पहुंच पा रहे थे।


प्रदर्शन खत्म होने के बाद बसों से अपने घर की ओर जाते किसान।

## एसीपी मोनिका ने दिखाया साहस, बस के सामने आकर रोक लिए थे प्रदर्शनकारी

मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन बुधवार शाम और उग्र हो गया था। प्रदर्शनकारी सीएसआईआर-एम्प्री के पास पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए रोशनपुरा चौराहे तक मार्च किया। इस दौरान पुलिस बेबस नजर आई। दरअसल, पुलिस ने केवल समझाइश ही दी। हल्का बल प्रयोग किया, लेकिन लाठी चार्ज नहीं किया। लिहाजा राजधानी के कई हिस्सों में एक बार फिर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गया।




### बैरिकेडिंग तोड़ी, बसों पर चढ़े

शाम करीब सवा 4 बजे बजे सैकड़ों किसानों ने सावरकर सेतु के पास लगाई गई बैरिकेडिंग तोड़ दी थी। इसके बाद सड़क पर बैरिकेड के रूप में खड़ी की गई पुलिस की बसों पर चढ़ गए और उन्हें धक्का देकर रास्ता बनाया। किसान सावरकर सेतु और लिंक रोड नंबर-1 होते हुए रोशनपुरा तक पहुंच गए। जब वे बसों को हटाने का प्रयास कर रहे थे, तभी एसीपी मोनिका शुक्ला बस के सामने खड़ी हो गईं। महिला अधिकारी का साहस देख प्रदर्शनकारियों ने बस को छोड़ दिया और आगे की बैरिकेडिंग की ओर बढ़ गए। पुलिस ने किसानों को बाणगंगा चौराहे के पास रोक दिया, ताकि वे मुख्यमंत्री निवास की ओर नहीं बढ़ सकें।

### अर्धनग्न प्रदर्शन कमीज और बनियान उतारी

मांगें पूरी नहीं होने से नाराज किसानों ने अर्धनग्न होकर अपनी कमीज और बनियान उतार दी। किसानों ने कहा मांगों के पूरा नहीं होने के विरोध में उन्होंने यह अनोखा प्रदर्शन किया और सरकार से जल्द मांगें पूरी करने की अपील की।

### धरना-प्रदर्शन स्थल पर निगम की पांच दमकलें रहीं तैनात




भोपाल। शहर में चल रहे किसानों के धरना-प्रदर्शन स्थल पर नगर निगम ने पांच दमकलें तैनात की थीं। यहां 20 कर्मचारियों की ड्यूटी अलग-अलग शिफ्टों में लगाई गई, जबकि 5 अतिरिक्त दमकलों को रिजर्व रखा गया था। निगम के फायर अधिकारी सौरभ पटेल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से दमकलें और कर्मचारी तैनात रहीं। निगम का फायर अमला अलर्ट मोड पर रहा। उन्होंने धरना-प्रदर्शन स्थल पर नजर बनाए रखी।

### हाईवे पर दिनभर लगा जाम, डायवर्ट हुए वाहन

नर्मदापुरम-भोपाल हाईवे पर धरना और बैरिकेडिंग से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी। मुख्य मार्ग बंद होने से सारा दबाव भीतरी रास्तों पर आ गया। मिसरोद और होशंगाबाद रोड की कॉलोनियों के साथ बावड़िया ब्रिज पर दिनभर वाहनों की कतारें लगी रही।


बावड़िया ब्रिज पर दिनभरं फंसे रहे सैकड़ों वाहन।

## रातभर बैठे रहे किसान, कई बार बनी तनाव की स्थिति

भोपाल। राजधानी के नर्मदापुरम रोड पर काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च के सामने मंगलवार देर रात तक पुलिस द्वारा चार परत में बेरिकेडिंग कर रोके गए किसान रातभर बड़ी संख्या में यहां बैठे रहे। वहीं, कई किसान रात में चले गए थे, जो सुबह 11 बजे के बाद लौट आए। जिसके बाद किसान बुधवार सुबह दोगुने उत्साह में नजर आए। दोपहर तक किसानों की संख्या भी बढ़ती गई और इसके साथ ही आंदोलन उग्र हो गया था। मुख्यमंत्री निवास की ओर बढ़ने के लिए किसानों ने नारेबाजी शुरू की और इस दौरान पुलिस व किसानों के बीच झड़प भी हुई। किसानों को मुख्यमंत्री आवास जाने से रोकने होशंगाबाद रोड पर चार लेयर में बैरिकेडिंग की गई थी। तीन जगहों पर बसें खड़ी की गई थी, जबकि एक स्थान पर बैरिकेड लगाए गए थे, लेकिन इस सब को पार करते हुए किसान आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे। आंदोलन में महिलाएं भी शामिल रहीं। वहीं जेन-जी की भी किसान आंदोलन में एंट्री नजर आई। इस दौरान जेन-जी वर्ग के युवाओं ने भी भागीदारी की। वह प्रदर्शन में शामिल होकर तख्तियों और पोस्टरों के साथ नजर आए। किसान बैरिकेडिंग पर चढ़ गए, पुलिस ने समझाइश देकर किसानों को नीचे उतार दिया और उन्हें आगे बढ़ने से रोका। इसके बाद सभी किसान बैरिकेडिंग के पास ही बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मौके पर पुलिस और किसानों के बीच कई बार तनाव की स्थिति बनी। हालांकि कुछ देर बात किसान फिर उग्र हुए और बेरिकेडिंग को तोड़ते हुए बसों व अन्य पर चढ़ गए और आगे बढ़े। जिसके बाद किसान बोर्ड आफिस चौराहे होते हुए सीएम हाउस की तरफ लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं। किसानों को कहीं पर भी पुलिस रोक नहीं पाई।

### किसानों ने लगाई दौड़, पुलिसकर्मी भी उनके पीछे दौड़े



शाम को बंसल वन पर जैसे ही किसान पहुंचे, तो पुलिसकर्मी भी किसानों के पीछे दौड़ने लगे। हालांकि उन्होंने किसानों को रोकने की जबरदस्ती नहीं की। किसानों के बोर्ड ऑफिस तरफ आने से यहां की सड़कों को बंद करना पड़ा, जिससे यहां भी जाम के हालात बन गए।

**पुलिस कमिश्नर संजय कुमार से हुई चर्चा, बात नहीं बनी**

इस दौरान किसानों के प्रतिनिधिमंडल से पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने चर्चा की। किसानों ने अपनी मांगों और आंदोलन से जुड़े मुद्दों को पुलिस प्रशासन के सामने रखा। पुलिस कमिश्नर ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी। साथ ही शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए बातचीत के जरिए समाधान निकालने पर जोर दिया। हालांकि इस चर्चा से बात नहीं बनी।

### मूलभूत सुविधाएं हटाने के लगाए आरोप

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने इस दौरान वहां मौजूद मूलभूत सुविधाएं हटाने के भी आरोप लगाए। किसानों ने कहा कि उनका मनोबल तोड़ने के लिए प्रदर्शन स्थल से मूलभूत सुविधाएं हटा दी गई थीं। उनका कहना है कि शौचालय से लेकर पानी के टैंकर तक हटा दिए गए। इसके साथ ही किसानों को सावरकर सेतु के आसपास जाने, खड़े होने से भी रोका गया।



किसानों के प्रदर्शन में युवा भी आए और उन्होंने बैनर लेकर प्रदर्शन किया।

### सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया हवन, बनाई बाटियां

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए सड़क पर ही हवन किया था। प्रदर्शन स्थल पर कई किसान ऐसे थे, जो रातभर नहीं सो पाए थे, वे थकान के कारण सड़क पर और जहां जगह मिली वहीं नींद लेते नजर आए। किसान दोपहर के भोजन की तैयारी में जुटे और सड़क पर ही बाटियां बनाईं। नर्मदापुरम रोड पर आसपास के रहवासी और बीयू के विद्यार्थी परेशान होते नजर आए। बावड़ियाकलां, सुरेंद्र पैलेस, दानिश, बाग मुगालिया, बाग सेवनिया, कटारा और मिसरोद के साथ करीब 250 कॉलोनियों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कांग्रेस कार्यालय में स्वागत, करणी सेना ने पहुंचाया भोजन-पानी

प्रदर्शनकारी किसान जब कांग्रेस कार्यालय के सामने पहुंचे तो उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता स्वागत के लिए फूल और पानी की बोतल लेकर खड़े नजर आए। जब किसान वहां पहुंचे तो उनका सम्मान किया गया। वहीं करणी सेना के सदस्य किसानों के लिए खाने के पैकेट लेकर पहुंचे। कुछ संगठनों ने केले और कुछ ने पानी की बोतले किसानों में बांटी। दूसरी ओर बुधवार सुबह से ही स्कूली वाहनों के साथ ही अन्य वाहन भी सड़क पर नहीं आ पाए। ऐसे में जिला प्रशासन ने तत्काल स्कूलों में अवकाश का निर्णय लिया। प्रभावित क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। हालांकि गुरुवार को अवकाश को लेकर देर रात तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी।

### पटवारी, कमलनाथ, उमंग ने भी किया आंदोलन का समर्थन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने शत प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग को लेकर आंदोलनकारियों किसानों का समर्थन किया है। पटवारी ने कहा कि नर्मदापुरम के बरखेड़ा से प्रारंभ हुई किसान क्रांति पैदल यात्रा का भोपाल पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश का किसान भाजपा सरकार की नीतियों से गहरे आक्रोश में है। हजारों किसान अपनी जायज़ मांगों को लेकर राजधानी की सड़कों पर डटे हुए हैं, लेकिन सरकार उनकी बात सुनने के बजाय मौन धारण किए बैठी है।

### राजधानी की सड़कों पर किसानों से ज्यादा पुलिसकर्मी रहे तैनात

किसानों के सीएम हाउस कूच करने की संभावना को देखते हुए सावरकर सेतु के नीचे और ऊपर करीब दो हजार पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। बावजूद इसके पुलिसकर्मियों के सामने किसान अंडरब्रिज से होते हुए एमपी नगर आ गए। यहां से वह रोशनपुरा और बाणगंगा चौराहे तक पहुंच गए। इधर बाणगंगा चौराहे पर भी छह सौ से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया ।

### संभाग कमिश्नर और एडीएम ने संभाला मोर्चा

किसानों की मांगों को लेकर संभाग कमिश्नर कर्मवीर शर्मा, एडीएम सुमित पांडे, कोलार एसडीएम पीसी पांडे सहित राजस्व अफसर पूरे समय मौजूद रहे। सरकार से मांगों को लेकर किसान प्रतिनिधियों से चर्चा चलती रही, हालांकि शासन स्तर की मांग होने की वजह से अफसरों ने सरकार और किसानों के बीच सेतु का काम किया।



## जैकेट का शेष...

### श्री दादाजी धूनीवाले ...

(बड़े दादाजी) ने वर्ष 1930 में यहां निर्वाण प्राप्त किया था। आश्रम परिसर में लगभग एक शताब्दी से प्रज्वलित अखंड धूनी श्रद्धालुओं की विशेष आस्था का केंद्र है, जिसे नर्मदा स्वरूप माना जाता है। भक्त अखंड धूनी में आहुति देकर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं।

### बागेश्वर धाम में ...

और अपने पूज्य गुरु सन्यासी बाबा के समाधि स्थल पर पादुका पूजन एवं आरती के साथ हुई। महोत्सव का मुख्य आकर्षण प्रेतराज वृक्ष के समीप स्थापित हनुमान जी के अष्ट वीरों की तांत्रिक शिला रही, जिसे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया गया है। इस शिला में महाबली हनुमान और उनके भ्राताओं सहित आठ देव वीरों का स्थान है। मान्यता है कि इसके दर्शन से नकारात्मक ऊर्जा से पीड़ित लोगों को तुरंत राहत और शांति मिलती है।

### मूंग का 25 नहीं, अब 60 ...

गया। समिति के सदस्य कृषि मंत्री कंषाना, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से बात की। सरकार ने इसमें पक्ष रखा कि पिछले साल का ही करीब 3 लाख मीट्रिक टन मूंग अभी भी डंप है। इससे सरकार को काफी क्षति हो रही है। बावजूद इसके, सरकार किसानों का हरसंभव मूंग खरीदेगी। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। केंद्र सरकार को खरीदी लक्ष्य की मात्रा और अधिक बढ़ाने की मांग की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण वर्ष में सभी अन्नदाता बंधुओं के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार सदैव किसानों के सकारात्मक सुझावों के साथ है। हम संवाद के माध्यम से सभी समस्याओं का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम किसानों और आम नागरिकों की बेहतरी के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। जनता को कष्ट न हो इसकी चिंता सभी को करना चाहिए। इससे पहले पुलिस ने किसानों को पहले नर्मदापुरम रोड पर वीर सावरकर सेतु के पास रोक लिया था। किसान रात भर वहीं रूके रहे, किंतु दोपहर बाद करीब चार बजे किसान बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़ते हुए न्यू मार्केट तक पहुंच गए। वहां रोशनपुरा चौराहा जाम कर दिया। किसान मुख्यमंत्री आवास तक जाने की जिद पर अड़े हुए थे। बुधवार शाम को राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के प्रमुख शिवकुमार शर्मा (कक्काजी) ने मीडिया से कहा था कि यह अकेला मूंग का विषय नहीं है, इसके अतिरिक्त अन्य फसल को लेकर भी किसान परेशान है। मूंग में लागत ज्यादा आती है। सरकार जरा सी ही उपज खरीद रही है। जबकि सरकार को मिलकर इसका समाधान निकालना चाहिए। अधिकारियों को मूंग को जहर बताने जैसे बयान नहीं देना चाहिए। अगर समाधान नहीं होगा, तो हम गुरुवार को सबसे पहले खलघाट पर ब्लाक कर देंगे। प्रदेशव्यापी सत्याग्रह किया जाएगा

**पुलिस को चकमा देकर सीएम हाउस के नजदीक पहुंच गए थे किसान:** बुधवार शाम साढ़े चार बजे अचानक हजारों किसानों ने आरकेएमपी साइट लगी थ्री लेयर बैरिकेडिंग को हटाना शुरु कर दिया। पुलिस अफसर इसके पहले कुछ समझ पाते, किसानों ने हबीबगंज अंडरब्रिज की तरफ दौड़ लगा दी। जबकि पुलिस ने सावरकर सेतु के ऊपरी हिस्से में बैरिकेडिंग कर पुलिस जवान तैनात किए थे। ऐसे में पुलिस को चकमा देकर किसान बंसल वन आ गए, यहां से वह लिंक रोड होते हुए बाणगंगा चौराहे तक पहुंच गए। इस दौरान किसानों और पुलिस जवानों के बीच झूमाझटकी भी हुई, जिससे कई किसानों के कपड़े फट गए। किसानों ने रोशनपुरा चौराहा जाम कर दिया। भोपाल यातायात पुलिस ने बुधवार को नई ट्रैफिक एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की थी।

### सरकार का फैसला ...

मूंग के उपार्जन के लिए मप्र को 4.52 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। भारत सरकार की योजना के तहत राज्य के कुल उत्पादन का अधिकतम 25 प्रतिशत उपार्जन किए जाने का प्रावधान है। बुधवार को किसान प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा के उपरांत, किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए मप्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रत्येक पात्र किसान से उसकी मूंग उपज का 25 प्रतिशत नहीं, बल्कि 60 प्रतिशत उपार्जन किया जाएगा, जो नर्मदापुरम, सीहोर एवं हरदा जैसे जिलों में लगभग 3 क्विंटल प्रति एकड़ आता है। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा और हमारा प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्लॉट बुकिंग की अवधि भी 10 दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब किसान 30 जुलाई के स्थान पर 10 अगस्त तक स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे। इसी प्रकार उपार्जन की अंतिम तिथि भी 10 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त की जा रही है।

### देश में सबसे अधिक ...

2025-26 में 4.54 लाख मीट्रिक टन मूंग खरीदी की अनुमति दी गई। केंद्र सरकार के अनुसार 29 जुलाई तक प्रदेश में केवल करीब 60 हजार मीट्रिक टन मूंग की खरीदी हुई है। किसानों के हितों को देखते हुए केंद्र ने राज्य सरकार से खरीदी प्रक्रिया में तेजी लाकर स्वीकृत मात्रा का शीघ्र उपार्जन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### मुस्लिम पक्ष की ...

के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा-आप अहमदी को वैकल्पिक स्थल का विवरण क्यों नहीं देते?

### कलेक्टर ने कहा ...

अहमदी ने प्रस्तावित स्थान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह अनुपयुक्त और बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि भोजशाला स्थल के पास एक दरगाह है, और उसके सामने जमीन है जिसे आवंटित किया जा सकता है।

### शरीर पर गहरे चोटों के ...

दूसरे बाघ के साथ हुए आपसी संघर्ष (टेरिटोरियल फाइट) में उसकी जान चली गई। घटना की सूचना पर मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) गौरव चौधरी और कान्हा से आई तीन सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निर्धारित प्रोटोकॉल और स्थानीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सोनेवानी कंजर्वेशन रिजर्व में बीते एक साल के भीतर बाघ की यह दूसरी मौत है। लगातार हो रही इन घटनाओं ने वन विभाग की निगरानी व्यवस्था और वन्यजीव संरक्षण प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### दतिया उप चुनाव के लिए ...

एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों और संबंधित गांवों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान पहुंच चुके हैं। मतदान से पहले हर गांव में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा, ताकि मतदाताओं में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बने और निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जा सके। दतिया में तीन दलों भाजपा के आशुतोष तिवारी, कांग्रेस के घनश्याम सिंह और आजाद समाज पार्टी के दामोदर यादव के बीच कड़ी टक्कर के आसार हैं।

### दतिया की तरक्की के ...

विधानसभा क्षेत्र के भाई-बहन, माताएं, युवा, वरिष्ठजन एवं नवमतदाता पूरे उत्साह, जागरूकता व जिम्मेदारी के साथ मतदान कर लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करेंगे। खंडेलवाल ने कहा कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी लोभ, लालच, भय और दबाव के निर्धारित समय पर अपने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। आपका प्रत्येक वोट दतिया के विकास, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि दतिया की जागरूक जनता समृद्ध दतिया के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा के पक्ष में प्रचंड मतदान करेगी।

## पेज एक का शेष...

### साक्षी और अरुंधति ....

चौधरी ने उत्तरी आयरलैंड की कैटलिन फ्रायर्स को एकतरफा अंदाज में 5-0 से मात दी। उनके अलावा अरुंधति चौधरी ने भी जीत दर्ज की। इससे पहले प्रीति पवार, प्रिया घंघास, जादुमणि सिंह और लवलीना बोरगोहेन भी भारत के लिए पदक पक्के कर चुके हैं।

### मप्र में बाघों ...

प्रदेश में 53 साल पहले बाघों की संख्या दहाई के आंकड़े में सिमटी हुई थी। वर्ष 2016 में बाघों की संख्या लगभग 250 हो गई। वर्ष 2022 की गणना में प्रदेश में 785 बाघ हो गए। अगले साल नई गणना में बाघों की संख्या 1000 से अधिक होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति और सभी वन्यजीवों के प्रति उदारता की भाव समाहित है। हमारे देवी-देवताओं के वाहन भी अलग-अलग जीवों से जुड़ते हैं। जंगल का राजा बाघ शक्ति की देवी मां दुर्गा का वाहन है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्ती के आकार की छोटी-कच्ची सिरेमिक टाइल पर बाघ का चेहरा उकेरा। इस प्रकार की टाइल को पकाकर विभिन्न रंगों में विकसित किया जाता है। इन्हीं टाइलों से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के हिनोती पर्यटन द्वार को सजाया जाएगा। यह गतिविधि जनभागीदारी से वन और वन्य जीवन संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगी। मुख्यमंत्री को पेंच टाइगर रिजर्व के कलाकारों ने कढाईदार शॉल भेंट किया।

### मुख्यमंत्री ने 'एक....

समितियों, ईको विकास समिति, ग्राम वन समिति और वन कर्मियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की ओर से जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किए गए 'एक जन-एक पत्ती - जनभागीदारी, संरक्षण की शक्ति' अभियान में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबल एशिया में सबसे स्वच्छ जल की नदी है। यहां घड़ियाल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। कूनो क्षेत्र की नदियों में भी घड़ियाल छोड़े गए हैं। मप्र में 100 वर्ष पहले विलुप्त हो चुके जंगली भैंसे का पुनर्वसाहट का काम सफलतापूर्वक किया गया है।

### प्रदेश में प्रतिवर्ष ...

सभी 9 टाइगर रिजर्व्स में वर्तमान में बाघ संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### मंत्री जितेंद्र सिंह बोले ...

सवाल पूछे। इस देश के कथित गृह मंत्री में सदन में आकर बैठने का साहस नहीं है। मैंने गृह मंत्री की भागती हुई कार देखी है। वह कांप रहे थे। गृह मंत्री नहीं है यहां (सदन में), क्योंकि वो डरे हुए हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि न तो शाह के काफिले में 30 कारें हैं। न वे कहीं भाग रहे थे। न कांप रहे थे। गोली चलाने का आदेश मजिस्ट्रेट देता है। गृहमंत्री नहीं।

### देश के युवाओं ...

कि जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है, उसमें गोली नहीं चलाई गई थी, बल्कि केवल आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा, बार-बार स्पष्ट किया गया है कि कोई गोली नहीं चली। जब गोली चली ही नहीं, तो गोली चलाने के आदेश का सवाल ही नहीं उठता। इस तरह का आदेश देने का अधिकार मंत्री के पास नहीं, बल्कि मजिस्ट्रेट के पास होता है।

### पूर्व पीएम मनमोहन ...

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पास कोयला मंत्रालय का प्रभार भी था। दिल्ली की एक ट्रायल कोर्ट ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के बावजूद 2015 में मनमोहन सिंह को आरोपी के तौर पर समन भेजा था। कोर्ट का मानना था कि मनमोहन सिंह, उद्योगपति कुमार मंगलम बिरला, पूर्व कोयला सचिव पीसी पारख और अन्य के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ने के लिए सबूत मौजूद थे। मनमोहन सिंह ने उस दौरान सुप्रीम कोर्ट में समन को चुनौती दी और तर्क दिया कि जांच एजेंसी को मुकदमा चलाने लायक कोई मामला नहीं मिलने के बावजूद ट्रायल कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लेकर गलती कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अप्रैल 2015 में ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी, जिससे मनमोहन सिंह को मुकदमे का सामना नहीं करना पड़ा। अदालत में यह अपील एक दशक से अधिक समय तक लंबित रही और दिसंबर 2024 में मनमोहन सिंह के निधन के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले को निष्फल मानकर निपटा दिया है, जिससे पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्यवाही समाप्त हो गई है। मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर 2024 को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था और नई दिल्ली में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया था।

### भारत से दूर ....

प्रदर्शन के दौरान वह भारत में मौजूद ही नहीं थे। उन्होंने सवाल उठाया कि विदेश में रहने के बावजूद उनका नाम आरोपी के रूप में कैसे शामिल किया गया? उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और एफआईआर से नाम हटाने की मांग की है। इस संबंध में किशनगंज के एसपी हरि मोहन शुक्ला ने दावे की पुष्टि या खंडन न करते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, बिहार सरकार ने घोषणा की है कि 26 जुलाई की सुबह तक प्रदर्शनों से जुड़े दर्ज सभी मामलों को वापस लिया जाएगा और गिरफ्तार लोगों को रिहा किया जाएगा।

### राजगढ़ में चोर ...

रूप से घायल हुआ, जबकि बोड़ा थाने के आरक्षक कपिल अटारिया और विनोद अहिरवार को गंभीर चोटें आईं। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद ब्यावरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद बुधवार तड़के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में 6 थानों (पचोर, तलेन, करणवास, नरसिंहगढ़ आदि) की पुलिस टीम ने कड़िया गांव में भारी बल के साथ दबिश दी। पुलिस ने पथराव में शामिल कई आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि शासकीय कार्य में बाधा डालने और जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### छग भाजपा अध्यक्ष...

अध्यक्ष तथा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको गंभीर हालत में उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। हादसे में उनकी पत्नी और बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह अपने परिवार के साथ बुधवार को दतिया स्थित मां पीतांबरा पीठ से दर्शन कर लौट रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही वह कोतवाली तालबेहट क्षेत्र अन्तर्गत टेकरी गांव के समीप स्थित महेंद्र सिंह महाविद्यालय के पास पहुंचे तो उनकी इनोवा कार ट्रक में पीछे से घुस गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं चालक गौतम कुमार की हालत गंभीर होने पर दोनों को तत्काल मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। छग के सीएम विष्णुदेव साय के मुताबिक गुरुवार को किरण देव सिंह को एयरलिफ्ट कर झांसी से दिल्ली भेजा जाएगा। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि चिंता जैसी कोई बात नही है।

### अब बारिश का...

बिरसा 71.4, डिंडोरी 71.4, लांजी 70.3, लालबरा 69.2, रामा 66.2, नालछा 65.4 आदि जिलों में भारी बारिश दर्ज हुई है। भोपाल में बादल और मामूली रिमझिम का मौसम रहा। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार तक रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट में अति भारी बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश अभी कुछ दिन बारिश का दौर ऐसा रहेगा। इससे तापमान में 3 डिग्री तक कमी आने की उम्मीद है। गुरुवार तक विदिशा, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, बैतूल, हरदा, देवास, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, सागर, पांढुर्णा में कुछ जगह भारी बारिश का यलो अलर्ट है।

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**

(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इक्तालीस, नियम 14)
अपील क्रमांक MCC/2855/2025

Process Id : 190844/2026 — Respondent No.1 Fixed for 31-08-2026

PREETI SHARMA ............... अपीलार्थी
विरुद्ध
NAVEENCHAND CHATURVEDI ............... प्रत्यर्थी

सन् के 2025 MP क्रमांक 1197 सन् 2025 में न्यायालय HONEBLE SHRI JUSTICE VIVEK AGARWAL, HC Jabalpur (Madhya Pradesh) की डिक्री/आदेश, दिनांक 24-03-2025 के विरूद्ध अपील

प्रति,
Naveenchand Chaturvedi S/o Shri Laxminarayan Chaturvedi
R/o At Ward No- 5, Raisen Tehsil and District Raisen,
District – Raisen, Madhya Pradesh
प्रत्यर्थी

**अपील की सुनवाई का दिनांक** — कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 31-08-2026 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।

**कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक** — कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 31-08-2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-

| कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिन्ह तथा पृष्ठ संख्या) (1) | पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है। (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ठ रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2) | कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3) |
|---|---|---|

यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 31-08-2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। आज दिनांक 20-07-2026 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
Rs. 1200/- साइज (विज्ञापन) 12X4 cm
अन्य साइज में Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम कपिल कुमार मेहता पिता श्री नारायण सिंह मेहता, निवासी- 130, सुन्दरम सिटी, खेतलाखेड़ी, खजुरी सड़क जिला- भोपाल पिन 462030 (म.प्र.) जो मेरे आधार कार्ड, समग्र आईडी, लायसेंस, वोटर आई डी, पेन कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में भी दर्ज है। मेरे शासकीय दस्तावेजों, सर्विस बुक आदि में मेरा नाम कपिल मेहता दर्ज है, उक्त दोनों नाम एक व्यक्ति यानी मेरे स्वयं के है। अतः भविष्य में मुझे कपिल कुमार मेहता के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा लिखा जाए, सर्विस रिकार्ड एवं शासकीय दस्तावेजों में संशोधित कर दर्ज किया जाए।

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED अंतिम अवसर
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ • B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

## शब्द पहेली - 6302



**बाएँ से दाए**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 6301 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6312

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6311 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## राशिफल

**मेष:** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह:** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या:** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# महर्षि परिवार ने की गुरु पूजन कर वर्षभर की उपलब्धियां गुरु चरणों में समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशभर के महर्षि संस्थानों और महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। मुख्य आयोजन महर्षि महेश योगी संस्थान, भोपाल में आयोजित किया गया, जहां महर्षि परिवार के सदस्यों ने गुरु पूजन कर वर्षभर की उपलब्धियां गुरु चरणों में समर्पित कीं।

इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष एवं महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी ने कहा कि सभी उपलब्धियां गुरु कृपा से प्राप्त होती हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि संस्थानों में प्रत्येक दिन की शुरुआत गुरु पूजन से होती है और सभी कार्य गुरु के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से किए जाते हैं। ब्रह्मचारी गिरीश ने कहा कि सभी का संकल्प अपने गुरुओं के विचारों और संकल्पों को आगे बढ़ाना है।

**खास बातें**
- ब्रह्मचारी गिरीश बोले सभी उपलब्धियां गुरु कृपा से
- श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा



महोत्सव

### महत्वपूर्ण प्रकाशनों और योजनाओं का हुआ विमोचन

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मचारी गिरीश ने कई महत्वपूर्ण प्रकाशनों एवं योजनाओं का विमोचन किया। इनमें महर्षि वर्ल्ड का तमगा, 'ओजस्वी' पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण, महर्षि विश्व शांति आंदोलन का ई-न्यूज लेटर, मासिक ई-ज्ञान, महर्षि स्कॉलरशिप अवार्ड एवं स्कॉलरशिप ब्रोशर, महा मीडिया मासिक पत्रिका, महा मीडिया न्यू सर्विस का पोस्टर शामिल हैं।

### महर्षि टावर सहित अन्य संस्थान शामिल

कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मचारी गिरीश ने महर्षि परिवार की विभिन्न संस्थाओं की वर्षभर की उपलब्धियों को गुरु चरणों में समर्पित किया। इनमें प्रमुख रूप से महर्षि वेद विज्ञान विश्व विद्यापीठम, महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह, महर्षि किड्स होम, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, महर्षि इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट भोपाल एवं इंदौर, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, छत्तीसगढ़, महर्षि इंस्टीट्यूट ऑफ स्कूल डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग, महर्षि डेयरी एवं प्रशिक्षण केंद्र, महर्षि इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस, महर्षि वैदिक स्वास्थ्य केंद्र, महर्षि आनंद निकेतन, महर्षि नर्सरी, महर्षि कॉर्पोरेट डेवलपमेंट प्रोग्राम, महर्षि वेद विज्ञान प्रकाशन, महर्षि विश्व शांति आंदोलन, महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान, महर्षि आइडियल भारत अभियान महर्षि टावर सहित अन्य संस्थान शामिल रहे।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर रखे विचार

कार्यक्रम में महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु प्रो. भुवनेश शर्मा, निदेशक संचार एवं जनसंपर्क विजय रत्न खरे, महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के कार्यकारी निदेशक प्रकाश जोशी और वैद्य मधुसूदन देशपांडे ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

### दो दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन ब्रह्मानंद सरस्वती आश्रम, भोजपुर मंदिर मार्ग, छान स्थित महर्षि उत्सव भवन में किया गया। कार्यक्रम में महर्षि संस्थानों के निदेशकगण, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान गुरु भक्ति, आध्यात्मिकता और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

## खबर संक्षेप

### जुनिपर का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी जुनिपर ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का 1,800 करोड़ रुपए का इनिशियल पब्लिक ऑफर 30 जुलाई, 2026 से निवेशकों के लिए खुल जाएगा। कंपनी ने बताया कि एंकर निवेशकों के लिए बोली 29 जुलाई को खुलेगी, जबकि आम निवेशक 30 जुलाई से 3 अगस्त, 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। कंपनी के अनुसार, आईपीओ पूरी तरह फ्रेश इश्यू है, जिसका कुल आकार 1,800 करोड़ रुपए है। कंपनी ने प्रति इक्विटी शेयर 214 से 225 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है।

### डायलिसिस मरीजों के लिए पेशेंट समिट आयोजित

**कोलकाता।** मणिपाल हॉस्पिटल ढाकुरिया ने मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी की पहल के तहत डायलिसिस मरीजों को जागरुक और सशक्त बनाने के उद्देश्य से डायलिसिस पेशेंट समिट का आयोजन किया। इस मरीज-केंद्रित कार्यक्रम में 50 से अधिक डायलिसिस मरीजों, किडनी प्रत्यारोपण करा चुके लोगों, उपचार की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद किडनी स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों की संवादात्मक पैनल चर्चा आयोजित की गई।

### सैमसंग के एआई-सक्षम स्मार्ट ग्लासेज पेश

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने लंदन में आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड 2026 इवेंट के दौरान अपने नए एआई-सक्षम स्मार्ट ग्लासेज पेश किए। कंपनी ने इन्हें वैश्विक आईवेयर ब्रांड जेंटल मॉन्स्टर और वार्बी पार्कर के सहयोग से विकसित किया है। सैमसंग के अनुसार, नए स्मार्ट ग्लासेज़ यूज़र्स को गैलेक्सी इकोसिस्टम का हैंड्स-फ्री अनुभव प्रदान करेंगे। डिवाइस रोजमर्रा के काम, यात्रा और अन्य गतिविधियों के दौरान एआई आधारित व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध कराएंगे।

### स्टेफ्री ने लांच किया सिक्योर एक्सएल

**मुंबई।** ब्रांड स्टेफ्री ने अपना अपग्रेडेड सिक्योर एक्सएल लांच किया है। कंपनी का दावा है कि नया सैनिटरी पैड डबल लीक टेक्नोलॉजी के साथ आता है, जो 12 घंटे तक डबल प्रोटेक्शन प्रदान करता है। इसकी खासियत 'पैड चेंज अलर्ट' फीचर है, जो महिलाओं को समय पर पैड बदलने का संकेत देता है और लीकेज की चिंता कम करने में मदद करता है। कंपनी ने अभिनेत्री कियारा आडवाणी को शामिल करते हुए जीरो टेंशन, डबल प्रोटेक्शन थीम पर नया टेलीविजन अभियान भी शुरू किया है।

### जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए केंद्र का बड़ा फैसला

# चीनी डीलरों के लिए 4,000 क्विंटल स्टॉक लिमिट लागू

**1 अगस्त से 30 नवंबर 2026 तक आदेश रहेगा प्रभावी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बढ़ती चीनी कीमतों पर नियंत्रण लगाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने देशभर के चीनी डीलरों के लिए स्टॉक लिमिट लागू कर दी है।

यह नया नियम 1 अगस्त 2026 से लागू होकर 30 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। सरकार का उद्देश्य चीनी की जमाखोरी, सट्टेबाजी और कृत्रिम कमी पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगाना है, ताकि बाजार में चीनी की उपलब्धता बनी रहे और उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिल सके।

**जमाखोरी, सट्टेबाजी और कृत्रिम कमी पर लगेगी रोक**



### चीनी उद्योग ने जताई उत्पादन को लेकर चिंता

वहीं, चीनी उद्योग का अनुमान है कि चीनी वर्ष 2025-26 में देश में चीनी उत्पादन करीब 280 लाख टन रह सकता है, जबकि घरेलू खपत लगभग 285 लाख टन रहने का अनुमान है।हालांकि, सीजन की शुरुआत में उद्योग ने उत्पादन 300 लाख टन से अधिक रहने का अनुमान लगाया था। उत्पादन अनुमान में कमी और बाजार में बढ़ती मांग के बीच कीमतों में तेजी देखी जा रही है। चीनी डीलरों पर स्टॉक लिमिट लागू होने से सरकार को उम्मीद है कि बाजार में उपलब्धता बढ़ेगी, जमाखोरी पर अंकुश लगेगा और उपभोक्ताओं को आने वाले समय में चीनी की कीमतों में राहत मिल सकती है।

### चीनी के दामों में लगातार बढ़ोतरी से सरकार चिंतित

कुछ समय से चीनी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। दिल्ली के थोक बाजार में चीनी के भाव करीब 4,900 प्रति क्विंटल तक पहुंच गए हैं। बाजार विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि यदि कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो ये भाव 5,000 प्रति क्विंटल के पार जा सकते हैं। सरकार का कहना है कि हालिया कीमत वृद्धि मांग और आपूर्ति की वास्तविक स्थिति के अनुरूप नहीं है। मंत्रालय के अनुसार, कुछ व्यापारियों, डीलरों और बिचौलियों द्वारा स्टॉक रोकने, सट्टा गतिविधियों और बिना वास्तविक आपूर्ति के केवल कागजी लेनदेन करने से बाजार में कृत्रिम कमी का माहौल बना है।

### स्टॉक रखने की अवधि 30 दिन निर्धारित की गई

नए आदेश के अनुसार, देश में कोई भी चीनी डीलर या व्यापारी किसी भी समय 4,000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। इसके अलावा स्टॉक रखने की अधिकतम अवधि भी 30 दिन निर्धारित की गई है। सरकार ने सभी चीनी व्यापारियों और डीलरों को अपने स्टॉक की जानकारी नियमित रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

### असम बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत अभियान

# रिलायंस ने बढ़ाया 10 हजार परिवारों की ओर मदद का हाथ

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



ऊपरी असम में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए रिलायंस फाउंडेशन ने व्यापक राहत अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत शिवसागर और चराइदेव जिलों के करीब 10 हजार प्रभावित परिवारों तक भोजन, सुरक्षित पेयजल, राशन, स्वास्थ्य सेवाएं और अस्थायी आश्रय से जुड़ी सहायता पहुंचाई जाएगी।

दोनों जिलों में बाढ़ से 5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। स्थिति का आकलन करने के बाद रिलायंस फाउंडेशन की आपदा प्रबंधन टीम ने जिला प्रशासन और स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर राहत कार्य शुरू कर दिए हैं। जिन परिवारों के पास भोजन और राशन की व्यवस्था नहीं है, उनके लिए सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा प्रभावित लोगों को सूखे राशन के पैकेट भी वितरित किए जाएंगे। बाढ़ के कारण घरों से विस्थापित हुए परिवारों के लिए आपातकालीन राहत किट उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें तिरपाल, ग्राउंडशीट, मच्छरदानी, रस्सी, बिस्तर सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं। बाढ़ के कारण कई क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। बाढ़ से पशुओं को हुए नुकसान को देखते हुए वनतारा की 39 सदस्यीय टीम भी राहत अभियान में जुटी है। टीम प्रभावित इलाकों में मवेशियों के इलाज, देखभाल और अन्य पशुओं की सहायता कर रही है। रिलायंस फाउंडेशन ने करीब 4 हजार प्रभावित मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था करने की योजना बनाई है।

# आईटीआर दाखिल करने की कल अंतिम तारीख ,अब तक 4.70 करोड़ से ज्यादा रिटर्न फाइल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2026 नजदीक आने के साथ ही करदाताओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

आयकर विभाग के अनुसार, असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए अब तक करीब 4.70 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, दाखिल किए गए आईटीआर में से करीब 4.40 करोड़ रिटर्न का वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है, जबकि लगभग 2.34 करोड़ रिटर्न प्रोसेस किए जा चुके हैं। आयकर विभाग ने करदाताओं से अपील की है कि वे आखिरी तारीख का इंतजार न करें और जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करें। विभाग ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि करदाता असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-2 समय पर फाइल करें। वारिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन ने रिटर्न दाखिल करने से पहले सभी जरूरी दस्तावेजों जैसे फॉर्म-16, वार्षिक सूचना विवरण , फॉर्म 26एएस, बैंक स्टेटमेंट का मिलान करने की सलाह दी।

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपे लाभांश चेक

# एलआईसी ने 12,207 करोड़ व यूनियन बैंक ने 2,853.33 करोड़ रु. का लाभांश चेक दिया


चेक सौंपते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आर. दोराईस्वामी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार को 12,207 करोड़ रुपए का और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एवं सीईओ आशीष पांडे ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,853.33 करोड़ का डिविडेंड चेक केंद्र सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा । वहीं न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गिरिजा सुब्रमणियन ने भी वित्त मंत्री को 211 करोड़ रुपए का लाभांश चेक सौंपा। वित्त मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।

### परिवहन चेकिंग प्वॉइंटों पर अवैध वसूली के आरोप

# मुख्य सचिव, डीजीपी से ट्रांसपोर्ट संगठनों ने की जांच की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के विभिन्न ट्रांसपोर्ट संगठनों ने प्रदेश के 28 जिलों में संचालित करीब 45 परिवहन चेकिंग प्वाइंटों पर अवैध वसूली, सिंडिकेट संचालन और वाहन चालकों के साथ अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल , पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना और प्रमुख सचिव (गृह) को ज्ञापन सौंपा है।

संगठनों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। संगठनों ने आरोप लगाया गया है कि जिन पुराने परिवहन चेकपोस्टों को भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की शिकायतों के चलते बंद किया गया था, अब उसी तरह की गतिविधियां नए चेकिंग प्वाइंटों पर फिर से शुरू हो गई हैं। ट्रांसपोर्ट संगठनों का दावा है कि कुछ स्थानों पर एंट्री के नाम पर नकद और डिजिटल माध्यम से अवैध वसूली की जा रही है तथा निजी व्यक्तियों और बिचौलियों की मदद से वाहन चालकों को रोककर परेशान किया जा रहा है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बग्गा, चेयरमेन राजेन्द्र रेहन, सचिव पवन शर्मा और सीएल मुकाती ने कहा कि कई स्थानों पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश और परिवहन विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की भावना के विपरीत सर्विस रोड पर अस्थायी ढांचे, बैरिकेड और चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। संगठनों का कहना है कि इससे वाहन चालकों को मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्ट संगठनों ने अपनी मांगों में पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच, चेकिंग प्वाइंटों पर तैनात अनधिकृत व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण, अवैध संरचनाओं को हटाने, कैमरा आधारित डिजिटल ई-चालान प्रणाली लागू करने तथा प्रदेश में भ्रष्टाचार-मुक्त और निर्बाध परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन के साथ संगठनों ने उच्च न्यायालय के आदेश, परिवहन विभाग की एसओपी, चेकिंग प्वाइंटों की सूची तथा कथित अवैध वसूली से संबंधित वीडियो सहित अन्य दस्तावेज भी संलग्न किए हैं।

### ट्रांसपोर्टरों का टूट रहा मनोबल

एआईएमटीसी की आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकाती के अनुसार ट्रांसपोर्ट उद्योग प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि समय रहते इस संगठित वसूली और उत्पीड़न पर कठोर अंकुश नहीं लगाया गया, तो इससे न केवल ट्रांसपोर्टरों का मनोबल टूटेगा बल्कि शासन-प्रशासन की छवि भी धूमिल होगी। उन्होंने कहाकि पूर्ण विश्वास है कि सरकार और प्रशासन इस अति-संवेदनशील एवं गंभीर विषय का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करेंगी तथा प्रदेश में पारदर्शी एवं सुशासित परिवहन व्यवस्था पुनः स्थापित करेंगी।

## बिजनेस न्यूज

### एसबीआई लेडीज क्लब ने 'अपना घर' वृद्धाश्रम में बांटी खुशियां

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय भोपाल के एसबीआई लेडीज क्लब ने सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल पेश करते हुए 'अपना घर' वृद्धाश्रम में सेवा, सम्मान और सहयोग का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान आश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों के प्रति स्नेह और अपनत्व व्यक्त करते हुए आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया तथा आश्रम की संचालिका का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसबीआई लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रद्धांजलि सुबुद्धि ने किया। इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष रूबी मिश्रा, उपाध्यक्ष कुमकुम कुमार, सचिव श्वेता मठपाल सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत वृद्धाश्रम की संचालिका माधुरी मिश्रा के सम्मान से हुई। एसबीआई लेडीज क्लब की ओर से वरिष्ठजनों के लिए दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री से युक्त किट वितरित की गई, जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता की वस्तुओं के साथ जरूरी दवाइयां भी शामिल थीं। इसके अलावा आश्रम को आटा, दाल, चावल, खाद्य तेल, घी, मसाले, फल और अन्य राशन सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर एसबीआई लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रद्धांजलि सुबुद्धि ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं।



### वी फाउंडेशन और एरिक्सन ने लांच किया 'रोबोत्सव'

**ग्वालियर।** वोडाफोन आइडिया की सीएसआर शाखा वी फाउंडेशन ने एरिक्सन के सहयोग से इंटर-स्कूल रोबोटिक्स प्लेटफॉर्म 'रोबोत्सव-द फेस्टिवल ऑफ टेक्नोलॉजी' की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अन्य उभरती तकनीकों का व्यवहारिक अनुभव उपलब्ध कराना तथा उनमें नवाचार और स्टेम शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना है। रोबोटिक्स लैब प्रोग्राम के तहत शुरू किए गए इस डिजिटल प्लेटफॉर्म को नॉलेज पार्टनर मोइनी फाउंडेशन के सहयोग से लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से देशभर के छात्र रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, प्रोग्रामिंग, वर्चुअल रियलिटी और जनरेटिव एआई से जुड़ी ऑनलाइन शिक्षण सामग्री का लाभ उठा सकेंगे। वी फाउंडेशन ने बताया कि आने वाले महीनों में रोबोत्सव के तहत ऑफलाइन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जहां छात्रों को अपनी तकनीकी प्रतिभा प्रदर्शित करने और टीम के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। कंपनी के अनुसार, सात राज्यों में संचालित 20 रोबोटिक्स लैब्स के माध्यम से अब तक करीब 10,000 छात्रों को लाभ मिल चुका है।

### वंडर और मॉन्ट्रा ने 250 इलेक्ट्रिक ट्रकों के साथ शुरू किया ई-फ्रेट कॉरिडोर

**राजस्थान।** वंडर सीमेंट और मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने देश में लंबी दूरी की माल ढुलाई को हरित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए करीब 250 हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक राइनो 5538 ईवी 4×2 टीटी ट्रकों की तैनाती की घोषणा की है। इसे भारतीय उद्योग में इलेक्ट्रिक ट्रकों के सबसे बड़े ऑर्डरों में से एक माना जा रहा है। ये ट्रक निम्बाहेड़ा–दहेज पोर्ट और निम्बाहेड़ा–टूना पोर्ट मार्ग पर संचालित होंगे। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर गुजरने वाला यह करीब 1,450 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर भारत का सबसे लंबा वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक माल ढुलाई मार्ग बनेगा। इस परियोजना के लिए 13 चार्जिंग स्टेशन और 39 चार्जर स्थापित किए गए हैं, ताकि ट्रकों का नियमित और निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया जा सके। कंपनी का दावा है कि यह इलेक्ट्रिक बेड़ा पारंपरिक डीजल ट्रकों के समान क्षमता और कार्यदक्षता के साथ लंबी दूरी की ढुलाई करेगा। कंपनी के अनुसार, सभी 250 इलेक्ट्रिक ट्रकों की पूर्ण तैनाती के बाद हर वर्ष करीब 39,500 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे औद्योगिक लॉजिस्टिक्स को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। वंडर सीमेंट के प्रबंध निदेशक किरण पाटिल ने कहा कि यह पहल कंपनी की सस्टेनेबिलिटी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### इनडीड रिपोर्टः 66 फीसदी एम्प्लॉयर्स एआई टैलेंट को दे रहे ज्यादा वेतन

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) के तेजी से बढ़ते प्रभाव के बीच नौकरी बाजार में नए बदलाव देखने को मिल रहे हैं। नौकरी और रोजगार से जुड़ी सेवाएं देने वाले प्लेटफॉर्म इनडीड ने अपनी पहली 'एआई एट वर्क ट्रैकर 2026' रिपोर्ट जारी की है। भारत में किए गए इस सर्वे में 1,267 एम्प्लॉयर्स और 2,541 कर्मचारियों को शामिल किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियां नए एआई टैलेंट को आकर्षित करने के लिए ज्यादा वेतन देने को तैयार हैं, लेकिन पहले से एआई से जुड़े काम कर रहे कर्मचारियों के वेतन में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं दिखाई दे रही है। इनडीड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर शशि कुमार ने कहा कि कंपनियों के सामने दोहरी चुनौती है एक तरफ नए एआई टैलेंट को आकर्षित करना और दूसरी तरफ मौजूदा कर्मचारियों को अपस्किल करने के बाद संगठन में बनाए रखना।

### एसबीआई इंश्योरेंस ने 9 राज्यों में शुरू किया फसल बीमा जागरुकता अभियान

**मुंबई।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने खरीफ 2026 सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत चल रहे 'फसल बीमा माह 2026' अभियान में सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है। 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य किसानों के बीच फसल बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और योजना के तहत अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करना है। कंपनी मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, असम, उत्तराखंड, तमिलनाडु और झारखंड सहित 9 राज्यों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। इन गतिविधियों के माध्यम से किसानों को फसल बीमा के लाभों की जानकारी दी जाएगी और खरीफ सीजन के लिए सही निर्णय लेने में सहायता प्रदान की जाएगी। अभियान के तहत फसल बीमा पाठशालाएं, किसान कार्यशालाएं, किसान मेले, महिला किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता सत्र, कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं और बैंकिंग प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, पीएमएफबीवाई में नामांकन और दावों से जुड़ी सहायता के लिए विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे।

IN THE COURTOFSH. GAUTAMMANAN, DISTRICTJUDGE (COMM.COURT)-03 SOUTH-WESTDISTRICT, DWARKACOURTS, NEWDELHI
PUBLICATION NOTICE DEFENDANT (ORDER 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
Suit No. :
CS (COMM) NO- 326/2026
VIKHYATGULATI
VS.
VVM TWENTY1 HOSPITALITY OPC PRV LTD.
TO
VVM TWENTY1 HOSPITALITY OPC PRV LTD
Address: H. No. 16, Raghunath Nagar, Bawadiya Kalan, Misrod, Bhopal, Huzur, Madhya Pradesh, India - 462026
Also at - 2nd Floor, Office No. 213, GM ITPark, Plot No. 32-33, Sector - 142, Noida, U.P.-201301 Mobile No. 7004139626
Defendant No. 1
Vibhanshu Vaibhav Mishra, Directorof VV MTWENTY 1 HOSPITALITY OPC PRV LTD
Address : H. No. 16, Raghunath Nagar, Bawadiya Kalan, Misrod, Bhopal, Huzur, Madhya Pradesh, India - 462026
Also at - 2nd Floor, Office No. 213, GM IT Park, Plot No.32-33, Sector - 142, Noida, U.P.-201301 Mobile No.7004139626,
Mail I.D.ceo@vmrestaurantconsultants.com
Defendant No. 2
Whereas you are intentionally avoiding services ofsummons, it is hereby notified that if you shall notdefend the case on the day of 31.08.2026 at 10:00 A.Mi.e.the day fixed in the matter, itwill be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and seal of the court on this 24.07.2026 to be published in Hindi daily "Hari Bhoomi" newspaper.
NOTE:- The defendant be informed to file WS withina period of 30 days from the date of receipt ofsummons with advance copy to the plaintiff and thatfiling of WS in commercial suit in 120 days periodis mandatory and no extension can be granted.
SH. GAUTAM MANAN, DISTRICTJUDGE (COMM. COURT)-03 SOUTH-WEST DISTRICT, DWARKACOURTS, NEWDELHI

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय रायसेन**

क्रमांक / निविदा/2026-27/ 9262 — रायसेन, दिनांक 27/07/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा म.प्र. भोपाल के पत्र क/अ.प्र./सेल-7/2025/1087/2025-Hos-Admin-MPDHS/1/338496/2025 दिनांक 02.07.2025, पत्र क्र/2/अवि. / सेल-2 (भर्ती)/2025/776-वाय दिनांक 27.06.2025, पत्र क्र/2/अवि/सेल-2 (भर्ती) / 2024 /1713-R भोपाल दिनांक 05/11/2024 एवं पत्र क्र/2/अवि/सेल-2 (भर्ती) / 2024 / 1623-Q भोपाल दिनांक 14/10/2024 के द्वारा राज्य स्तरीय मानक वर्ष 2024 के अनुसार जिला चिकित्सालय रायसेन अंतर्गत स्वीकृत 300 बिस्तर के मापदण्ड अनुसार आउटसोर्स के आधार पर कम्प्यूटर ऑपरेटर / डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (आउटसोर्स) एवं मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी वर्कर (आउटसोर्स) का नियोजन आउटसोर्स एजेंसी के द्वारा किये जाने हेतु इच्छुक निविदाकारो से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदा प्रपत्र तथा नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र मे अंकित है। निविदा प्रपत्र राशि रू. 1,000/- (रू. एक हजार मात्र) का ई-भुगतान कर आनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन होता है तो म.प्र शासन के पोर्टल की बेबसाईट https://mptenders.gov.in अवलोकन किया जा सकता है। उक्त ई-निविदा की-डेट्स निम्नानुसार है।

E-Tender Key Dates

| Bid Particulars | Date & Time |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 03-08-2026, 11:00 AM |
| Document Download/Sale Start Date | 03-08-2026, 03:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 03-08-2026, 05:00 PM |
| Pre Bid Meeting Date | 10-08-2026, 03:00 PM |
| Bid Submission Closing Date | 25-08-2026, 06:00 PM |
| Technical Bid Opening Date | 27-08-2026, 11:00 AM |
| Financial Bid Opening Date | As per committee decision |


सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय रायसेन

जी - 16421/21 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# संसद की गरिमा और मर्यादा सर्वोपरि

पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर संसद से देश को ठोस समाधान और सार्थक बहस की अपेक्षा होती है। विपक्ष को सरकार से कठिन सवाल पूछने का पूरा अधिकार है और सरकार को उनके जवाब देने की जिम्मेदारी है, लेकिन जब बहस का केंद्र असंसदीय शब्दों और आरोप-प्रत्यारोप पर आ जाता है, तो मूल मुद्दा पीछे छूट जाता है। संसद में विचारों का संघर्ष लोकतंत्र की पहचान है, लेकिन शब्दों का संयम उसकी गरिमा और मर्यादा ही सदन की नींव है। बुधवार को लोकसभा में पेपर लीक से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुई बहस इसी सवाल को फिर से सामने ले आई। बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लगभग 50 मिनट तक अपनी बात रखी। उन्होंने छात्रों के आंदोलन का समर्थन किया और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। अपने भाषण में 'इडियट' और 'अंधभक्त' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिस पर सत्ता पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कई बार हस्तक्षेप करते हुए इसे संसदीय मर्यादा के विपरीत बताया और माफी की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी हस्तक्षेप करते हुए आपत्तिजनक माने गए शब्दों को कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया। अध्यक्ष द्वारा आपत्तिजनक माने गए शब्दों को कार्यवाही से हटाना संसदीय परंपरा का हिस्सा है। अंततः लोकतंत्र की मजबूती इस बात में है कि मतभेद कितने भी गहरे हों, संवाद शालीन, तथ्यपरक और मर्यादित बना रहे। बहस के दौरान गृह मंत्री पर छात्रों पर फायरिंग के आदेश देने का आरोप भी लगाया गया, जिसे सरकार ने सिरे से खारिज किया। ऐसे गंभीर आरोपों की जांच और सत्यापन तथ्यों तथा कानून के आधार पर होनी चाहिए। संसद में बोले गए शब्द केवल तत्कालीन बहस तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे देश की लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा बन जाते हैं। यह भी ध्यान रखने योग्य है कि किसी शब्द की स्थायी 'प्रतिबंधित सूची' नहीं होती। किसी टिप्पणी को असंसदीय माना जाएगा या नहीं, इसका निर्णय उसके संदर्भ, प्रभाव और सदन की गरिमा के आधार पर अध्यक्ष या सभापति करते हैं। यही कारण है कि समय-समय पर विभिन्न शब्द कार्यवाही से हटाए जाते रहे हैं। यह प्रक्रिया किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि संसद की संस्थागत गरिमा को बनाए रखने के लिए होती है। आज देश के करोड़ों युवा संसद की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं। वे चाहते हैं कि उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों पर गंभीर बहस हो, ठोस नीतियां बनें और समाधान निकले। यदि चर्चा का केंद्र असंसदीय शब्द, नारे और राजनीतिक टकराव बन जाए, तो सबसे अधिक निराशा उन्हीं युवाओं को होती है, जिनके हितों की रक्षा के लिए संसद अस्तित्व में है। लोकतंत्र की शक्ति सत्ता और विपक्ष, दोनों की जिम्मेदारी से बढ़ती है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार से कठिन और असहज प्रश्न पूछे, जबकि सरकार का दायित्व है कि वह तथ्यों और जवाबदेही के साथ उनका उत्तर दे। लेकिन दोनों पक्षों की समान जिम्मेदारी यह भी है कि संसद की गरिमा और मर्यादा किसी भी राजनीतिक संघर्ष से ऊपर रहे। मतभेद जितने भी तीखे हों, संवाद तथ्यपरक, संयमित और जनहित केंद्रित होने चाहिए और सभी दल यह ध्यान रखें की सदन की गरिमा और मर्यादा सर्वोपरि है, इसे बनाए रखना सबका दायित्व है।



मुद्दा
पंकज चतुर्वेदी

# विकास कार्यों की जवाबदेही भी तय हो

ऐसा क्यों होता है कि बरसात आते ही देश के विकास के प्रतिमान ढहने लगते हैं। कई हजार करोड़ की संरचनाएं तकनीकी कारणों से जानलेवा बन जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश में राजमार्गों का जाल बिछ रहा है, वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाएं शुरू हो रही हैं, नए हवाई अड्डे बन रहे हैं, समुद्र पर लंबे पुल तैयार हो रहे हैं और स्मार्ट शहरों का सपना आकार ले रहा है। इस चमकदार तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। नई बनी सड़कों का पहली बारिश में उखड़ जाना, उद्घाटन के कुछ समय बाद ही पुलों में दरारें आना, निर्माणाधीन पुलों का गिरना, सार्वजनिक इमारतों की छतों का ढह जाना गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

आखिर ऐसा क्यों होता है कि बरसात आते ही देश के विकास के प्रतिमान ढहने लगते हैं। कई हजार करोड़ की संरचनाएं तकनीकी कारणों से जानलेवा बन जाती हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश में राजमार्गों का जाल बिछ रहा है, वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल सेवाएं शुरू हो रही हैं, नए हवाई अड्डे बन रहे हैं, समुद्र पर लंबे पुल तैयार हो रहे हैं और स्मार्ट शहरों का सपना आकार ले रहा है। सरकारें इन परियोजनाओं को नए भारत की पहचान के रूप में प्रस्तुत करती हैं। इस चमकदार तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। पिछले कुछ वर्षों में नई बनी सड़कों का पहली बारिश में उखड़ जाना, उद्घाटन के कुछ समय बाद ही पुलों में दरारें आना, निर्माणाधीन पुलों का गिर जाना और सार्वजनिक इमारतों की छतों का ढह जाना एक गंभीर प्रश्न खड़ा करता है-क्या हम टिकाऊ विकास कर रहे हैं या केवल विकास का प्रदर्शन?

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे हो या फिर प्रगति मैदान की सुरंग, बरसात में जलजमाव होना आम बात है। बिहार में गंगा पार का अगुवानी–सुल्तानगंज पुल निर्माण के दौरान दो बार ढह गया। इस परियोजना पर सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च हो चुके थे। इसके बावजूद लंबे समय तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि डिजाइन में कमी थी, निर्माण सामग्री दोषपूर्ण थी या निगरानी में गंभीर लापरवाही हुई। इसी प्रकार, बिहार में कई छोटे पुलों और पुलियों के लगातार गिरने की घटनाओं ने राज्य की निर्माण व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा दिया। मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का गिरना भी केवल एक तकनीकी विफलता नहीं था। करोड़ों रुपये की लागत से स्थापित प्रतिमा का अपेक्षाकृत कम समय में ढह जाना यह बताता है कि गुणवत्ता परीक्षण और संरचनात्मक सुरक्षा के मानकों की अनदेखी कितनी महंगी पड़ सकती है। करीब 36,230 करोड़ रुपये की लागत से बने गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने के कुछ ही समय बाद उन्नाव के निकट इसकी लिंक रोड पहली ही बारिश में धंस गई। पहली ही भारी बारिश के बाद उत्तर प्रदेश के शामली और सहारनपुर के पास 12,000 करोड़ की लागत से बना दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे (विशेषकर हाथ कररोड़ा गांव के समीप) कई जगहों से धंस गया था। इसके कारण बने बड़े-बड़े गड्ढों से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुईं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश दुर्घटनाओं के बाद कुछ दिनों तक चर्चा होती है, जांच समिति बनती है, कुछ अधिकारियों का तबादला या निलंबन होता है और फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। दोष तय नहीं होता, न किसी बड़ी निर्माण एजेंसी की जवाबदेही सुनिश्चित होती है और न ही ऐसी घटनाओं से सीख लेकर व्यवस्था में व्यापक सुधार दिखाई देता है। ऐसी घटनाएं केवल इंजीनियरिंग की विफलता नहीं हैं। इनके पीछे कई स्तरों की समस्याएं काम करती हैं। पहली समस्या है समय से पहले परियोजना पूरी करने का राजनीतिक दबाव। आज अधिकांश बड़ी परियोजनाएं चुनावी कैलेंडर से जुड़ जाती हैं। उद्घाटन की तारीख तय हो जाती है और फिर निर्माण एजेंसियों पर समय सीमा पूरी करने का दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में गुणवत्ता परीक्षण, अंतिम निरीक्षण और तकनीकी मानकों के पालन में समझौते की आशंका बढ़ जाती है। दूसरी समस्या है सबसे कम बोली आधारित



ठेका प्रणाली। सरकारी खरीद में कम लागत निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन जब प्रतिस्पर्धा केवल सबसे सस्ता ठेका पाने तक सीमित रह जाए तो गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है। कई बार ठेकेदार बाद में लागत की भरपाई घटिया सामग्री, कम गुणवत्ता वाले श्रम या तकनीकी मानकों में कटौती करके करते हैं। तीसरी और सबसे गंभीर समस्या है जवाबदेही का अभाव। किसी पुल के गिरने, सड़क के धंसने या सरकारी भवन के ढहने के बाद यदि दोषी इंजीनियर, निर्माण एजेंसी या निगरानी संस्था पर कठोर कार्रवाई नहीं होती तो यह संदेश जाता है कि सार्वजनिक धन की बर्बादी की कोई वास्तविक कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। यही कारण है कि गलतियां दोहराई जाती हैं। विडंबना यह है कि भारत में परियोजनाओं की सफलता का मूल्यांकन अक्सर उनकी लागत, लंबाई या उद्घाटन की तारीख से किया जाता है, न कि उनकी डिजाइन आयु और टिकाऊपन से। यदि किसी पुल की अनुमानित आयु सौ वर्ष है, लेकिन वह दस वर्ष में ही बड़ी मरम्मत मांगने लगे, तो उसे सफल परियोजना नहीं कहा जा सकता, चाहे उसका उद्घाटन कितने ही भव्य तरीके से हुआ हो। जलवायु परिवर्तन का तर्क भी अक्सर सामने रखा जाता है। निश्चित रूप से अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। लेकिन यदि विकसित देशों में इन्हीं परिस्थितियों में बने पुल और सड़कें दशकों तक सुरक्षित रह सकती हैं, तो भारत में हर बार प्राकृतिक आपदा को ही दोष नहीं दिया जा सकता। आधुनिक इंजीनियरिंग का उद्देश्य ही बदलती जलवायु को ध्यान में रखकर संरचनाएं तैयार करना है। इस समस्या का एक सामाजिक पक्ष भी है। जब किसी सड़क के बार-बार मरम्मत की आवश्यकता होती है, तो उसकी वास्तविक लागत कई गुना बढ़ जाती है। इसका भुगतान अंततः करदाता करता है। दुर्घटनाओं में जान-माल की हानि अलग होती है। खराब आधारभूत संरचना उद्योग, पर्यटन, परिवहन और निवेश-सभी को प्रभावित करती है। इसलिए यह केवल तकनीकी या प्रशासनिक मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और नागरिक सुरक्षा का प्रश्न भी है। समाधान भी स्पष्ट हैं, बशर्ते उन्हें लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति हो। प्रत्येक बड़ी परियोजना का स्वतंत्र तृतीय-पक्ष गुणवत्ता ऑडिट अनिवार्य होना चाहिए। निर्माण पूरा होने के बाद केवल उद्घाटन नहीं, बल्कि विस्तृत सुरक्षा प्रमाणन सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों को ब्लैकलिस्ट करने की व्यवस्था वास्तव में लागू होनी चाहिए। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) तथा अन्य तकनीकी संस्थाओं की रिपोर्टों पर समयबद्ध कार्रवाई हो। साथ ही, परियोजनाओं की पूरी जानकारी-लागत, ठेकेदार, गुणवत्ता परीक्षण और रखरखाव-जनता के लिए ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए। भारत को विकास की गति धीमी करने की आवश्यकता नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि विकास की गति और गुणवत्ता दोनों साथ चलें। दुनिया में किसी भी देश की पहचान केवल ऊंची इमारतों, लंबे पुलों या चौड़ी सड़कों से नहीं बनती, बल्कि उनसे बनती है जो दशकों तक सुरक्षित, टिकाऊ और भरोसेमंद बनी रहें। यदि हम हर दुर्घटना के बाद केवल शोक व्यक्त करेंगे, मुआवजा घोषित करेंगे और फिर अगली दुर्घटना की प्रतीक्षा करेंगे, तो यह विकास नहीं, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों की निरंतर बर्बादी होगी। अब समय आ गया है कि भारत में आधारभूत संरचना का मूल्यांकन केवल उसकी संख्या से नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता, टिकाऊपन और जवाबदेही से किया जाए। क्योंकि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक ताकत उसके उद्घाटनों में नहीं, बल्कि उन संरचनाओं में होती है जो आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित खड़ी रहती हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

शिक्षा व्यवस्था
अजय जैन



# शिक्षा व्यापार नहीं, राष्ट्र निर्माण का सर्वोच्च साधन

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चला छात्रों का आंदोलन केवल प्रश्नपत्र लीक होने के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि यह देश के करोड़ों युवाओं की उस पीड़ा, निराशा और आक्रोश का प्रतीक रहा है, जिनके सपने बार-बार एक भ्रष्ट और असफल व्यवस्था की भेंट चढ़ जाते हैं। केंद्र तथा राज्य सरकारों की विभिन्न भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों का लगातार लीक होना आज देश की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक बन चुका है। प्रत्येक प्रश्नपत्र लीक केवल प्रशासनिक विफलता नहीं है, बल्कि उन लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के विश्वास के साथ विश्वासघात है, जिन्होंने वर्षों की मेहनत, समय और धन इस आशा में लगाया कि उन्हें योग्यता के आधार पर अवसर मिलेगा। इस समस्या का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं है। यह विद्यार्थियों और उनके परिवारों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी तोड़ देता है। देश के दूर-दराज गांवों से आने वाले छात्रों की स्थिति और भी अधिक दयनीय है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें दिल्ली, कोटा, हैदराबाद और अन्य महानगरों में आना पड़ता है। वे अत्यंत छोटे, भीड़भाड़ वाले कमरों में अमानवीय परिस्थितियों में रहने को विवश होते हैं। देश अभी भी उन दर्दनाक घटनाओं को नहीं भूला है, जब पिछले वर्ष बाढ़ के कारण कई छात्रों की जान चली गई थी। समय-समय पर कोचिंग संस्थानों में आग लगने जैसी घटनाओं ने भी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इससे भी अधिक दुखद यह है कि अनेक छात्र प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षाएं निरस्त होने या बार-बार स्थगित होने के कारण गहरे अवसाद में चले जाते हैं। कुछ छात्र आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठाने तक को विवश हो जाते हैं। हर बार परीक्षा रद्द होने का अर्थ है-फिर से तैयारी, फिर से कोचिंग फीस, फिर से किराया, भोजन और जीवन-यापन का खर्च। यह बोझ उन माता-पिताओं के लिए असहनीय हो जाता है, जो अपनी सीमित आय में अपने बच्चों के भविष्य के लिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। जंतर-मंतर पर हुए छात्र आंदोलन की प्रमुख मांग तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की थी। व्यापक जनाक्रोश और छात्रों के दबाव के बीच उन्होंने अपना पद छोड़ दिया। किंतु सबसे बड़ा प्रश्न आज भी हमारे सामने खड़ा है-क्या केवल एक मंत्री के इस्तीफे से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि भविष्य में कोई प्रश्नपत्र लीक नहीं होगा? उत्तर स्पष्ट है-नहीं। समस्या किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन तथा आधुनिक डिजिटल सुरक्षा तकनीकों का युग है। भारत के पास ऐसी तकनीकी क्षमता उपलब्ध है जिससे लगभग पूर्णतः सुरक्षित परीक्षा प्रणाली विकसित की जा सकती है। आवश्यकता केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक ईमानदारी और संस्थागत जवाबदेही की है। दुर्भाग्य से सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही प्रायः तात्कालिक राजनीतिक लाभ-हानि में उलझे रहते हैं, जबकि समस्या कहीं अधिक गहरी है। ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले कई दशकों में विभिन्न सरकारों के कार्यकाल के दौरान एक संगठित 'शिक्षा माफिया' विकसित हो गया है, जिसने शिक्षा को सेवा नहीं बल्कि व्यापार बना दिया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा धीरे-धीरे सामान्य नागरिक की पहुंच से बाहर होती जा रही है। एक समय था जब प्री-मेडिकल, प्री-इंजीनियरिंग अथवा विद्यालयी शिक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता सूची तैयार होती थी और उसी के आधार पर व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश मिलता था। आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। हजारों छात्र ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में केवल 'डमी एडमिशन' लेकर अपना अधिकांश समय महंगे कोचिंग संस्थानों में बिताते हैं। आज आवश्यकता सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की है। भर्ती परीक्षाओं को अत्याधुनिक तकनीक से सुरक्षित बनाया जाए, पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो तथा गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा को सुलभ और सशक्त बनाया जाए। साथ ही निजी शिक्षण संस्थानों के प्रभावी नियमन तथा योग्यता-आधारित प्रवेश प्रणाली को पुनः स्थापित करना समय की मांग है। शिक्षा को व्यापार नहीं, राष्ट्र निर्माण का सर्वोच्च साधन माना जाना चाहिए। हमें अपनी उस पुरानी परंपरा की ओर लौटना होगा, जहां शिक्षा को एक पवित्र दायित्व समझा जाता था, न कि लाभ कमाने का माध्यम। यदि हम केवल मंत्रियों के इस्तीफों तक सीमित रहेंगे और शिक्षा व्यवस्था की मूल समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे, तो करोड़ों युवाओं का भविष्य बार-बार इसी प्रकार अनिश्चितता, निराशा और अन्याय का शिकार होता रहेगा।

( लेखक पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

## पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## सटाका




## आज की पाती

### अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग न हो

लोकतंत्रीय व्यवस्था में संविधान के अनुसार हर नागरिक को अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए अभिव्यक्ति/प्रदर्शन व अहिंसक/ शांतिपूर्ण मार्च का अधिकार दिया गया है। किन्तु उसका बेजा उपयोग या दुरुपयोग कानूनी जुर्म होगा। अगर अभिव्यक्ति/प्रदर्शन अहिंसक और शांतिपूर्ण है तो सरकारी कानून-व्यवस्था का अनावश्यक उपयोग भी संविधान के अनुसार गैरकानूनी माना जा सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल ही में पेपर लीक के मामले में सीजेपी द्वारा छात्रों को लेकर अहिंसक प्रदर्शन/आंदोलन व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर संज्ञान लेते हुए यही कहा है कि प्रदर्शनकारी हों या पुलिस, यदि किसी ने भी किसी पर अनावश्यक ज्यादती की है तो वे कानून के दायरे में आएंगे। – *संजय द्विवेदी, हिसार*

## करंट अफेयर

### वायुसेना कर्मियों को नौकरी छोड़ने का अब असीमित अधिकार नहीं



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि भारतीय वायुसेना के कर्मियों को असैन्य पदों पर नियुक्ति के लिए अपनी मर्जी से नौकरी छोड़ने का असीमित अधिकार नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि बल की अभियानगत तैयारी और अनुशासन बनाए रखने के लिए समय से पहले सेवामुक्ति से जुड़ी निर्धारित प्रक्रिया का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि असैन्य पद के लिए आवेदन करने से पहले पूर्व अनुमति लेना और चयन के बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना कोई मामूली औपचारिकता नहीं है, जिसे नजरअंदाज किया जा सके। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कॉरपोरल नखत सिंह की याचिका को खारिज कर दिया। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्रोफेसर (हिंदी) के पद पर चयनित होने के बाद नखत सिंह ने एनओसी और सेवामुक्ति की मांग की थी। हालांकि, एयर ऑफिसर कमांडिंग ने वायुसेना के 2017 के आदेश का हवाला देते हुए उनकी अर्जी खारिज कर दी थी, क्योंकि उन्होंने आवेदन से पूर्व आवश्यक अनुमति नहीं ली थी। सशस्त्र बल न्यायाधिकरण और दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत न मिलने पर उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एक अनुशासित बल के सदस्य होने के नाते नियमों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

## ऑफ बीट


### भाषाओं को खत्म कर रहा जलवायु परिवर्तन



अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य के केलर में रहने वाली पॉलिन स्टेन्सगर का दो मई 2023 में 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया और उनके साथ उनकी भाषा भी खत्म हो गई। पॉलिन 'इन-हा- उम-चीन' भाषा बोलने वाली अंतिम व्यक्ति थीं। वॉशिंगटन राज्य क्षेत्र में अमेरिका के रहने वाले कुछ समूह इस भाषा में बात किया करते थे। पॉलिन के अपनी भाषा के प्रति प्यार को धन्यवाद, जिसकी वजह से हम इस भाषा से पूरी तरह अनजान नहीं हैं। सैलिश स्कूल ऑफ स्पोकाने के प्रधानाचार्य क्रिस्टॉफर पार्किन ने बताया कि पॉलिन स्टेन्सगर ने छह पाठ्यपुस्तकों की रचना की और उनके पास भाषा की 100 से ज्यादा रिकॉर्डिंग हैं। अगर कोई भी 'इन-हा-उम-चीन' सीखना चाहता है तो वह सीख सकता है। लेकिन कुछ विलुप्त भाषाएं, 'इन-हा-उम-चीन' जितनी भाग्यशाली नहीं हैं। हम इन्हें हमेशा के लिए खो सकते हैं। दुनिया के कुछ हिस्से भाषाओं के संदर्भ में समृद्ध हैं लेकिन वहां लाखों लोग पर्यावरणीय आपदाओं के चलते विस्थापित होने के लिए मजबूर हैं, जो भाषाओं के विलुप्त होने का एक प्रमुख कारण है। दुनियाभर में आज सात हजार से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं, जिनका इतिहास है और इन्हें बोलने वालों के पास इनका ज्ञान भंडार है।

## ट्रेंड

### परीक्षा संशोधन विधेयक



लोकसभा ने व्यापक बहस के बाद सार्वजनिक परीक्षा संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। यह भारत की परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### हर छात्र का अपमान



रेपिस्ट का बचाव करने वाले व्यक्ति से ज़्यादा घटिया और कोई नहीं हो सकता। प्रह्लाद जोशी हमारे शिक्षा तंत्र और उसमें पढ़ने वाले हर छात्र का अपमान हैं। उनके अधीन संस्थानों में करोड़ों युवतियां पढ़ती हैं। भारत की महिलाएं पीएम मोदी के नए शिक्षा मंत्री को कभी स्वीकार नहीं करेंगी।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स



ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के 69 किलोग्राम भारोत्तोलन इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर हरजिंदर कौर और पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतने पर गुलवीर सिंह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं!
- **नीतीश कुमार,** राज्यसभा सांसद, जदयू

### शिक्षा विभाग में खाली पद



बीजेपी ने अपने 'संकल्प पत्र 2023' के पेज 33 पर लिखित रूप में वादा किया था: "हम शिक्षा विभाग में सभी खाली पदों को एक साल के भीतर भरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" आज शिक्षा विभाग में खाली पदों की संख्या बढ़कर लगभग डेढ़ लाख हो गई है।
- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीवी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी से मचा बवाल

# राहुल बोले- छात्रों की तीन कैटेगरी स्टूडेंट, इडियट्स और अंधभक्त भाजपा हुई हमलावर, कहा- ये अक्षम्य, छात्रों को बांटना अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पात्रा ने कहा कि विपक्ष के नेता ने छात्रों पर गोली चलने, गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका, संसद में उनकी मौजूदगी और माइक बंद किए जाने जैसे मुद्दों पर तथ्यहीन दावे किए। संसद मार्च के दौरान गोली नहीं चली थी और अमित शाह उसी समय सदन में मौजूद थे

लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जंतर-मंतर पर छात्रों पर कथित गोलीबारी को लेकर दिए गए बयान और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लगाए गए आरोपों को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने छात्रों से हुई बातचीत का जिक्र करते हुए इडियट, अंधभक्त और मूर्ख जैसे शब्दों का उल्लेख किया। उनके बयान के बाद भाजपा सांसद संबित पात्रा ने प्रेस वार्ता कर कहा कि राहुल गांधी ने छात्रों को लेकर जो टिप्पणी की, वह अक्षम्य है। राहुल गांधी ने छात्रों को 'स्टूडेंट, इडियट्स और अंधभक्त' जैसी श्रेणियों में बांटने की कोशिश की, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। पात्रा ने कहा कि विपक्ष के नेता ने छात्रों पर गोली चलने, गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका, संसद में उनकी मौजूदगी और माइक बंद किए जाने जैसे मुद्दों पर तथ्यहीन दावे किए। राहुल के सारे आरोप पूरी तरह झूठे हैं, तथ्यों पर आधारित नहीं है और इससे भ्रम फैलता है।

### कठोर कानून स्थायी समाधान नहीं: मायावती

पेपर लीक कानून पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि केवल कठोर कानून बनाने से इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। सरकार को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए, जिससे पेपर लीक जैसी घटनाएं होने से पहले ही रोकी जा सकें। इसके लिए शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षा के लिए मिलने वाले ऋण को अधिक सुलभ और छात्र हितैषी बनाया जाए।

**कांग्रेस को जनरेशन-जी यानी गांधी की ही चिंता**

**असम में 800 छात्रों की बर्बरतापूर्ण हत्या की गई**



राज्यसभा में वंदेमातरम बिल को हाथ उठाकर समर्थन देते सांसद

### कई राज्यों में चलाईं गोली



भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने जेन-जेड की नहीं, जेन-जी यानी जेनरेशन गांधी की चिंता की गई। किस तरह से गांधी परिवार को आगे बढ़ाया जाए, केवल इसकी चिंता की गई। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में जब आंदोलन हुए थे, तब सैकड़ों छात्रों को गोली मरवा दी गई थी। असम में असम स्टूडेंट यूनियन के ऊपर गोलीबारी करवाई गई और 800 छात्रों की बर्बरतापूर्वक हत्या की गई। संसद में राहुल के माइक की लाल बत्ती जल रही थी। माइक की बत्ती देखने के लिए दिमाग की बत्ती भी जलनी चाहिए।

### छात्रों पर दिल्ली में पैलेट गन चली



राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। रिजिजू और राजनाथ सिंह को बोलने दिया गया। इसकी वजह है कि मैंने अमित शाह के बारे में कहा कि वह छात्रों पर हुई बर्बरता के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में मुझसे कहा गया कि मैं माफी मांगूगा, इसके बाद मुझे बोलने दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मेरा कर्तव्य है कि देश के मुद्दे उठाऊं। छात्रों पर पैलेट गन चलाई गईं। कील वाले डंडों से मारा।

## झारखंड में परीक्षा धांधली पर भाजपा का प्रदर्शन






झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में हुई कथित धांधली को लेकर भाजपा के सांसदों ने दिल्ली में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। सांसदों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है, जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है। प्रदर्शनकारियों ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को उनका हक दिलाकर रहेंगे।

### दान पात्र की रक्षा न कर पाने वाले पेपर लीक कैसे रोकेंगे?: अखिलेश



लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि बात सिर्फ एक ही है, जो लोग आस्था के साथ चढ़ाए गए 'दान-पात्र' की रक्षा नहीं कर पाए, उनसे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वे पेपर लीक रोकेंगे।

### दोषियों का समर्थन करने वाले शिक्षा मंत्री कैसे?: प्रमोद



कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि सजा काटकर जमानत पर छूटे बिल्किस बानो के दोषियों का प्रल्हाद जोशी ने खुलकर समर्थन किया था।

**अपमान पर होगी 3 वर्ष की जेल**

### राज्यसभा से 'वंदे मातरम' विधेयक पारित

राज्यसभा ने बुधवार को राष्ट्रीय सम्मान का अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया। अब राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' को भी कानूनी संरक्षण मिलेगा। राष्ट्रीय गीत का जानबूझकर अपमान करना या उसके गायन में बाधा डालना अब आपराधिक अपराध माना जाएगा। अपराधों के लिए अधिकतम तीन वर्ष तक की जेल का प्रावधान रखा गया है।

**ई20 पेट्रोल पर गडकरी का संसद में जवाब**

### रबर के पुर्जे और गैस्केट बदलना पड़ सकता है



राज्यसभा में एक लिखित जवाब में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ई20 पेट्रोल के इस्तेमाल पर एक अप्रैल 2005 से लागू बीएस-3 मानक वाले और वर्ष 2016 से पहले निर्मित कुछ वाहनों में रबर के कुछ पुर्जे और गैस्केट बदलने की जरूरत पड़ सकती है। ड्राइवबिलिटी, स्टार्ट होने की क्षमता, धातु के पुर्जों और प्लास्टिक के हिस्सों की अनुकूलता जैसे मानकों पर भी कोई समस्या सामने नहीं आई। उन्होंने कहा कि वाहन का माइलेज केवल ईंधन के प्रकार पर नहीं, बल्कि कई अन्य कारकों पर भी निर्भर करता है।

### 30 करोड़ वाहन हो जाएंगे कबाड़: केजरीवाल



आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि 2023 से पहले की बनी करीब 30 करोड़ गाड़ियां दौड़ रही हैं, जिन्हें मोदी सरकार ई20 पेट्रोल का इस्तेमाल करवाकर कबाड़ बनाने पर तुली हुई है। 9 बड़ी कंपनियों के अधिकारियों ने फोन पर हुई बातचीत में स्वीकार किया कि ई20 पेट्रोल पुरानी गाड़ियों के इंजन, फ्यूल टैंक और माइलेज को भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### 2 अगस्त से 'नशा मुक्त अभियान' शुरू होगा



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की देशव्यापी शुरुआत करेंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूक करना है।

### आज बांकीपुर, दतिया और मांजलपुर में वोटिंग



**नई दिल्ली।** बिहार की बांकीपुर सीट, मध्य प्रदेश की दतिया सीट और गुजरात के मांजलपुर सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए 30 जुलाई यानी आज मतदान होगा और 3 अगस्त को नतीजे आएंगे। दतिया में भाजपा के आशुतोष और कांग्रेस के घनश्याम में टक्कर है।

### क्रिकेट ग्राउंड के पास इंसानी सिर मिला



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के कोडाथी गांव में क्रिकेट मैदान के पास इंसानी सिर मिला। इएक रात पहले, उसी क्षेत्र के पास रेलवे ट्रैक पर एक सिरविहीन शव बरामद हुआ था। पुलिस ने बताया कि सिर और धड़ एक ही व्यक्ति के हैं। आवारा कुत्ते सिर को ले गए थे।

पूर्व पर्यावरण मंजूरी मामलों में केंद्र सरकार को झटका

# सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के कार्यालय ज्ञापन को रद्द किया, कहा- मंजूरी लेना अनिवार्य नियम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**व्यवस्था कार्यालय ज्ञापन के जरिए स्वीकार्य नहीं**

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उसका फैसला भविष्य में लागू होगा और पहले पर्यावरणीय मंजूरी पा चुकी परियोजनाएं इससे प्रभावित नहीं होंगी। पीठ ने दोहराया कि पर्यावरणीय ढांचे के तहत पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी अनिवार्य नियम है

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में केंद्र सरकार के 2021 के उस कार्यालय ज्ञापन को रद्द कर दिया, जिसके तहत बिना पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी के शुरू की गई परियोजनाओं को पूर्वप्रभावी पर्यावरणीय मंजूरी देने की व्यवस्था बनाई गई थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पांचोली की पीठ ने सर्वसम्मत फैसले में सरकार को कुछ राहत भी प्रदान की। पीठ ने कहा कि यह फैसला भावी प्रभाव से लागू होगा और पहले से पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) प्राप्त परियोजनाएं इससे प्रभावित नहीं होंगी। पीठ ने दोहराया कि पर्यावरणीय ढांचे के तहत पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी अनिवार्य नियम है और सामान्य परिस्थितियों में परियोजनाएं पहले शुरू कर बाद में मंजूरी नहीं ले सकतीं।

## असाधारण परिस्थितियों में ही राहत संभव



न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार असाधारण परिस्थितियों में और व्यापक जनहित में वैध वैधानिक अधिसूचना के जरिए सीमित अवधि की एकमुश्त राहत योजना ला सकती है। पीठ ने कहा कि ऐसी व्यवस्था कार्यपालिका के कार्यालय ज्ञापन (ओएम) के जरिये नहीं बनाई जा सकती और न ही इसे उल्लंघनों को नियमित करने के स्थायी माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उच्चतम न्यायालय यदि उचित समझे तो किसी परियोजना को कार्योत्तर (पोस्ट-फैक्टो) पर्यावरणीय मंजूरी दे सकता है। उच्चतम न्यायालय ने एक अप्रैल को पुनर्विचार याचिकाओं सहित सभी याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### आपराधिक मुकदमे का आधार खत्म तो नौकरी से वंचित नहीं रख सकते

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसले में आपराधिक मामले में बरी हो चुके शास्त्री (पीटीए) शिक्षक की सेवा बहाल करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने शिक्षा विभाग के उन आदेशों को खारिज कर दिया है, जिनमें उनकी बहाली की मांग को ठुकरा दिया गया था। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब आपराधिक मुकदमे का आधार ही खत्म हो गया है तो कर्मचारी को नौकरी से वंचित नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता के खिलाफ मामले के चलते शिक्षा विभाग ने बिना किसी विभागीय जांच के उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं। अदालत ने कहा कि चूंकि बर्खास्तगी का मुख्य आधार वह एफआईआर थी जो बाद में अदालत में झूठी साबित हो गई और याचिकाकर्ता बरी हो गया।

**राजस्थान हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

## शिक्षक की डांट आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं, 3 पर लगे आरोप हुए रद्द





**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शिक्षकों द्वारा छात्रों को अनुशासन में रखने के लिए डांटना-फटकारना आत्महत्या के लिए उकसाने के समान नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने वर्ष 2005 के बीकानेर छात्रा आत्महत्या मामले में दो शिक्षिकाओं समेत तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 305 के तहत तय आरोपों को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर ने रवि भटनागर सहित अन्य की आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया।

### स्पष्ट और ठोस प्रमाण जरूरी

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि किसी शिक्षक द्वारा छात्र को नियमित रूप से स्कूल आने, पढ़ाई पर ध्यान देने, कक्षा में अनुशासन बनाए रखने या खराब प्रदर्शन पर डांटने-फटकारने जैसी सामान्य अनुशासनात्मक कार्रवाई को तब तक आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण नहीं माना जा सकता, जब तक आत्महत्या के लिए उकसाने या जानबूझकर सहायता करने का स्पष्ट और ठोस प्रमाण न हो। इसी आधार पर हाई कोर्ट ने बीकानेर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संख्या-6 द्वारा 9 फरवरी 2021 को आरोप तय करने के आदेश को रद्द कर दिया।

सीजेपी की सख्त चेतावनी

# छात्रों का उत्पीड़न नहीं रूका तो हम फिर सड़कों पर उतरेंगे



सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि अगर छात्रों का उत्पीड़न नहीं रुका और उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं लिए गए, तो पार्टी जल्द ही फिर से सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को छात्रों ने पुलिस की लाठियां और खून-खराबा झेला। अगर सरकार इतने पर भी नहीं चेती और युवाओं का उत्पीड़न जारी रहा, तो हम बहुत जल्द दोबारा सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पर ही आंदोलन निर्भर करता है, अगर सरकार सहमत नहीं होती और अपने तरीके को नहीं सुधारती तो जल्द ही हमें नया आंदोलन करेंगे, क्योंकि हमारे पास कोई और रास्त नहीं होगा तो हमें ये करना ही पड़ेगा। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि सरकार ने पहले सार्वजनिक रूप से भरोसा दिया था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज नहीं होगी और पुराने मामले भी वापस लिए जाएंगे। लेकिन अब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देकर कह रही है कि मामला अदालत में विचाराधीन है। सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बहाना बनाकर अपने वादे से पीछे हट रही है।

### सीजेपी ने राकेश टिकैत से की मुलाकात


कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवक्ताओं ने भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत से मुलाकात की है। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब हाल ही में छात्र आंदोलन स्थगित होने के बाद सीजेपी ने अपने आंदोलन को बड़े सामाजिक मुद्दों से जोड़ने के संकेत दिए हैं। सीजेपी के अनुसार, शिक्षा से जुड़े मुद्दों के साथ अब किसानों और युवाओं के सवालों को भी साझा मंच पर उठाया जाएगा। इसी मुद्दे को लेकर सीजेपी नेताओं ने राकेश टिकैत से समर्थन मांगा। उम्मीद की जा रही है कि भारतीय किसान यूनियन और सीजेपी आगे साथ में कोई बड़ा प्रदर्शन कर सकती है।

### कंगना को कोई सीरियस नहीं लेता

अभिजीत दिपके ने ने लोकसभा सांसद कंगना रनौत पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें कोई सीरियस लेता भी है?। बता दें कि कंगना रनौत ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व वाले जेन-जी प्रदर्शनों के वायरल रील्स पर तीखा हमला करते हुए उन्हें 'जनरेशन गटर' करार दिया था।

**काशी विश्वनाथ धाम में सावन को लेकर तैयारियां पूरी**

## एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रावण मास और कांवड़ की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने सावन में काशी विश्वनाथ धाम में लगभग 1 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई है। काशी विश्वनाथ के सभी सोशल मीडिया हैंडल पर श्रद्धालु लाइव दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में श्रद्धालुओं के स्वागत और सुरक्षा के साथ-साथ उनके दर्शन को सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं के लिए जिग-जैग कतार व्यवस्था, छायादार जगह, ग्लूकोज-पानी की सुविधा और बारिश से बचाव जैसे इंतजाम किए गए हैं। सावन के पहले और प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं पर फूल वर्षा की गई है।

पटियाला कोर्ट ने कहा, आचरण निंदनीय पर निरंतर हिरासत अनुचित

# सीजेआई से अभद्र भाषा बोलने वालों को जमानत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

## सुप्रीम कोर्ट में अभद्र व्यवहार के आरोप में गिरफ्तारी हुई थी

सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग करने, कोर्ट रूम में कागजात फेंकने, सुरक्षा कर्मी से मारपीट करने और कार्यवाही बाधित करने के आरोप में गिरफ्तार दो कानून के छात्रों प्रबल और चंदन को कोर्ट ने जमानत दे दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपितों का आचरण किसी भी तरह स्वीकार्य नहीं है और इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जाती है, लेकिन केवल आरोपों की गंभीर भाषा के आधार पर उन्हें अनिश्चितकाल तक न्यायिक हिरासत में नहीं रखा जा सकता।



सुनवाई के दौरान प्रबल प्रताप फाइल फोटो

### अभद्र भाषा के इस्तेमाल का अधिकार नहीं

अदालत ने कहा कि कोई भी पक्षकार, चाहे वह फैसले से कितना ही असंतुष्ट क्यों न हो या स्वयं अपनी पैरवी कर रहा हो, उसे अदालत में अभद्र भाषा बोलने या मुख्य न्यायाधीश के पद की गरिमा पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं मिल जाता। ऐसे आचरण को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, जमानत पर निर्णय लेते समय भी उसी संतुलित दृष्टिकोण को अपनाया जाना चाहिए।

### आगे गरिमा बनाए रखें

अदालत ने जमानत की शर्तों में कहा कि दोनों आरोपित जांच और ट्रायल में आवश्यकता पड़ने पर उपस्थित होंगे व भविष्य में सभी न्यायिक कार्यवाहियों के दौरान सख्त शालीनता और अदालत की गरिमा बनाए रखेंगे। स्पष्ट किया कि आदेश केवल जमानत के प्रश्न तक सीमित हैं और मुकदमे के गुण-दोष को प्रभावित नहीं करेंगी।

### संस्थाएं असंयमित व्यवहार से कमजोर नहीं पड़ती

पटियाला हाउस स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जैसी सर्वोच्च संवैधानिक संस्था किसी एक आक्रोशित और स्वयं पैरवी कर रहे वादी के असंयमित व्यवहार से कमजोर नहीं पड़ती। ऐसे में अधीनस्थ अदालतों को भी जमानत पर विचार करते समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रदर्शित संस्थागत संयम का अनुसरण करना चाहिए। दोनों को 25-25 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया गया।

# असम में बाढ़ का कहर: 622 गांव पानी में डूबे, 75 लोगों की गई जान

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में बाढ़ का कहर जारी है। अब इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। बाढ़ के कारण असम में पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इससे प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 3.32 लाख रह गई है। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मृतकों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 9 लाख रुपये प्रति परिवार कर दिया है।

मुआवजे का लाभ उठाने के लिए मानदंडों में ढील दी है। अधिकारियों ने बताया कि शिवसागर, चराइदेव, गोलाघाट, जोरहाट, नागांव, सोनितपुर और कामरूप महानगरपालिका के सात जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे 21 राजस्व सर्किल और 622 गांव प्रभावित हुए हैं।

पिछले 24 घंटे में 7 लोगों की मौत हुई। सात जिले अब भी प्रभावित हैं। सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि बढ़ाकर 9 लाख रुपए कर दी है और राहत अभियान जारी है

- राज्य के 7 जिलों की करीब साढ़े 3 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित
- प्रभावित जिलों में 81 राहत शिविर कार्यरत जिनमें 32,477 विस्थापित लोगों ने शरण ली

## खतरनाक हालात पर हिमंता सरकार का बड़ा ऐलान


कीचड़ से मुसीबत, बीमारियों का डर


पीड़ित क्षेत्रों में बांटी जा रहीं दवाएं

**45 हजार हेक्टेयर की फसल चौपट**

बाढ़ प्रभावित जिलों में 45,341.98 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो गया है। वहीं, घरों, गौशालाओं, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्बाध मोबाइल फोन कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए, शिवसागर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में इंट्रा सर्कल रोमिंग (आईसीआर) सुविधा को 30 जुलाई को रात 11:59 बजे तक या अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है।

### चराईदेव में सबसे ज्यादा नुकसान

बाढ़ से प्रभावित आबादी 3.32 लाख थी। वहीं, चराइदेव सबसे बुरी तरह प्रभावित जिला था, जहां 1.42 लाख लोग प्रभावित हुए, उसके बाद शिवसागर (97,074) और जोरहाट (57,371) का स्थान रहा। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को सात लोगों की मौत की सूचना शिवसागर जिले के नजरिया राजस्व सर्कल से मिली, जिससे इस साल बाढ़ में मरने वालों की संख्या 75 हो गई है।


कई पशु पानी में डूबते दिखे



### सीएम सरमा ने कहा-राहत कार्य जारी

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राहत शिविरों में बच्चों की सीखने-सिखाने की गतिविधियों की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, राहत शिविरों में बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना हमारी प्राथमिकता बनी हुई है। सीखने और खेलने के लिए समर्पित स्थान यह सुनिश्चित करने में मदद कर रहे हैं कि बाढ़ का प्रभाव उनके बचपन को बाधित न करे और वे मौजूदा स्थिति से प्रतिकूल रूप से प्रभावित न हों।

---

## खबर संक्षेप

### एक टीटीई 5 एसी या 3 स्लीपर कोच करेंगे चैक

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय रेलवे में कर्मियों का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए नए दिशानिर्देश लागू किए गए हैं।



इसके तहत एक ट्रैवलिंग टिकट परीक्षक (टीटीई) को अधिकतम 5 एसी डिब्बों या 3 चेयर कार/स्लीपर डिब्बों में टिकट जांच की जिम्मेदारी दी जाती है। नांदेड़ से कांग्रेस सांसद रवींद्र वसंतराव चव्हाण द्वारा टीटीई पर बढ़ते काम के बोझ से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि ट्रेन में तैनात टीटीई की संख्या डिब्बों के प्रकार पर निर्भर करती है।

### पाक ने प्रदर्शनकारियों को बताया बड़ा दुश्मन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। हालात बिगड़ने के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने प्रदर्शनकारियों की तुलना भारत से करते हुए उन्हें पाकिस्तान का दुश्मन करार दिया और किसी भी बातचीत से साफ इनकार कर दिया। वहीं, प्रधानमंत्री के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने दावा किया कि प्रदर्शनकारी मुजफ्फराबाद और मीरपुर पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं।



### यूक्रेन में फंसे 13 भारतीय नाविक, सुरक्षा की मांग

**कीव।** यूक्रेन के चोर्नोमोर्स्क बंदरगाह पर खड़े वाणिज्यिक पोत एमवी अमीर-1 पर सवार 13 भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर कीव स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वह स्थिति पर करीबी नजर रख रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण नाविक भय के साये में हैं। भारतीय नाविक संघ ने भारत सरकार से चालक दल की तत्काल सुरक्षा और उनकी स्वदेश वापसी की गुहार लगाई है। इससे पहले 25 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह पर एक अन्य जहाज पर हुए हमले के बाद से दो भारतीय नाविक अभी भी लापता हैं।



---

भारत और पाक के लोगों ने की वारदात

## सस्ते ट्रिप का झांसा देकर थाईलैंड के पटाया में 3 भारतीयों का अपहरण

परिजनों को फोन कर मांगी फिरौती



एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड में छुट्टी मनाने गए तीन भारतीयों के लिए यह ट्रिप एक बुरे सपने में बदल गई। उन्हें पटाया में भारतीय और पाकिस्तानी नागरिकों के एक गिरोह ने कथित तौर पर कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा।

इन नागरिकों को स्थानीय पुलिस ने आखिरकार रेस्क्यू किया है। इन लोगों को किडनैप करने से पहले कम कीमत वाले टूर पैकेज का लालच देकर देश बुलाया गया था। इसके बाद इनको बंधक बनाकर प्रताड़ित किया गया।

थाईलैंड के अखबार के अनुसार, गिरोह ने पीड़ितों को बार-बार परेशान किया और उनके परिवारों से फिरौती मांगी। इनमें से पांच अपहरणकर्ताओं को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वे थाईलैंड से बाहर जाने के लिए फ्लाइट ले रहे थे। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी भारतीय नागरिक हैं।

### पीड़ितों के शरीर पर कई चोटों के निशान

संदिग्ध पाकिस्तानी को अभी पकड़ा नहीं जा सका है। सोमवार को पुलिस ने पटाया में छापा मारा तो उन्हें तीन लोग दो बेडरूम में बंधे हुए मिले। उनके हाथ, मुंह और पैर बंधे हुए थे। अधिकारियों ने उनके टखनों पर चोट के निशान भी देखे, जो कठोर चीजों से बार-बार पीटे जाने के कारण बने थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया और जरूरी इलाज कराया गया। इन लोगों ने जांचकर्ताओं को बताया कि एक हफ्ते तक बंधक बनाए जाने के दौरान उन्हें रोजाना टॉर्चर किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें उल्टा लटकाया गया, टखनों पर पीटा गया, खाना और टॉयलेट की सुविधा नहीं दी गई, और फिरौती की मांग के लिए भारत में अपने परिवारों को फोन करने के लिए मजबूर किया गया।

### दो मंजिला घर में बंधक बनाकर रखा था

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अवतार सिंह, जगजीत सिंह, रामबालक कुमार, सुखबीर सिंह और कुलरा सिंह के तौर पर हुई है। उन्हें बैंकाक के ख्लोंग टैन इलाके के एक होटल से पकड़ा गया। इनकी पकड़ से 23 से 26 साल की उम्र के इन तीन पीड़ितों को थाई पुलिस ने 27 जुलाई को पटाया के बैंग लमुंग जिले में एक दो मंजिला घर से बचाया। पुलिस ने अपहरणकर्ताओं का पता लगाकर इस जगह तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। गिरोह ने कथित तौर पर इन लोगों को कम कीमत वाले सात दिन के टूर पैकेज का लालच देकर थाईलैंड बुलाया था और फिर उनका अपहरण कर लिया था।

---

भारत में बाघ संरक्षण का चल रहा ऐतिहासिक दौर

## मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कैसे सहेजे गए बाघ बाघों की संख्या बढ़कर 3600 से अधिक हुई


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) द्वारा आयोजित वैश्विक बाघ दिवस 2026 समारोह के दौरान भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश में बाघों की सुरक्षा, उनके संरक्षण और जैव विविधता में हुई ऐतिहासिक प्रगति को रेखांकित किया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वन्यजीव विशेषज्ञ, वन विभाग के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समारोह में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश में बाघों और बाघ अभ्यारण्यों (टाइगर रिजर्व) के विस्तार में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। भारत में वर्तमान में बाघों की संख्या बढ़कर 3,682 हो गई है, जबकि बाघ अभ्यारण्यों की कुल संख्या 58 तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा, हाथी अभ्यारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभ्यारण्यों, संरक्षित क्षेत्रों और आर्द्रभूमियों की संख्या में भी निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वन्यजीव संरक्षण केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पारंपरिक ज्ञान, संवेदनाएं, गहरा जुनून और अग्रिम पंक्ति के वन अधिकारियों व कर्मियों का वर्षों का अनुभव समाहित है। उन्होंने वन अधिकारियों से अपने व्यावहारिक अनुभवों का दस्तावेजीकरण करने और उन्हें इस तरह साझा करने का आह्वान किया जिससे भविष्य के लिए व्यावहारिक नीतिगत समाधान विकसित किए जा सकें।

**पर्यावरण-पर्यटन का नया डिजिटल मंच और जमीनी कार्यकर्ताओं का सम्मान**

**वैश्विक बाघ दिवस 2026 पर कई महत्वपूर्ण पहल पर रिपोर्ट जारी**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र यादव

### वेबपेज किया लांच

वैश्विक बाघ दिवस 2026 के इस विशेष मंच से एनटीसीए का नया पर्यावरण-पर्यटन वेबपेज आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म देश के सभी बाघ अभ्यारण्यों से संबंधित प्रामाणिक और आधिकारिक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। इस पोर्टल के माध्यम से पर्यटक सफारी और प्रवास बुकिंग के लिए सीधे संबंधित अभ्यारण्यों की आधिकारिक वेबसाइटों से जुड़ सकेंगे। इससे पर्यटन में पारदर्शिता आएगी और जिम्मेदार एवं सतत प्रकृति-आधारित पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।समारोह के दौरान जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन कर्मियों और वन्यजीव अधिकारियों को बाघ संरक्षण और संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन में अनुकरणीय योगदान के लिए एनटीसीए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, दिल्ली-एनसीआर के स्कूली बच्चों के लिए बाघ बचाओ विषय पर आयोजित चित्रकला, नारा लेखन, स्केचिंग और मुखौटा निर्माण प्रतियोगिताओं की सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया।



### 10 लाख से अधिक जंगली बाघ विचरण करते थे

*विश्व स्तर पर बाघ संरक्षण की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि लगभग एक शताब्दी पूर्व एशिया भर में 10 लाख से अधिक जंगली बाघ विचरण करते थे, लेकिन अवैध शिकार, अवैध व्यापार और आवास क्षरण के कारण आज वे अपने ऐतिहासिक आवास के 8 प्रतिशत से भी कम हिस्से में सीमित रह गए हैं। इस संकट का मुकाबला करने के लिए 2010 के सेंट पीटर्सबर्ग सम्मेलन में 13 बाघ रेंज देशों ने प्रतिवर्ष 29 जुलाई को वैश्विक बाघ दिवस मनाने और बाघों की आबादी को बढ़ाने का संकल्प लिया था। भारत ने इस संकल्प को न केवल सफलतापूर्वक हासिल किया है बल्कि वैश्विक बाघ संरक्षण में अग्रणी भूमिका भी निभाई है।*

### बाघ संरक्षण की जरूरत

*बाघ संरक्षण को विज्ञान-आधारित और तथ्य-परक बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के दौरान पांच प्रमुख रिपोर्ट और प्रकाशन जारी किए गए। इनमें एनटीसीए की आउटरीच पत्रिका 'स्ट्राइप्स' का जुलाई 2026 का संस्करण, 24 बाघ अभ्यारण्यों की सुरक्षा लेखापरीक्षा रिपोर्ट, बाघ अभ्यारण्यों में रीछों के लिए आवास उपयुक्तता मूल्यांकन रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) और जीटीएफ द्वारा प्रकाशित 'टाइगर्स ऑफ द वर्ल्ड', तथा चंद्र प्रकाश गोयल व सत्य प्रकाश यादव द्वारा लिखित पुस्तक 'द रहमान खेड़ा टाइगर' शामिल हैं।*

---

सीएसएल ने किया इस जहाज का निर्माण, लगाई गई 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री

## नौसेना को मिला उथले जल में दुश्मन के होश उड़ाने वाला पनडुब्बी रोधी जहाज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया भर में जारी सैन्य संघर्षों के चुनौतीपूर्ण दौर में बुधवार को भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े की क्षमता में कई गुना का इजाफा देखने को मिला है। जिसकी बड़ी वजह समुद्री बल में उथले जल में शत्रुओं के खिलाफ अचूक आक्रामक कार्यवाही करने में सक्षम मछलीपट्टनम (बीवाई 529) जहाज (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) का जलावतरण होना है। जहाज का निर्माण देश के अंदर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा किया गया है। जिसमें लगाई गई स्वदेशी सामग्री का कुल आंकड़ा 80% से अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जहाज का जलावतरण समारोह श्रीमती गुलरुख आनंद द्वारा सैन्य मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव वाइस एडमिरल अतुल आनंद की उपस्थिति में किया गया।



### इस राज्य के जिले से मिला नाम

जहाज को आंध्र-प्रदेश के कृष्णा जिले में स्थित ऐतिहासिक मछलीपट्टनम बंदरगाह से यह नाम मिला है। आमतौर पर इस बंदरगाह को अपनी समृद्ध विरासत और व्यापार के लिए जाना जाता है। ऐसे में मछलीपट्टनम नाम न केवल देश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा हुआ है। बल्कि यह देश के समुद्री हितों की रक्षा करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को भी भली-भांति प्रदर्शित करता है।


---

यह एक व्यापारिक जहाज है, जिसमें सवार भारतीयों की सुरक्षा को दी जा रही है सर्वोच्च प्राथमिकता

## यूक्रेन तट के पास 'एमवी अमीर 1' जहाज में सवार भारतीयों के मामले में चौकन्नी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच काला सागर तट के पास चालक दल में शामिल कुल 13 भारतीय नाविकों को लेकर जा रहे एक व्यापारिक जहाज एमवी अमीर- 1 की समूची स्थिति पर भारत की पैनी नजर बनी हुई है। यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित भारत के दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट में बताया कि यह मामला हमारे संज्ञान में आया है। जिसे लेकर हम जहाज की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर अपनी निगाहें टिकाए हुए हैं। इसके अलावा जहाज में सवार देश के सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी दूतावास यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों के अलावा अन्य सभी संबंधित पक्षों के साथ संपर्क साधे हुए है। जहाज में सवार चालक दल के कुल सदस्यों की संख्या 15 है।



### एफएसयूआई की अपील बनी आधार

दरअसल यह पूरा मामला या दूतावास की पोस्ट सीमेन यूनियन ऑफ इंडिया (एफएसयूआई) की उस अपील के बाद सामने आया है। जिसमें उसने भारत की सरकार तथा अन्य संबंधित पक्षों जैसे जहाज मालिकों, जहाज पर लगे हुए ध्वज राष्ट्र से भी अमीर 1 जहाज पर सवार लोगों की सुरक्षा को पुख्ता बनाए रखने और उन्हें तुरंत चुनौतीपूर्ण हालातों से सुरक्षित बाहर निकालने की अपील की थी। जहाज की ताजा लोकेशन भी एफएसयूआई ने साझा करते हुए बताया कि इस वक्त ये जहाज यूक्रेन के चोर्नोमोर्स्क बंदरगाह पर खड़ा है।

### भारत ने मजबूती से दोहराया अपना पक्ष

गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बीते मंगलवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में यूक्रेन से जुड़े हुए एक अन्य मामले का उल्लेख करते हुए बताया था कि भारत एमवी एजीएन रागनार जहाज से लापता हुए चालक दल के दो भारतीयों की तलाश के लिए यूक्रेन के स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में बना हुआ है। रणधीर के मुताबिक, भारत ने कई मौकों पर यह स्पष्ट किया है जहाजों, नाविकों, नागरिक और बुनियादी ढांचों पर हमलों को स्वीकार नहीं करेगा।

---

## देश के पहले डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन की शुरुआत

रक्षा मंत्री ने बताया सेना के मनोबल और स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार

## युद्ध हो, प्राकृतिक आपदा हो या मानवीय संकट हमारे सैनिकों की सेवा सर्वोपरि: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ स्थित कमांड हॉस्पिटल में देश के पहले डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन की स्थापना को सशस्त्र सेनाओं की मेडिकल सर्विस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय करार दिया है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं की पहचान केवल रणभूमि में पराक्रम से ही नहीं, बल्कि मानवीय सहायता और आपदा राहत के दौरान दिखाई जाने वाली संवेदनशीलता से भी है। चाहे युद्ध का मैदान हो, प्राकृतिक



**कारगिल में सेना के अदम्य साहस से पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी**

आपदा हो या कोई मानवीय संकट, हमारे सैनिक हमेशा सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हैं। रक्षा मंत्री ने कठिन परिस्थितियों में तैनात जवानों के स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे सैनिक सियाचिन की शून्य से नीचे की बर्फीली ऊंचाइयों से लेकर रेगिस्तान की कड़ाके की धूप तक, दुनिया के सबसे जटिल और कठिन क्षेत्रों में देश की रक्षा करते हैं। ऐसी कठिन परिस्थितियों में जवानों को अत्यधिक ऊंचाई से जुड़ी बीमारियों, अत्यधिक ठंड या गर्मी से होने वाली चोटों, निर्जलीकरण, संक्रामक रोगों, थकान और पोषण संबंधी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह नया समर्पित विभाग इन सभी विशेष परिचालन परिस्थितियों के लिए सटीक और आधुनिक चिकित्सा प्रोटोकॉल विकसित करने का काम करेगा। बदलते दौर में आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के समय में पारंपरिक हथियारों के साथ-साथ व्यापक विनाश के हथियारों का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

### राष्ट्र की संप्रभुता और प्रगति का मूल आधार सैन्य शक्ति

लखनऊ की ऐतिहासिक सैन्य परंपराओं और कमांड हॉस्पिटल के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने याद दिलाया कि यहां के चिकित्सकों ने ऑपरेशन विजय और कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस और समर्पण का परिचय दिया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और प्रगति का मूल आधार उसकी सैन्य शक्ति और जवानों का मनोबल होता है।

---

अमेरिका में भारतीयों की लॉटरी!

## सात साल से रह रहे लोगों को मिलेगा ग्रीन कार्ड, यूएस सीनेट में आया धमाकेदार बिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में वर्षों से रह रहे लाखों भारतीयों के लिए एक बेहद राहत भरी और बड़ी खबर सामने आई है। डेमोक्रेटिक सीनेटर एलेक्स पैडिला ने अमेरिकी संसद में एक नया इमिग्रेशन बिल पेश किया है, जो अगर कानून बनता है तो अमेरिका में कम से कम सात साल से लगातार रह रहे आप्रवासियों को सीधे ग्रीन कार्ड (स्थायी निवास) के लिए आवेदन करने का अधिकार देगा।

इस कदम से लंबे समय से स्थायी निवास का इंतजार कर रहे एच-1बी वीजा धारक भारतीय पेशेवर, ड्रीमर्स और टीपीएस धारकों समेत लगभग 80 लाख लोगों को सीधा फायदा पहुंचेगा। पैडिला ने इमिग्रेशन एक्ट ऑफ 1929 के प्रावधानों के नवीनीकरण के तहत पेश इस बिल के जरिए 1986 के बाद से न बदले गए नियमों को आधुनिक बनाने की वकालत की है। वर्तमान में इमिग्रेशन कानून की रजिस्ट्री कटऑफ तिथि 1 जनवरी 1972 तय है, जिसे यह नया कानून बदलकर 7 साल की रोलिंग समय-सीमा में बदल देगा।




### संसद से बिल पास कराना बड़ी चुनौती

भारतीय पेशेवरों के लिए यह किसी बड़े वरदान से कम नहीं है, क्योंकि वे एम्प्लॉयमेंट-बेस्ड ग्रीन कार्ड की सख्त सीमाओं के चलते दशकों तक इंतजार करने को मजबूर थे। हालाँकि, रिपब्लिकन पार्टी के कड़े रुख के कारण इस बिल को संसद से पारित कराना एक बड़ी चुनौती होगी, लेकिन इस प्रस्ताव ने अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय के बीच एक नई उम्मीद जरूर जगा दी है।

## साइबर ठग ने विद्युतकर्मी बनकर दी धमकी, कहा-रात तक कट जाएगी बिजली

# बिजली बिल अपडेट करने व लाइट कटने का डर बताया फिर एपीके फाइल भेजी, अकाउंट से उड़ गए 2.23 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली बिल अपडेट नहीं होने और बिजली कट जाने का डर दिखाकर साइबर ठग ने वाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर ठगी कर दी। एपीके फाइल पर ओके लिखते ही ओटीपी आने लगे और पांच बार के ट्रांजेक्शन में उनके खाते से दो लाख 23 हजार 459 रुपए कट गए। कोलार पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर साइबर ठग की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया भूमिका रेसीडेंसी शिरडीपुरम कोलार निवासी रमेश कुमार महापात्रा (59) प्राइवेट नौकरी करते थे, लेकिन फिलहाल कोई काम नहीं कर रहे हैं। उनका खाता इंडियन ओवरसीज बैंक, ब्रांच भुवनेश्वर उड़ीसा में है। विगत 11 जुलाई की शाम उनके व्हाट्सएप नंबर पर अज्ञात नंबर से मैसेज आया। उसमें बिजली का बिल अपडेट के संबंध में अंग्रेजी में लिखा था कि रात साढ़े 9 बजे तक बिजली का बिल अपडेट नहीं हुआ तो बिजली कट जाएगी। फरियादी रमेश कुमार ने मैसेज में दिए मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो उसने कहा कि आपको

### साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर की शिकायत




एक एपीके फाइल भेज रहा हूं। फोन काटे बिना उसे ओके कीजिए। जिस नंबर पर रमेश कुमार बात कर रहे थे उसी नंबर से एपीके फाइल वाट्सएप पर आई। उन्होंने ओके कर दिया। ओके करते ही कॉल कट हो गया। उसके बाद मोबाइल पर ओटीपी के मैसेज आने लगे। फरियादी घबरा गए और उन्होंने तुरंत ही इंडियन ओवरसीज बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर कॉल कर अपने खाते की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि आपके क्रेडिट कार्ड से 11,999 और 11,999 रुपए के तीन ट्रांजेक्शन हुए हैं। ऑनलाइन ठगी का अहसास होने पर रमेश कुमार ने रात करीब 10 बजे साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर 35,887 रुपए की साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस का कहना है कि फरियादी ने 13 जुलाई को बैंक खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि 11 जुलाई को उनके इंडियन ओवरसीज बैंक खाते से क्रेडिट कार्ड 11 हजार 999 के चार, 99 हजार रुपए का एक और 76 हजार 763 रुपए का एक ट्रांजेक्शन हुआ है। इस प्रकार उनके क्रेडिट कार्ड से कुल दो लाख 23 हजार 459 रुपए का ट्रांजेक्शन फ्राड हुआ है। फरियादी का कहना है कि उन्होंने खुद कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया है। लिहाजा 14 जुलाई को रमेश कुमार महापात्रा ने साइबर सेल कोहेफिजा जाकर लिखित शिकायती आवेदन दिया। वहां से जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी कोलार रोड थाने भेजी गई है। कोलार पुलिस ने असल पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### गृहणी के खाते से 65 हजार की ऑनलाइन ठगी

कोलार पुलिस के अनुसार आम्र विहार फेस-4 कोलार रोड निवासी ज्योति राजपूत पत्नी रघुवर सिंह राजपूत (56) गृहणी हैं। विगत 16 जुलाई की दोपहर एमपीईबी के नाम से एक मैसेज आया था। उसके बाद एक मोबाइल नंबर से फोन आया और बताया कि आपका कन्ज्यूमर नंबर चेंज हो गया है। आपका बिजली बिल जमा नहीं हुआ है। बिल अपडेट करने के लिए 12 रुपए ऑनलाइन फीस जमा कर दीजिए। फिर अनजान व्यक्ति ने ज्योति राजपूत के मोबाइल पर एक लिंक भेजी। उन्होंने क्लिक कर मोबाइल में डाउनलोड कर ली। कॉल करने वाले सायबर जालसाज ने एटीएम कार्ड नंबर और पिन नंबर डालने के लिए कहा। पिन नंबर डालते ही फरियादिया के बैंक ऑफ इंडिया कोलार रोड के खाते से तीन बार में क्रमशः 49 हजार 930, 10 हजार और 5 हजार समेत कुल 64 हजार 930 रुपए कट गए।



स्मृति चिन्ह के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी और शिक्षक।

### स्कूल में उत्साह से मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

## बच्चों ने गुरु वंदना कर दी गीत और कविताओं की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप


विवेक जागृति विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस इसके बाद बच्चों ने गुरु महिमा पर आधारित गीत एवं कविताओं की प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य कपिल देव सिंह चौहान ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु ही जीवन में सही मार्गदर्शक होते हैं, जिनके ज्ञान संस्कार और मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने उज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और विद्यालय में 20 वर्षों से लगातार कार्यरत शिक्षकों का सम्मान किया गया।

### विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का किया सम्मान

गिरधर समूह संस्थान एवं गिरधर पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक, पुष्प एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मान किया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के सचिव अरविंद पाटीदार ने कहा कि गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाई जाती है।



## खबर संक्षेप



### रोशनपुरा चौराहे पर निगम ने तोड़ी दुकानें

**भोपाल।** शहर के रोशनपुरा चौराहे पर बुधवार को मेट्रो निर्माण के दायरे में आ रही दुकानों को तोडने की कार्रवाई निगम अमले ने की। इस दौरान मेट्रो के अधिकारी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मेट्रो प्रशासन ने यहां के करीब एक दर्जन दुकानदारों को कब्जे हटाने के नोटिस जारी किए थे। इस पर दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपने कब्जे हटा लिया थे। दुकानें खाली होने के बाद दीवार आदि ढहाने की कार्रवाई की गई।

### स्थानीय स्व-शासन संस्थान में विभिन्न पाठ्यक्रमों का उद्घाटन

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने बुधवार को अखिल भारतीय स्थानीय स्व-शासन संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों का उद्घाटन किया। उन्होंने शिवाजी नगर स्थित स्थानिक राज भवन में अखिल भारतीय स्थानीय स्व-शासन संस्थान द्वारा संचालित सेनेटरी इंस्पेक्टर डिप्लोमा एवं फायरमैन सर्टिफिकेट कोर्सेस का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित कोर्सेस की जानकारी प्राप्त की।


### अग्रवाल का हर्षोल्लास से मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल के प्रतिनिधि एवं पति बागिश अग्रवाल का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा, दीपू परमार, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, एल्डरमैन पवनजोत सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, अंकित अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि ने बधाई दी

### किसानों के समर्थन में कांग्रेस करेगी आंदोलन!





**औबेदुल्लागंज।** नगर में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष सूरजमल गौर ने संतोष सेन के कार्यालय में किसान गोष्ठी की। किसानों को मूंग तुलाई में आ रही दिक्कत, खाद नहीं मिलने से किसानों को हो रही परेशानी पर ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार ने कहा कांग्रेस किसानों के साथ है एवं उनकी हर समस्या को देख रही है। किसानों के समर्थन में कांग्रेस आंदोलन करने पर विचार कर रही है।


**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 338 | 45 | 690 |
| रात: | 199 | 93 | 689 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 257 | 45 | 168 |
| रात: | 667 | 9- | 000 |

### परवलिया थाना क्षेत्र स्थित झिरनिया गांव के पास हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, भाई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



परवलिया थाना क्षेत्र स्थित गांव झिरनिया के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई को मामूली चोट होने के कारण इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार अमन मिरोठा पिता दिनेश मिरोठा (20) मुगालिया हाट, परवलिया सड़क में रहता था और प्राइवेट काम करता था। सोमवार रात वह अपने भाई के साथ दोराहा सीहोर की तरफ से काम कर बाइक से घर लौट रहा था। उसके साथ उसका भाई भी था। रात करीब साढ़े आठ बजे दोनों ग्राम झिरनिया स्थित कलारी के आगे पहुंचे ही थे कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अमन को गंभीर चोट आई थी, जबकि भाई को मामूली चोट थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, वहां मंगलवार दोपहर अमन की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि अमन का भाई हादसे के बाद काफी डरा हुआ है। वह बता नहीं सका कि किस वाहन ने बाइक को टक्कर मारी थी। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### रिवर्स हो रहे डंपर ने बाइक सवार म्युजिक टीचर को कुचला, मौके पर मौत

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित बैरागढ़ चीचली में रिवर्स हो डंपर ने बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक पर सिलेंडर पकड़कर बैठी बहन पर सिलेंडर गिर गया और डंपर का पहिया भी उसके कंधे पर चढ़ गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे के आसपास की है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार वैशाली शर्मा पिता जय नारायण शर्मा (32) वंदना होम्स फेस वन कोलार में रहती थी। वह म्युजिक टीचर थी और घर में ही म्युजिक की क्लास लेती थी। बुधवार सुबह वह अपने भाई वैभव शर्मा के साथ बाइक से खाली सिलेंडर लेकर निकली थी। दोनों भाई बहन कोलार स्थित गैस एजेंसी जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे के आसपास वह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित रेंबो प्ले स्कूल के पास पहुंचे थे। दोनों की बाइक गलत साइड में थी और आगे कट पाइंट से उन्हें सही साइड में बाइक लेकर जाना था। इससे पूर्व ही सामने चल रहे डंपर के चालक ने डंपर चलाते हुए रिवर्स कर दिया। वैभव ने पुलिस को बताया कि डंपर के चालक ने इतनी तेजी से डंपर रिवर्स किया कि वह कुछ समझ ही नहीं सका और डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी।

### गैस रिसने से लगी आग, महिला की मौत, पति भी झुलसा

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित पटेल नगर भानपुर में गैस रिसने से सिलेंडर में लगी आग से एक महिला झुलस गई। उसे बचाने के प्रयास में उसके पति के हाथ भी झुलसे थे। झुलसने के बाद दोनों को हमीदिया अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मी उर्फ प्रार्थना लोधी पत्नी रामबाबू लोधी (25) पटेल नगर भानपुर में रहती थी। गत 23 जुलाई की रात गैस रिसने से आग लग गई। पत्नी की चीखपुकार सुनकर पति किचन में पहुंचा और लक्ष्मी के शरीर पर लगी आग बुझाने के बाद भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां से 24 जुलाई को पति उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे लक्ष्मी की मौत हो गई।

### भोपाल मेट्रो मुआवजा जवाब नहीं दिया तो कलेक्टर को होना होगा हाईकोर्ट में पेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि का वर्षों बाद भी मुआवजा नहीं दिए जाने के मामले में राज्य सरकार के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि यदि दो सप्ताह के भीतर संतोषजनक स्टेटस रिपोर्ट पेश नहीं की गई तो भोपाल कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होना होगा। अगली सुनवाई 17 अगस्त को निर्धारित की गई है। दरअसल, यह मामला भोपाल निवासी जाकिर अली खान और जाहिदा बी की अलग-अलग याचिकाओं से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि उनकी जमीन भोपाल मेट्रो परियोजना के लिए अधिग्रहित कर ली गई, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी उन्हें कानून के अनुसार मुआवजा नहीं मिला। इस पर उन्होंने हाई कोर्ट की शरण ली है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि आखिर याचिकाकर्ताओं को मुआवजा मिला या नहीं। यदि भुगतान नहीं हुआ तो उसके पीछे क्या कारण हैं। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अब तक की पूरी कार्रवाई का विवरण और मुआवजा भुगतान की स्थिति दो सप्ताह के भीतर शपथपत्र के साथ प्रस्तुत की जाए।

### लंगर में बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किए प्रसाद

## गुरुद्वारा में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व, हुए भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



वार्ड 10 के संत संतोखसिंह गुरुद्वारा में गुरु पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लाष से मनाई गई। गुरुद्वारा में दोपहर को भजन-कीर्तन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथाकार जगजीत सिंह (जीते भैया) ने प्रवचनों में कहा कि हमें अपना जीवन गुरु की सेवा करते हुए स्वच्छ मन से जीवन जीना चाहिए।

दोपहर 1:30 बजे गुरुघर के वजीर भगवान सिंह ने नगर और क्षेत्र में अमन शांति बनी रहे की अरदास कराई। इसके बाद लंगर चला। इस अवसर पर पंचायती गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष सुरजीत गिल, लखविंदर सिंह, कालूराम नायक, गुरपाल सिंह, मनिंदर सिंह, रणधीर सिंह सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।



सम्मान समारोह में फोटो शूट कराते अधिकारी और कर्मचारी।

### बीएचईएल के ऑफिसर्स क्लब में हुआ आयोजन

## भेल में नवपदोन्नत अधिकारियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब (बीओसी), भोपाल द्वारा हाल ही में कार्यपालक संवर्ग में पदोन्नत अधिकारियों के सम्मान में स्वागत एवं परिचय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवपदोन्नत अधिकारियों का स्वागत करना, क्लब की सुविधाओं से परिचित कराना तथा सांस्कृतिक, खेल, साहित्यिक और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना था।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं क्लब अध्यक्ष रुपेश तेलंग, महाप्रबंधक, ने अधिकारियों को पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए क्लब की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऑफिसर्स क्लब अधिकारियों के बीच संवाद, सहयोग और संगठनात्मक संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रभावी मंच है। इस अवसर पर नवपदोन्नत अधिकारियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा क्लब की सदस्यता ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया।

### इन उपकरणों का निर्माण हैदराबाद और बेंगलुरु इकाइयों में होगा

## नाइजीरिया से भेल को मिला 8 गैस टर्बाइन जेनरेटर पैकेजों की आपूर्ति का बड़ा ऑर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के उपक्रम भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने नाइजीरिया की डांगोटे पेट्रोलियम रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स फ्री जोन एंटरप्राइज से आठ गैस टर्बाइन जेनरेटर पैकेजों की आपूर्ति तथा उनके निर्माण और कमीशनिंग के पर्यवेक्षण का बड़ा ऑर्डर हासिल किया है। कड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच मिला यह ऑर्डर बीएचईएल की वैश्विक इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमता का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

इस परियोजना के तहत आठ गैस टर्बाइन जेनरेटर पैकेजों का निर्माण, आपूर्ति और साइट पर स्थापना व कमीशनिंग गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया जाएगा। इन उपकरणों का निर्माण बीएचईएल की हैदराबाद और बेंगलुरु इकाइयों में होगा। मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से यह गैस टर्बाइन जेनरेटर पैकेजों की आपूर्ति और पर्यवेक्षण के आधार पर बीएचईएल का अब तक का सबसे बड़ा एकल ऑर्डर है। कंपनी का मानना है कि यह ऑर्डर दुनिया भर में बीएचईएल की पहुंच को और बढ़ाएगा तथा एक वैश्विक इंजीनियरिंग उद्यम के रूप में बीएचईएल की क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा।

BHEL

### कंपनी पिछले 4 दशकों से विदेशों में कर रही आपूर्ति

बीएचईएल पहले भी मिस्र, इथियोपिया, लीबिया, रवांडा, सेनेगल और सूडान सहित कई अफ्रीकी देशों में बिजली परियोजनाओं का सफल निष्पादन कर चुकी है। नाइजीरिया में भी कंपनी 26 मेगावाट गैस टर्बाइन जेनरेटर पैकेज की आपूर्ति का कार्य पूरा कर चुकी है। कंपनी 4 दशकों से अधिक समय से भारत और विदेशों में विभिन्न ग्राहकों को गैस टर्बाइनों का निर्माण और आपूर्ति कर रही है तथा गैस टर्बाइन और जेनरेटर के दुनिया के विश्वसनीय निर्माताओं में से एक है। बीएचईएल के पास करीब 250 गैस टर्बाइनों की आपूर्ति का एक शानदार रिकॉर्ड है, जिसमें से 20% से अधिक आपूर्ति विदेशी ग्राहकों को की गई है, जो इस क्षेत्र में इसकी प्रभावशाली इंजीनियरिंग और विनिर्माण दक्षताओं को दर्शाता है।

### गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का किया गुणगान

## अष्टानिका व्रत के समापन पर हुए हवन और पुण्याहवाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



पार्श्वनाथ जिनालय में 9 दिवसीय 1008 नंदीश्वर विधान एवं सिद्ध चक्र विधान, आषाढ़ माह के अष्टानिका व्रत के सानंद संपन्न होने पर हवन एवं पुण्याहवाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन, जाप और पुण्याहवाचन मनोज जैन इजारदार द्वारा उच्चारण कर किया गया।

हवन एवं जाप में सुषमा,अर्चना कविता, संगीता भारती, पिंकी आशारानी, शिरोमणि प्रदीप, मीना भंडारी, रेखा, संगीता, दीपक, रोशनी, अमित, पूनम, इंदिरा, तरुण, नीति, शिल्पी, सुलोचना, नित्या, अनीता आदि सम्मिलित होकर अर्घ्य एवं धूप समर्पित कर अपने कर्मों का प्रक्षालन कर पुण्य अर्जन किया। गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम भी पूज्य एलक श्री दया सागर जी के सान्निध्य में मनाते हुए गौतम गणधर पूजन, सरस्वती पूजन, आचार्य विद्यासागर पूजन करते हुए गुरुओं का गुणगान किया गया। पूज्य एलक दयासागर जी ने गुरु पूर्णिमा पर अपने सारगर्भित प्रवचन में गुरुओं के उपकार का स्मरण करते हुए इसके महत्व का भी धार्मोक्त रूप से प्रकाशित, प्रतिपादन किया। नगर में जैन समाज इस धार्मिक आयोजन जिन धर्म की प्रभावना से प्रफुल्लित हो रही और आनंदित हो रही है।

### कुछ पार्षदों और अध्यक्ष प्रतिनिधि से जुड़े लोग सीएमओ के स्थानांतरण के प्रयास में लगे

## औबेदुल्लागंज नगर परिषद की राजनीति फिर गरमाई, सीएमओ को लेकर पक्ष-विपक्ष सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद की राजनीति एक बार फिर चर्चाओं में है। नगर परिषद की कार्यप्रणाली, सीएमओ, अध्यक्ष प्रतिनिधि, पार्षदों और भाजपा नेताओं को लेकर विभिन्न दावे और आरोप सामने आ रहे हैं। चर्चा है कि सीएमओ किरण रहांगडाले के पदभार संभालने के बाद कार्यशैली में बदलाव आया है तथा कथित रूप से लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच यह भी चर्चा है कि कुछ पार्षदों और अध्यक्ष प्रतिनिधि से जुड़े लोगों द्वारा सीएमओ का स्थानांतरण कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



फाइल फोटो

वहीं नगर परिषद के सब इंजीनियर मुकेश जैन के स्थानांतरण को भी इसी घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है।

नगर में अलग-अलग स्तर पर बैठकों और चर्चाओं का दौर जारी है। दूसरी ओर, सीएमओ के समर्थन में नपा उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, पार्षद हेमलता चौरसिया, भारती सेठी सहित कई सामाजिक एवं व्यापारिक वर्गों के लोगों ने अनौपचारिक रूप से उनकी कार्यशैली को जनहितकारी और नियमबद्ध बताया है। समर्थकों का कहना है कि प्रशासनिक अनुशासन और फिजूलखर्ची पर नियंत्रण से नगर परिषद की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। आम नागरिक सीएमओ के समर्थन में उनके साथ हैं वहीं अध्यक्ष पति के समर्थन में एक पार्षद एवं दो पार्षद पति एवं कर्तव्य विमुख कर्मचारी नजर आ रहे हैं। हालांकि इन दावों और आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। नगर परिषद में चल रही इस खींचतान को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हैं।

### पैक्ड घी के छह सैंपल लेकर राज्य लेबोरेटरी भेजे

# भोपाल में 14 लाख का 25 क्विंटल देसी घी जब्त

गोवर्धन धौलपुर फ्रेश देसी घी, द्वारकेश, शगुन और भूमि देसी घी ब्रांड मिले संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर के पालदा में नकली देसी घी की फैक्ट्री पकड़ाने के बाद राजधानी में घी की सप्लाई को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग का अमला सक्रिय हो गया है। बुधवार को दो टीमों ने एयरपोर्ट रोड पंचवटी कॉलोनी स्थित प्रोस्पेरिटी टेक और भानपुर स्थित नर्मदा सेल्स कॉरपोरेशन घी के थोक कारोबारियों के यहां छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीमों ने यहां से 14 लाख रुपए का करीब 25 क्विंटल गोवर्धन धौलपुर फ्रेश देसी घी, द्वारकेश, शगुन और भूमि देसी घी जब्त किया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि पंचवटी कॉलोनी करोंद स्थित प्रोपराइटर सूरज पांडे की प्रोस्पेरिटी टेक शॉप पर टीम पहुंची, यहां से गोवर्धन धौलपुर फ्रेश देसी घी की 15 किलो, 5 किलो, एक किलो और 500 ग्राम पैकिंग सहित करीब दस क्विंटल घी बरामद किया है, जिसकी कीमत साढ़े पांच लाख रुपए आंकी गई है।


खाद्य विभाग की टीम ने जब्त किया घी।

### संदिग्ध पैकिंग के बाद साढ़े आठ लाख का घी जब्त

दूसरी टीम ने रासलाखेड़ी भानपुर स्थित नर्मदा सेल्स कॉरपोरेशन पर जांच की तो, यहां द्वारकेश घी, शगुन घी, गोवर्धन घी समेत 15 क्विंटल भूमि घी जब्त किया, जिसकी कीमत साढ़े आठ लाख रुपए है। यहां से अलग-अलग ब्रांड के 10 सैंपल लिए गए हैं।

### बिना लाइसेंस कारोबार, दुकान होगी सील

टीम ने पंचवटी कॉलोनी स्थित प्रोस्पेरिटी टेक शॉप की जांच करने पर पता चला कि संचालक ने कारोबार का लाइसेंस तक नहीं लिया था। यहां से सैंपल लिए गए हैं। लाइसेंस नहीं होने पर दुकान को सील कर अलग से कार्रवाई की जाएगी।

## बाघ दिवस पर मिंटो हॉल में राज्य स्तरीय समारोह

# बाघ संरक्षण के नवाचारों को मिली नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर मिंटो हॉल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में वन विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्यजीव संरक्षण, वन सुरक्षा एवं मैदानी कार्यों के लिए वन विभाग को प्राप्त 26 आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


वन विभाग को प्राप्त 26 आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व अन्य।

### बारासिंघा फिल्म का टीजर किया लॉन्च

सतपुड़ा टाईगर रिजर्व पर आधारित बारासिंघा फिल्म तथा कान्हा टाइगर रिजर्व की टाइगर रीवाइल्डिंग फिल्म का टीजर भी जारी किया गया। वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 19 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

### डांस ड्रामा ने किया मंत्रमुग्ध

इस अवसर पर टीम अनु हितेश ने संगीतबद्ध डांस ड्रामा में भी बाघ में गीत, संगीत, नृत्य, अभिनय और भावनाओं का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


कार्यक्रम के दौरान डांस ड्रामा में प्रस्तुति देते कलाकार।

## द्रुत तीन ताल में तराना गाकर राग के सौंदर्य से श्रोता हुए परिचित


जनजातीय संग्रहालय में गायन और नृत्य की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

# कथक नृत्य में शबरी एवं श्रीराम कथा का वर्णन...



## गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जनजातीय संग्रहालय में गायन और नृत्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण, संवर्धन एवं सम्मान का सांस्कृतिक महोत्सव गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन जनजातीय संग्रहालय में किया गया। सांस्कृतिक संध्या का आरंभ कर्नाटक के युवा गायक सिद्धार्थ बेलमन्नू के शास्त्रीय गायन से हुआ। इसमें उन्होंने विलंबित एकताल की बंदिश पिया मोरे आनत.... की प्रस्तुति दी।



### मध्यलय तीन ताल में गुरु बिन ज्ञान... की प्रस्तुति

मध्यलय तीन ताल में गुरु बिन ज्ञान.... बंदिश प्रस्तुत की। गुरु की महानता को दर्शाती इस प्रस्तुति ने जीवन में गुरु के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर सिद्धार्थ ने मराठी अभंग गुरु कृपे विण.... प्रस्तुत कर सभागार में दिव्यता के भाव घोले। अंत में भैरवी में भजन गाकर प्रस्तुति को विराम दिया।



### कथक प्रस्तुति से दर्शाई गुरु-शिष्य परंपरा

कार्यक्रम की समापन प्रस्तुति निवेदिता पंड्या एवं साथी, इंदौर द्वारा कथक नृत्य की रही। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत पारंपरिक गणेश वंदना से की। इसके बाद कथक का ताल पक्ष दिखाते हुए गुरु-शिष्य परम्परा के अंतर्गत शबरी का अपने गुरु मतंग ऋषि के प्रति समर्पण एवं अनंत श्रद्धा के साथ श्रीराम से मिलने का प्रसंग नृत्य के माध्यम से सशक्तता के साथ अभिव्यक्त किया।

### नूतन कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर्व का आयोजन



## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुरु भक्ति की भावपूर्ण अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (नूतन) में छात्रसंघ प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में गुरु-पूर्णिमा पर 'ॐ पूर्णमदः, श्री गुरवे नमः' विषयक गुरु-पूजन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे प्राध्यापकों का सम्मान किया गया तथा छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-भक्ति की भावपूर्ण अभिव्यक्ति दी। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी ने भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य



परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को जिज्ञासा और ज्ञान-पिपासा को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।


गुरु-पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेतीं छात्राएं।

## खबर संक्षेप

### शहीद भवन में 'रफी नामा' का आयोजन आज

**भोपाल।** स्वर सम्राट मोहम्मद रफ़ी की 46वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर संगीत प्रेमियों के लिए यादगार



संध्या सजने जा रही है। मेलोडी जंक्शन ग्रुप एवं सृजन कामना समाज कल्याण एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार शाम 5:30 बजे शहीद भवन में रफ़ी नामा-10 : आन मिलो सजना का आयोजन होगा।

### हिंदी भवन में प्रेमचंद जयंती पर कल होगा कहानी पाठ

**भोपाल।** मुंशी प्रेमचंद की जयंती



31 जुलाई के अवसर पर हिंदी भवन में 'युवा संवाद' मंच द्वारा कहानी पाठ एवं परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 31 जुलाई को सुबह 11 बजे से होगा। संवाद में शहर के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में युवा मुंशी प्रेमचंद की तीन कहानियों का पाठ करेंगे। इनमें नमक का दारोगा, पंच परमेश्वर और जिहाद शामिल हैं। कार्यक्रम की समन्वयक एवं पं मोतीलाल नेहरू स्मारक पुस्तकालय की पुस्तकालयाध्यक्ष सीमा नेमा ने बताया कि मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति में इस नए प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसके संयोजक गब्बर सिंह होंगे। समिति के मंत्री संचालक डॉ. विकास दवे ने इस पहल का स्वागत करते हुए युवाओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।




## पर्यावरण संरक्षण के लिए अमरूद, जामुन सहित 50 फलदार एवं औषधीय पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिशांजलि एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के समीप एक फार्म हाउस में पौधरोपण अभियान आयोजित किया। अभियान में अमरूद, जामुन, सीताफल, मोरिंगा, नीम, नींबू सहित 50 फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार पाटीदार एवं कर्नल पंकज कालरा के मार्गदर्शन में करीब 20 स्वयंसेवकों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समापन पर प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की गई।

## ऑनलाइन साप्ताहिक लघुकथा गोष्ठी आयोजित

**भोपाल।** लघुकथा शोध केंद्र समिति की ऑनलाइन साप्ताहिक बुधवारीय लघुकथा गोष्ठी में वरिष्ठ लघुकथाकार घनश्याम मैथिल 'अमृत' ने कहा कि लघुकथा लिखने, पकने और छपने के बीच लेखक को समय और संयम रखना चाहिए।

अपने सृजन को बार-बार पढ़ने से उसमें सुधार की संभावनाएं बढ़ती हैं। गोष्ठी में पश्चिम बंगाल की लघुकथाकार चंदा प्रहलादिका ने भूख, सम्मान, धोखा, सुकून और भूख और इंसानियत सहित कई लघुकथाओं का प्रभावी पाठ किया। रचनाओं पर पदम गोधा, साकार श्रीवास्तव, विधु भूषण मंडल और अनीता रश्मि ने समीक्षात्मक टिप्पणियां दीं। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी देशपांडे ने तथा स्वागत एवं रूपरेखा प्रस्तुति कांता रॉय ने की। देशभर के अनेक साहित्यकार और पाठक ऑनलाइन जुड़े।

### विद्यार्थियों ने दी मनमोहक नृत्य एवं भक्ति की प्रस्तुति

## चक्रधर कल्चरल सेंटर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चक्रधर कल्चरल सेंटर में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक नृत्य एवं भक्ति प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में विद्या एवं अन्वी ने भावपूर्ण गुरु स्तुति प्रस्तुत की। इसके बाद लाभांशी एवं अनिका ने मधुराष्टकम् की मधुर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं रियांशी एवं



नित्या ने वक्रतुण्ड महाकाय पर सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, अनुशासन एवं समर्पण का सुंदर संदेश दिया।

## स्थानीय खेल समाचार




## अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में पहलवानों ने उत्साह से मनाई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया स्थित अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में पहलवानों ने गुरु पूर्णिमा उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर शिष्य पहलवानों ने अपने गुरु विश्वामित्र अवॉर्डी शाकिर नूर एवं विक्रम अवॉर्डी व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच शाकिर नूर फातिमा बानो को पुष्पहार पहनाया एवं उनके चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अखाड़े के राष्ट्रीय पहलवान अखंड प्रताप सिंह को माइनिंग इंस्पेक्टर के लिए चयनित होने पर अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल के सभी पहलवानों ने बधाईयां दीं।

# खो-खो बालिका स्पर्धा में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रिंस कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल, सुल्तानपुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-12 खो-खो बालिका चैंपियनशिप 2026 में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईदगाह हिल्स, भोपाल की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता (रनर-अप) बनने का गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट की टीम ने प्रिंस कॉन्वेंट स्कूल, सुल्तानपुर, किड्स कॉलेज, इंदौर तथा सिक्का स्कूल, इंदौर को एकतरफा मुकाबलों में पराजित किया। इसके बाद सेमीफाइनल में सेंट रैफेल्स स्कूल, इंदौर को भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हराकर फाइनल में प्रवेश किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम ने अंत तक संघर्षपूर्ण और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन बेहद कांटे की टक्कर में मात्र एक अंक से पराजित होकर उपविजेता रही।



क्लस्टर-12 खो-खो बालिका चैंपियनशिप मे विजयी कप के साथ उपविजेता टीम।




### सौम्या नहर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अटैकर घोषित किया


टीम की कप्तान सौम्या नहर को पूरे टूर्नामेंट में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चैंपियनशिप की सर्वश्रेष्ठ अटैकर घोषित किया गया। टीम के मुख्य प्रशिक्षक विष्णु कांत सहाय एवं प्रबंधक अनुष्का के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर लिली, उप-प्राचार्य सिस्टर स्टेनिया, खेल विभाग के अधिकारी रवदीप सिंह मल्हारी, जितेन्द्र शुक्ला, भूमिका सिंह, अमनदीप कौर, कीर्ति गोस्वामी, श्रद्धा पाटिल सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने टीम को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# दुनिया भर में आज रिलीज होगा रामायण का ट्रेलर...

**मुंबई।** 'रामायण' का ट्रेलर 30 जुलाई को भारतीय समय के अनुसार सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। खबर यह भी है कि आज रिलीज हो रही हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ 'रामायण' का ट्रेलर अटैच रहेगा। इससे पहले ट्रेलर 24 जुलाई को रिलीज होने वाला था। हालांकि, बाद में मेकर्स ने इसे टाल दिया। 'रामायण' के निर्माता नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा 'शुभ ब्रह्म मुहूर्त में, हम 30 जुलाई , गुरुवार को सुबह 4:15 बजे दुनिया भर में अपने ट्रेलर के साथ रामायण के आगमन का स्वागत करते हैं।'

लाइफ Style



# काजल

## असिस्टेंट डायरेक्टर ने की शर्मनाक हरकत

*बॉलीवुड में अक्सर हम देखते हैं कि एक्ट्रेसेस ही नहीं एक्टर भी अपने साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर शॉकिंग बातें शेयर करते हैं। कई स्टार्स ने बचपन में खुद के साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर भी खुलासे किए। ऐसे में अब एक जानी मानी एक्ट्रेस ने अपने साथ हुई एक शॉकिंग घटना के बारे में बताया है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस का कहना है कि फिल्म सेट पर एक फैन से हुई मुलाकात ने उन्हें काफी परेशान कर दिया था। ये कोई और नहीं, बल्कि साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस काजल अग्रवाल हैं। काजल ने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्में दी हैं। यही नहीं, उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी जबरदस्त है। हाल ही में काजल ने खुद के साथ हुई एक शॉकिंग घटना का जिक्र किया। काजल ने बताया कि एक असिस्टेंट डायरेक्टर बिना उनकी परमीशन के उनके कारवां में घुस आया, जब वह अकेली थीं। इसके बाद वो अपने अपने शरीर पर काजल के नाम का टैटू दिखाने लगा, जिसने एक्ट्रेस को चौंका दिया। हालांकि, उन्होंने इस जेस्चर की तारीफ की, लेकिन उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह सब हुआ, वह हद पार करने जैसा था। काजल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'कुछ दिन पहले, एक फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद मैं अपने कारवां में आराम कर रही थी। तभी, फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने वाला एक व्यक्ति बिना इजाजत लिए अचानक मेरे कारवां में घुस आया। उसने तुरंत अपनी शर्ट उतारी और मुझे अपनी छाती पर बना मेरे नाम का टैटू दिखाया। मैं इस घटना से इतनी हैरान रह गई कि मेरे हाथ-पैर कांपने लगे।'

## हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी गेम का टूट गया कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** सोनी ने 'जुमानजी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'जुमानजीः ओपन वर्ल्ड' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट, जैक ब्लैक और कैरेन गिलन की झलक देखने को मिलती है। 3 मिनट 6 सेकंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि जुमानजी गेम का कंट्रोल टूट गया है। वीडियो गेम के किरदार असली दुनिया में आ गए हैं। जंगल के खतरनाक जानवर खुलेआम सड़कों पर तबाही मचा रहे हैं। गेम के हीरो मिलकर इस खेल को रोकने की कोशिश करते हैं।



# बायोपिक के लिए एक्ट्रेस का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन...


**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिनेमा की लोकप्रिय अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए को उसमें डकोटा जॉनसन का नाम शामिल होता है। फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे जैसी फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वालीं डकोटा इस वक्त अपनी एक अपकमिंग फिल्म के लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जो हॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस और गायिका रहीं मर्लिन मुनरो के जीवन पर आधारित होगी। ये एक शॉर्ट फिल्म होगी, जिससे अब डकोटा जॉनसन का फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जिसे देख आप मर्लिन और डकोटा में फर्क नहीं निकाल पाएंगे। हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार डकोटा जॉनसन कितनी कमाल की और मेहनती एक्ट्रेस हैं, उसका अंदाजा आप मर्लिन मुनरो की बायोपिक शॉर्ट फिल्म फ्लैश इम्पेक्ट के फर्स्ट लुक को देखकर आसानी से लगा सकते हैं।

हाल ही में मेकर्स की तरफ से इसका फर्स्ट लुक रिलीज किया गया है, जिसमें डकोटा जॉनसन हूबहू मर्लिन की तरह दिख रही हैं।



# चकदा एक्सप्रेस रिलीज न हो पाने का अफसोस

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' रिलीज नहीं हो सकी है। इसका अभिनेत्री रेणुका शहाणे को अफसोस है। उनका कहना है कि पूरी टीम ने इस फिल्म पर काफी मेहनत की थी और झूलन गोस्वामी जैसी दिग्गज क्रिकेटर की प्रेरणादायक कहानी ऑडियंस तक पहुंचनी चाहिए थी। रेणुका शहाणे ने कहा, 'मुझे दुख है, क्योंकि चकदा एक्सप्रेस बहुत अच्छी बनी है। इसके निर्देशक प्रोसित रॉय ने काफी मेहनत की है। अनुष्का शर्मा समेत पूरी टीम ने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की। पीरियड फिल्म बनाना प्रोडक्शन के स्तर पर काफी चुनौतीपूर्ण और खर्चीला होता है। इसे बहुत बारीकी से तैयार किया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'सबसे अहम बात यह है कि यह झूलन गोस्वामी जैसी उम्दा क्रिकेटर की कहानी है। उनका संघर्ष वाकई प्रेरणादायक है।



# आर्यभट्ट में कभी हार न मनाने का मैसेज

**मुंबई।** रवि किशन, शिल्पा शिंदे और हिमांश कोहली से सजी फिल्म 'आर्यभट्ट का जीरो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म फिर से आपको एक आईएएस बनने की चाह रखने वाले लड़के के पास ले जाएगी। इसकी दमदार कास्ट कहानी में रंग भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। । 'आर्यभट्ट का जीरो' 7 अगस्त, को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

2 मिनट 38 सेकंड का यह ट्रेलर एक साधारण लड़के की असाधारण यात्रा की झलक दिखाता है, जो असफलताओं, टूटे सपनों, दिल टूटने, पारिवारिक जिम्मेदारियों और लगातार सामाजिक मजाक से जूझते हुए सम्मान और आत्मसम्मान की तलाश करता है। पिता-बेटे का भावुक रिश्ता, जीवन की सबसे कठिन चुनौतियां और कभी हार न मानने का मैसेज ट्रेलर को खास बनाते हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा को 18 साल पूरे, मनाया गया जश्न

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिर्फ एक सीरियल नहीं, बल्कि इमोशन बन चुका है। सीरियल का सफर साल 2008 में आज के ही दिन शुरू हुआ था। 28 जुलाई को इस सीरियल ने 18 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर जश्न भी भव्य मनाया गया। मेकर्स ने इवेंट आयोजित किया। जहां, जेठा लाल यानी दिलीप जोशी, बापू जी (अमित भट्ट) और पोपटलाल (श्याम पाठक) को एक साथ देखा गया। शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हो गई है। आज भी यह पसंदीदा शो बना हुआ है। पूरा परिवार साथ बैठकर इसका लुत्फ उठाता है। सीरियल के 18 साल पूरे होने पर जश्न मनाया गया, जहां सीरियल की कास्ट शामिल हुई। इवेंट में जेठा लाल, पोपटलाल और बापूजी साथ नजर आए। इस दौरान तीनों ने पैप्स को पोज दिए। इस आइकॉनिक सीरियल में बापूजी का किरदार एक्टर अमित भट्ट निभाते हैं। उनकी उम्र 53 वर्ष है। शो में अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए वे टोपी का सहारा लेते हैं। इसी के जरिए वे अपने काले बाल छिपाते हैं। एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी बीच अभिनेत्री मुनमुन दत्ता का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है। 'तारक मेहता' में मुनमुन को बबीता जी की भूमिका में देखा जाता है। वायरल वीडियो में वे पैपराजी पर नाराज होती दिख रही हैं। सीरियल को 18 साल पूरे होने पर निर्माता असित मोदी ने पोस्ट साझा कर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, '18 साल! यकीन नहीं होता कि आज इस सफर को पूरे 18 साल हो गए।

## ओटीटी पर दिखेगी महाभारत के वीर योद्धा की कहानी

**नई दिल्ली।** महाकाव्य महाभारत सिनेमा जगत का सबसे लोकप्रिय माइथोलॉजिकल जॉनर माना जाता है। बी आर चोपड़ा के महाभारत टीवी सीरियल से लेकर अब तक कई सारे धारावाहिक, फिल्म और सीरीज का निर्माण किया जा चुका है। अब इस मामले में एक और नई सीरीज द लीजेंड ऑफ करण का नाम शामिल हो रहा है, जिसमें महाभारत के वीर योद्धा कर्ण की कहानी को दर्शाया जाएगा। द लीजेंड ऑफ करण की ओटीटी रिलीज की तरफ तो पौराणिक कहानी वाली इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 31 जुलाई 2026 को ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा। महाभारत के सबसे लोकप्रिय और चर्चित पात्र में कर्ण का नाम शामिल होता है। अब उनके व्यक्तिगत जीवन पर आधारित द लीजेंड ऑफ करण का निर्माण किया गया है। इससे पहले आपको अर्जुन और भगवान कृष्ण जैसे महाभारत पात्रों पर सीरीज और टीवी शोज देखने को मिले होंगे।



# फिर साथ में काम करने के लिए तैयार शरवरी-वेदांग,इम्तियाज से मिलाया हाथ

*फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में दर्शकों की दिल जीतने के बाद शरवरी वाघ और वेदांग रैना एक बार फिर एक नए प्रोजेक्ट में एक-साथ नजर आने वाले हैं। खबरों की मानें तो इन कलाकार को निर्देशक इम्तियाज अली की अगली रोमांटिक फिल्म में लीड रोल के लिए साइन किया गया है। इसकी शूटिंग नवंबर में शुरू हो सकती है।*

**मुंबई।** लंबे समय तक चली राइटिंग प्रोसेस के बाद बिना नाम वाली फिल्म की पटकथा पूरी हो गई है। इसका मुख्य डेवलपमेंट का काम पूरा हो चुका है। कास्टिंग भी पूरी हो गई है और अब प्रोडक्शन टीम लोकेशन खोजने, शेड्यूल बनाने और दूसरी योजना पर ध्यान देगी। ताकि इस साल के आखिर में शूटिंग शुरू हो सके।



प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मेकर्स को भरोसा है कि सब कुछ सही चल रहा है। टीम अब प्री-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है और यह पक्का कर रही है कि नवंबर में प्रोडक्शन शुरू होने से पहले सभी क्रिएटिव और टेक्निकल इंतजाम पूरे हो जाएं। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इम्तियाज अली को लगता है कि शरवरी और वेदांग रैना फिल्म के इमोशनल माहौल के लिए एकदम सही हैं। दोनों एक्टर्स ने हाल के कुछ परफॉर्मेंस से अपनी अच्छी पहचान बनाई है। उनका साथ आना इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबियों में से एक होगा।'मैं वापस आऊंगा' में उनकी जोड़ी चर्चा में रही थी। दूसरी बार उनका साथ आना उन दर्शकों के लिए और भी रोमांचक है, जो उन्हें फिर से साथ देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 'मैं वापस आऊंगा' इसी साल 12 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है।

### अगस्त का महीना होगा धमाकेदार, थिएटर्स में रिलीज होंगी ये दमदार फिल्में

**नई दिल्ली।** अगस्त का महीना मूवी लवर्स के लिए बेहद खास होने वाला है। अगस्त में आपको एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज मिलेगा। ये महीना भी थिएटर में एक से बढ़कर एक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। जुलाई की तरह ही आप इस महीने भी मनोरंजन का पूरा मजा लेने वाले हैं। इस महीने एक दो नहीं बल्कि 12 धमाकेदार फिल्में थिएटर में बवाल मचाएंगी। इसमें आपको एक्शन से लेकर क्राइम, थ्रिलर और रोमांस का फुल डोज मिलने वाला है।

# दो पार्ट में बनेगी राका शाहरुख करेंगे स्पेशल कैमियो

**मुंबई।** पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन अब जवान के डायरेक्टर एटली के डायरेक्शन में बन रही साइंस-फिक्शन फिल्म 'राका' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने की तैयारी में हैं। ये एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बताया जा रहा है और इसते हाई-एंड वीएफएक्स लिए इंटरनेशनल स्टूडियोज के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। वहीं,अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 'राका' दो पार्ट में बनेगी। शाहरुख खान का फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस अभी शूट नहीं हुआ है और इसे विदेश में होने वाले शेड्यूल के दौरान शूट किया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'राका' एक ऐसी कहानी दिखाएगी जो दो अलग-अलग दौर पर आधारित है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त रतनपुर सडक तहसील-कोलार, जिला भोपाल**

**क्रमांक 1645/अ-6/2026-27**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक श्री बृजवती मालवीय आत्मज कैलाश मालवीय निवासी भोपाल म.प्र. आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि प्रेस्टीन विला ग्राम-रतनपुरं सडक स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1018/2 एवं 1020 के अंश भाग पर स्थित आवासीय भूखण्ड क्रमाक 02 रकबा 74.34 वर्गमीटर पर आवेदक के पति श्री कैलाश मालवीय जिनकी मृत्यु दिनांक 22/07/2016 को हो जाने के पश्चात उनके वैध वारिसानो के आधार पर नांमातरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति होतो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 20/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, तहसीलकोलार, भोपाल**

**जनतंत्र गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल**
**कार्या.-117 सेक्टर-1 शक्तिनगर भोपाल-24 पंजी. क्र. डी.आर.बी./153 दि. 30.08.1979**

**विषय : वार्षिक आमसभा की सूचना**

संस्था से सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की आमसभा के दि.23.08.2026 दिन रविवार को प्रातः 10.30 बजे संस्था के कार्यालय पर आयोजित की गई है। अनुरोध है कि आमसभा में सम्मिलित होकर समिति के कार्यों में सहयोग प्रदान करें।
नोटः आमसभा के आवश्यक गणपूर्ति न होने पर बैठक आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी जावेगी। तत्पश्चात स्थगित बैठक उसी स्थान पर उसी दिनांक को की जावेगी जिसके लिए फोरम का बंधन आवश्यक नहीं होगा।

**अध्यक्ष**
**जनतंत्र गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)**
**हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)**
**चतुर्थ तल, मुख्यालय भवन (सेकेन्ड स्टॉप के समीप), लिंक रोड़-2, भोपाल**

::सार्वजनिक सूचना::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत श्याम नगर पार्ट-2 ई.डब्ल्यू.एस. स्लम परियोजना के ब्लॉक / आवास क्रं. A-09/202 की आवंटी श्रीमती उर्मिला मिश्रा पत्नी स्व. श्री भैयालाल मिश्रा का स्वर्गवास के पश्चात् उनके पुत्र श्री ओमप्रकाश मिश्रा द्वारा स्वयं के नाम पर आवास परिवर्तन हेतु एच.एफ.ए. कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित रूप से हाउसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (एच. एफ.ए. कार्यालय) चतुर्थ तल, मुख्यालय भवन (सेकेन्ड स्टॉप के समीप), लिंक रोड़-2, भोपाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और उक्त ब्लॉक / आवास क्रं. A-09/202 को आवेदक श्री ओमप्रकाश मिश्रा आत्मज स्व. श्री भैयालाल मिश्रा के नाम से नामांतरित कर दिया जायेगा।

**जोनल अधिकारी (एच.एफ.ए.)**
सू. क्र.0517/026/027 **नगर पालिक निगम, भोपाल**

**म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.**
**मुख्यालय, जहांगीराबाद भोपाल**

**क्र./यां.शा./543/2026** **भोपाल, दिनांक 29.07.2026**

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा पी.एम.आर.के.व्ही.वाय. डी.पी.आर. कम्पोनेंट प्रोजेक्ट मोड अंतर्गत बीज निगम के प्रक्षेत्र बैरसिया, जिला भोपाल में सीड पार्क विकसित करने के अंतर्गत तालिका में दर्शित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएँ **दिनांक 14.08.2026 को सायं 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होंगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2396 | Development of Seed Park & Construction of Soil Testing Lab (Ground Floor), Quality Control Lab (First Floor), Administrative Block (Ground and First Floor), Training Center (Ground and First Floor), Cold Storage, Godown Warehouse, threshing floor, Shed, Pump House & Weigh Bridge Room At Farm-Berasia Distt. Bhopal for Rajya Beej Evam Farm Vikas Nigam Under PM-RKVY Fund (1st Call) | 8,08,07,441/- |

**नोट :-** 01. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/127257/2026 **मुख्य अभियन्ता (सि.)**



बरसात के दिनों में खान-पान में की गई जरा-सी लापरवाही आपके स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। इसलिए इस मौसम में अपनी डाइट में पौष्टिक, संतुलित और स्वच्छ खाद्य पदार्थों को शामिल करना बेहद जरूरी है।

# रेनी सीजन के लिए कैसा हो डाइट प्लान

**डाइट सजेशन**

शिखर चंद जैन



मानसून या बरसात का मौसम गर्मी से राहत तो लाता है, लेकिन अपने साथ कई तरह की बीमारियां और स्वास्थ्य चुनौतियां भी लेकर आता है। आयुर्वेद के अनुसार, इस मौसम में शरीर की जठराग्नि कमजोर हो जाती है, जिससे पाचन तंत्र संवेदनशील हो जाता है। इसलिए डाइट को लेकर सजग रहना जरूरी है।

**दिन की शुरुआत:** विशेषज्ञों के अनुसार, बरसात के मौसम में सुबह की शुरुआत चाय या कॉफी के बजाय गुनगुने पानी, नीबू पानी या हर्बल काढ़े से करनी चाहिए। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, अदरक, तुलसी, काली मिर्च और दालचीनी से बना काढ़ा एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होता है। यह आपके श्वसन तंत्र को साफ रखता है और मौसमी फ्लू से बचाता है। अदरक में मौजूद 'जिंजरोल' नामक तत्व सूजन और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।



**उबला पानी ही पिएं:** बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा बीमारियां दूषित पानी के कारण होती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के अनुसार, इस मौसम में पानी को कम से कम 10 मिनट तक उबालकर और ठंडा करके ही पीना चाहिए। उबलने से पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। लोग अकसर इस मौसम में प्यास कम लगने के कारण कम पानी पीते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास उबला हुआ पानी जरूर पिएं ताकि टॉक्सिंस बाहर निकल सकें।

**सुपाच्य-गर्म नाश्ता:** मानसून में सुबह का नाश्ता हल्का, सुपाच्य और ताजा होना चाहिए। शोध बताते हैं कि ठंडा या रखा हुआ खाना बैक्टीरिया के पनपने का मुख्य केंद्र होता है। अपने नाश्ते में दलिया, ओट्स, पोहा या सूजी का उपमा शामिल करें। इनमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पेट को साफ रखती है। इसमें थोड़ी-सी हल्दी और राई का तड़का लगाएं, जो अपने एंटी-सेप्टिक गुणों के लिए जाने जाते हैं।

**मौसमी फल:** फलों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है, लेकिन बरसात में फल चुनते समय सावधानी बरतनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, तरबूज या खरबूजा जैसे अत्यधिक पानी वाले फलों से इस मौसम में बचना चाहिए, क्योंकि ये जल्दी खराब होते हैं। इसके बजाय सेब, नाशपाती, अनार, पपीता और जामुन जैसे फलों को प्राथमिकता दें। जामुन में एंटी-ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं और यह पाचन क्रिया को सुधारता है। ध्यान रहे कि फलों को काटने के तुरंत बाद खा लें, उन्हें लंबे समय तक काटकर खुला न छोड़ें।

**मौसमी सब्जियां:** आमतौर पर हरी पत्तेदार सब्जियों को सेहतमंद माना जाता है, लेकिन मानसून में इनमें कीड़े, लार्वा और फंगस लगने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। जर्नल ऑफ फूड प्रोटेक्शन के शोध बताते हैं कि इस मौसम में पत्तागोभी, पालक और ब्रोकली की परतों में छिपे बैक्टीरिया धोने के बाद भी पूरी तरह नहीं निकलते। इसकी जगह लौकी, तोरई, कद्दू, टिंडा और परवल जैसी बेल वाली सब्जियों का सेवन करें। ये सब्जियां हल्की होती हैं और पेट पर अतिरिक्त दबाव नहीं डालतीं।

**छाछ, दही और कांजी:** पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए आंतों के अच्छे बैक्टीरिया का स्वस्थ होना जरूरी है। न्यूट्रिशनिस्ट्स के अनुसार, दोपहर के भोजन में घर का जमा हुआ ताजा दही या जीरा-हींग युक्त छाछ शामिल करें। प्रोबायोटिक्स आंतों की परत को मजबूत करते हैं और संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया को पेट में टिकने नहीं देते।

**एंटी-बैक्टीरियल मसाले:** भारतीय रसोई में इस्तेमाल होने वाले मसाले प्राकृतिक दवा की तरह काम करते हैं। बरसात के दिनों में खाना बनाते समय हल्दी, जीरा, धनिया, मेथी दाना, हींग और लहसुन का प्रयोग थोड़ा बढ़ा दें। *

**(डायटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

**डॉक्टर्स एडवाइस**



डॉ. विनोद चवन
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट-कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, नवी मुंबई

स्पेशल: वर्ल्ड लंग कैंसर-डे, 1 अगस्त

जब फेफड़ों के किसी भाग या टिश्यूज में स्थित कोशिकाएं अनियंत्रित तरीके से बढ़ने लगती हैं, तब फेफड़ों के किसी भाग में गांठ (नोड्यूल) बनना शुरू हो जाती हैं, जो बाद में फेफड़े के कैंसर का कारण बनती है। इसके होने के कई कारण हैं। लेकिन समय पर पता लगने पर अब इसका ट्रीटमेंट संभव है। लंग कैंसर से जुड़ी उपयोगी जानकारी आपको यहां दे रहे हैं।

# लाइलाज नहीं रहा लंग कैंसर

ऑक्सीजन को शरीर के समस्त अंगों तक फेफड़े ही पहुंचाते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप आपके जीवन का सफर आगे बढ़ता रहता है, किंतु शरीर का यह महत्वपूर्ण अंग जब कैंसरग्रस्त होता है, तब जीवन पर संकट के बादल छाने लगते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार भारत में पुरुषों में अन्य अंगों की तुलना में फेफड़ों के कैंसर के सर्वाधिक मामले सामने आते हैं। लंग कैंसर दो प्रकार के होते हैं-

**नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर:** ये फेफड़ों के कैंसर का सबसे कॉमन प्रकार है। लंग्स कैंसर के ज्यादातर मामले एनएससीएलसी से संबंधित होते हैं।

**स्मॉल सेल लंग कैंसर:** नॉन स्मॉल सेल लंग कैंसर की तुलना में स्मॉल सेल लंग कैंसर (एससीएलसी) कहीं अधिक तेजी से बढ़ता है और इसका इलाज करना कठिन होता है।

## लंग कैंसर के कारण

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में फेफड़ों के कैंसर के लगभग 80 प्रतिशत मामले विभिन्न रूपों में धूम्रपान के कारण सामने आते हैं। धूम्रपान के अतिरिक्त जो लोग धूम्रपान करने वाले लोगों के संपर्क में आते हैं, उनमें भी कालांतर में फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। धूम्रपान करने वाले लोगों के निकट रहने वाले को पैसिव स्मोकर कहा जाता है।

**जेनेटिक गड़बड़ी:** धूम्रपान से शरीर में ऐसे तमाम केमिकल्स फेफड़ों में जाते हैं, जो कालांतर में जींस में गड़बड़ी उत्पन्न करते हैं और यह स्थिति एक अर्से बाद कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है। वहीं जिन लोगों के परिवार के सदस्यों में फेफड़ों का कैंसर अतीत में रहा हो, उनमें लंग कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है।

**वायु प्रदूषण से बढ़े रिस्क:** शहरों में सड़कों पर वाहनों का धुआं भी लोगों के फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यह स्थिति कालांतर में फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा रही है। देश के अनेक महानगरों और छोटे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दिनोंदिन खराब होता जा रहा है। जिस सूचकांक को 100 के अंदर होना चाहिए वह लगभग 200 के पार और अनेक बड़े शहरों में 400 के पार तक पहुंच जाता है।





## लंग कैंसर के प्रमुख लक्षण

- मामूली शारीरिक परिश्रम करने पर भी सांस फूलने लगती है या सांस लेने में दिक्कत होना।
- गहरी सांस लेते समय सीने में दर्द होना।
- लगातार बनी रहने वाली खांसी जो लगभग तीन से चार हफ्ते से जारी हो। खांसी की आमतौर पर ली जाने वाली दवाओं के सेवन के बाद भी इस समस्या का बढ़ते जाना।
- खांसने पर या बलगम में खून आना।
- किसी कारण के बिना वजन का कम होना।
- हमेशा लो एनर्जी फील करना, बेवजह बहुत थकान महसूस होना।
- निगलने में दिक्कत और आवाज बैठना।
- सीने में घरघराहट महसूस होना।

हालांकि उपरोक्त लक्षणों का होना इस बात का सूचक नहीं है कि आपको फेफड़े का कैंसर है। इनमें से कई लक्षण अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से भी संबंधित हो सकते हैं। बावजूद इसके यदि आपको इनमें से कोई लक्षण कुछ हफ्तों तक महसूस हों, तो आपको डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

## कैंसर की अवस्थाएं



**स्टेज 1:** जब कैंसर की गांठ या नोड्यूल फेफड़े के किसी एक निश्चित भाग तक ही सीमित रहता हो।

**स्टेज 2:** जब कैंसर फेफड़े के अंदर लिंफ नोड्स तक फैल गया हो या फेफड़े के एक ही लोब में एक से अधिक गांठें हों।

**स्टेज 3:** कैंसर जब दूसरे फेफड़े में फैल चुका हो।

**स्टेज 4:** कैंसर जब फेफड़े और दिल के आस-पास के द्रव या अन्य अंगों तक फैल चुका हो। इस गंभीर स्थिति को मेटास्टेटिक लंग कैंसर कहते हैं। मेटास्टेटिक, कैंसर का ऐसा प्रकार है, जो एक फेफड़े में शुरू होता है लेकिन दूसरे फेफड़े या अन्य अंगों में फैल जाता है। फेफड़ों के ऐसे कैंसर का इलाज उस कैंसर की तुलना में कहीं ज्यादा जटिल होता है, जो अपने मूल स्थान से बाहर किसी दूसरे अंगों तक नहीं फैला होता है।

## डायग्नोसिस के तरीके

इसके डायग्नोसिस के लिए पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट, सीने का एक्स-रे, एमआरआई, पैट सीटी स्कैन और सीटी स्कैन शामिल हैं। इसके अलावा ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, स्प्यूटम टेस्ट, बायोप्सी और ब्रॉन्कोस्कोपी आदि जांचें भी कराई जाती हैं।

## इलाज के तरीके हैं कई

विशेषज्ञ डॉक्टर फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त मरीज के उपचार की प्रक्रिया का निर्धारण उसके कैंसर की स्टेज, उसकी शारीरिक स्थिति और उम्र आदि बातों के मद्देनजर सुनिश्चित करते हैं। चिकित्सा विज्ञान में हुई चमत्कारिक प्रगति के कारण अब सर्जिकल प्रक्रिया अतीत की तुलना में मरीज के लिए कहीं ज्यादा लाभदायक हो चुकी है। यही बात कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी के संदर्भ में भी लागू होती है।

**सर्जरी:** इसके अंतर्गत फेफड़े के कैंसरग्रस्त भाग या प्रभावित टिश्यू को सर्जरी के जरिए निकाला जाता है। जब कैंसरग्रस्त भाग एक ही जगह पर हो और वह शरीर के अन्य भागों में नहीं फैला हो, तब सर्जरी की जाती है।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसके अंतर्गत प्रोटॉन थेरेपी, लीनियर एक्सिलरेटर्स, 'गामा नाइफ' और 'साइबर नाइफ' आदि का इस्तेमाल किया जाता है। अब आधुनिक रेडिएशन थेरेपी के जरिए कैंसरग्रस्त भाग के आस-पास के स्वस्थ टिश्यूज को बचाते हुए कैंसरग्रस्त टिश्यूज तक रेडिएशन की सटीक डिलीवरी संभव है।

**रोबोटिक सर्जरी:** अब रोबोट की सहायता से मिनिमल इनवेसिव सर्जरी संभव है, जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

**कीमोथेरेपी:** मेडिकल साइंस में हुए शोध-अनुसंधानों के कारण कीमोथेरेपी में नई दवाएं शामिल हो चुकी हैं, जिनके कारण मरीज को अब कम 'साइड और आफ्टर इफेक्ट' सहने पड़ते हैं।

**इम्यूनोथेरेपी:** मानव शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति होती है, जिसे इम्यूनिटी कहा जाता है। मेडिकल साइंस के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति में कैंसर से लड़ने की इम्यूनिटी होती है, जो शरीर में कैंसरस कोशिकाओं को खत्म कर देती है। इम्यूनोथेरेपी के लिए इंजेक्शन आते हैं, जिन्हें कैंसर विशेषज्ञ के परामर्श से लगाया जाता है। ऐसे इंजेक्शंस इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### फेफड़ों के कैंसर से संभव है बचाव



**धूम्रपान से बचें:** एक अध्ययन के अनुसार धूम्रपान छोड़ने से आपके फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। अगर धूम्रपान छोड़ने में आपको दिक्कत हो रही है, तो अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**पैसिव स्मोकिंग से बचें:** अगर आप धूम्रपान करने वाले लोगों के निकट संपर्क में रहते हैं तो ऐसी स्थिति में भी आप उनके द्वारा वातावरण में छोड़ी गई सांस ग्रहण कर सकते हैं, जिसे सेकेंड हैंड स्मोकिंग या पैसिव स्मोकिंग भी कहते हैं, जो अत्यंत नुकसानदेह है।

**बचें वाहनों के धुएं से:** वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बन मोनोऑक्साइड पाया जाता है, जो फेफड़ों के लिए अत्यंत नुकसानदेह है। इसलिए वाहनों के प्रदूषण और अन्य प्रदूषित माहौल से बचने के लिए मास्क पहनें।

**जरूरी है हेल्दी लाइफस्टाइल:** हेल्दी लाइफस्टाइल से कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, व्यायाम और तनाव प्रबंधन आदि शामिल हैं। खान-पान में हरी सब्जियों, फलों और साबुत अनाजों को वरीयता दें। जंक और प्रोसेस्ड फूड्स से जहां तक संभव हो परहेज करें।

**मोटापे से बचे रहें:** मोटापा हृदय रोग और मधुमेह को ही नहीं, बल्कि कैंसर के जोखिम को भी बढ़ा देता है। मोटापे को दूर करने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें और अपने खान-पान में नमक, चीनी और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ और उत्पादों का कम से कम सेवन करें। मोटापे के संदर्भ में 'बीएमआई' के बारे में अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**प्रिकॉशन**

डॉ. एम. वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

हाल में कुछ प्रदेशों में कोरोना संक्रमण के कुछ मामले सामने आए। इससे लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है। लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस मामले में बिना घबराए हुए कोरोना से बचाव के लिए सावधानी बरतना सबसे जरूरी है। इस बारे में और डिटेल में जानिए।

# सामने आए हैं कोरोना के कुछ मामले रहें पूरी तरह सतर्क-बरतें सावधानी



हाल ही में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित कुछ राज्यों में आए कोविड-19 के नए मामलों की खबर सुर्खियों में रहीं। इनमें अधिकांश मरीजों में हल्के लक्षण पाए गए हैं, जबकि कुछ बुजुर्गों और पहले से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। आंध्र प्रदेश में चार ऐसे मरीजों की मौत ने चिंता बढ़ा दी है।

**डरें नहीं-सजग रहें:** स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि कोरोना संक्रमित अधिकांश मरीजों में हल्के लक्षण पाए गए हैं। कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत की वजह केवल कोरोना संक्रमण नहीं, को-मॉबलिटी थीं। यानी ये मरीज पहले से ही डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, फेफड़ों की बीमारी, किडनी की बीमारी और दूसरी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। कमजोर इम्यूनिटी के कारण कोरोना की जंग में वे हार गए।

विशेषज्ञों का मानना है कि कोविड अब पेंडेमिक नहीं, बल्कि एंडेमिक स्टेज में पहुंच गया है। कभी पूरी तरीके से खत्म नहीं होगा। हमें कोरोना के साथ जीना है। करोना जाएगा नहीं, कोरोना के साथ रहना है। हम अकसर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से कोरोना के मामले देखने को मिलते हैं। कोविड-19 अब इंफ्लूएंजा (फ्लू) जैसे श्वसन संक्रमणों की श्रेणी में शामिल होता जा रहा है, जो मौसम के अनुसार समय-समय पर बढ़ सकते हैं। जैसे हर साल मौसम बदलने पर सर्दी-जुकाम या फ्लू के मामले आते हैं। वैसे ही अब कोविड के भी छिटपुट मामले समय-समय पर सामने आते रहेंगे।

**नए केसेस आने की वजह:** साल 2020 से 2022 तक पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाला एसएआरएस-कॉव-2 वायरस म्यूटेशन के बाद समय-समय पर अपना स्वरूप बदलता रहता है। इसी कारण इसके नए वैरिएंट सामने आते रहते हैं। आंध्र प्रदेश में मिले अधिकांश संक्रमण ओमिक्रॉन परिवार से जुड़े हैं। इनकी आरएफ-5 ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट के रूप में पहचान हुई है। लेकिन इन्हें 2020-21 जैसी गंभीर महामारी का संकेत नहीं माना जा रहा है। अधिकांश संक्रमण हल्के हैं और अभी तक ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि आरएफ-5 ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट पहले के कोरोना वैरिएंट्स से अधिक घातक हैं। फिर भी, वायरस के लगातार बदलते स्वरूप को देखते हुए सतर्क रहना, लक्षण होने पर जांच कराना और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगों की सुरक्षा पर ध्यान देना जरूरी है।

**किन्हें है रिस्क:** सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों को है, जो कमजोर इम्यूनिटी वाले यानी छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग हैं। या फिर जो पहले से डायबिटीज, हार्ट डिजीज, सीओपीडी जैसी फेफड़ों की पुरानी बीमारी, हाइपरटेंशन, किडनी की बीमारी या कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं। इन लोगों में संक्रमण गंभीर रूप ले सकता है।

**कोरोना वैक्सीन कितनी प्रभावी:** पहले कोरोना वैक्सीन लगवा चुके लोगों को आज भी संक्रमण होने की संभावना हो सकती है। चूंकि वायरस समय के साथ बदलता रहता है और वैक्सीन से बनी संक्रमण-रोधी इम्यूनिटी या एंटीबॉडी भी धीरे-धीरे कम हो सकती है। फिर भी अधिकांश मामलों में यह वैक्सीन कोरोना से बचाव का सुरक्षा कवच है। यह भले ही इंफेक्शन को पूरी तरीके से न रोक पाए, लेकिन यह गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु के जोखिम से काफी हद तक बचाने में मदद करती है।

**क्या हैं लक्षण:** संक्रमित व्यक्ति को इंफ्लूएंजा के समान लक्षण हो रहे हैं जैसे- मांसपेशियों में दर्द, बदन दर्द, बुखार, खांसी आना, नाक बहना या कंजेशन होना, गला खराब होना, कमजोरी, थकान, स्वाद और गंध में बदलाव। ध्यान न देने पर निमोनिया भी हो सकता है।

**कब जाएं डॉक्टर के पास:** अगर बुखार तीन से पांच दिन तक बना रहे, लगातार खांसी, गले में खराश या सांस लेने में तकलीफ हो, ऑक्सीजन स्तर कम हो, सीने में दर्द या गंभीर कमजोरी महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। जल्दी पता चलने से न सिर्फ इलाज आसान होता है, बल्कि संक्रमित व्यक्ति अनजाने में दूसरों को संक्रमित करने से भी बचता है।


**कैसे होता है उपचार:** फिलहाल कोरोना के इस नए वैरिएंट के लिए कोई अलग या विशेष दवा उपलब्ध नहीं है। उपचार रोग की गंभीरता और मरीज के जोखिम के आधार पर किया जाता है। उपचार के दौरान जरूरी है कि संक्रमित व्यक्ति और उसके नजदीकी लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें।

संक्रमित व्यक्ति को आइसोलेट किया जाता है। अधिकांश हल्के मामलों में मरीज के लक्षणों के अनुसार (सिंप्टोमैटिक) उपचार ही किया जाता है। यानी घर पर आराम करने, बुखार या दर्द (जैसे पैरासिटामोल), खांसी की दवा लेने, संतुलित-पोषक-सुपाच्य आहार लेने और पर्याप्त पानी पीने संबंधी सलाह दी जाती है। कोरोना का सेल्फ-लिमिटिंग नेचर (शरीर की प्रतिरक्षा के कारण स्वतः नियंत्रित होने वाला संक्रमण) होने के कारण अधिकांश मरीज 6-7 दिन में स्वस्थ हो जाते हैं। जबकि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी या कमजोर प्रतिरक्षा वाले हाई रिस्क कैटेगरी के मरीजों को विशेष निगरानी और चिकित्सकीय उपचार की जरूरत पड़ सकती है। उन्हें आवश्यकता पड़ने पर विशेष एंटीवायरल दवाएं भी दी जाती हैं। समय पर शुरू किया गया उपचार बीमारी के गंभीर रूप लेने के जोखिम को कम कर सकता है। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### कैसे करें बचाव

- कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें।
- भीड़-भाड़ में दूसरों से दूरी बनाए रखें।
- भीड़-भाड़ वाली जगह जाना जरूरी हो, तो मास्क जरूर पहनें।
- हाथों की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। समय-समय पर साबुन से हाथ धोएं या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।
- वैक्सीनेशन को नजरअंदाज बिल्कुल न करें। अगर आप हाई रिस्क कैटेगरी में आते हैं तो वैक्सीनेशन को लेकर अपने डॉक्टर से बात जरूर करें। या फिर अगर इंटरनेशनल ट्रैवल पर जा रहे हों, तब बूस्टर डोज जरूर लगवाएं।
- संतुलित आहार खाएं। मौसमी और ताजे फल ज्यादा खाएं।
- नियमित वॉक करें, एक्सरसाइज करें, डीप ब्रीदिंग करें, प्राणायाम करें।
- अगर बुखार, खांसी या सांस लेने में दिक्कत हो तो डॉक्टर से सलाह लें।





# गुलवीर ने 10 हजार मीटर दौड़ में भारत को दिलाया पहला पदक


## एथलेटिक्स में दूसरा रजत पदक

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतकर नया इतिहास रचा। इसके साथ ही वह इस स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। एथलेटिक्स में भारत का यह दूसरा रजत पदक है। इससे पहले सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत पदक जीता था।

### बारिश और पानी से भरे ट्रैक में दौड़े गुलवीर

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर ने 'स्कॉट्सटाउन स्टेडियम' में लगातार हो रही बारिश और पानी से भरे ट्रैक जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पूरी दौड़ में अग्रणी धावकों के साथ अपनी जगह बनाए रखी। अंतिम चरण में उन्होंने जबरदस्त तेजी दिखाई और 27 मिनट 49.78 सेकंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने 27:48.93 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि आइल ऑफ मैन के डेविड मुलार्की 27:50.28 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहे।



### नहीं पड़ता मौसम का असर : गुलवीर

गुलवीर ने कहा, 'पदक जीतकर हमेशा अच्छा लगता है। दौड़ अच्छी रही, बारिश भी हुई, लेकिन जब आप पदक जीतते हैं तो बारिश हो, धूप हो, गर्मी हो या कुछ और हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।' उन्होंने कहा, 'मैंने सब कुछ भगवान पर छोड़ दिया था। दौड़ से पहले मैंने सर्वशक्तिमान से कहा था, देख लेना प्रभु।'

### अफ्रीकी धावकों को पीछे छोड़ा

अमेरिका में कोच स्कॉट सिमंस के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे गुलवीर ने मजबूत प्रतिस्पर्धा के बीच बेहतरीन रणनीति अपनाई। इस दौड़ में कीनिया के 2023 की विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता डेनियल एबेयो जैसे कई दिग्गज अफ्रीकी धावक भी शामिल थे। लगातार बारिश के बावजूद गुलवीर अधिकांश समय शीर्ष समूह के साथ बने रहे और अंतिम लैप में अपनी गति को बढाकर मुलार्की को पीछे छोड़ते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया।

### 40 साल बाद विजेताओं में अफ्रीकी धावक नदारद

गुलवीर के इस प्रदर्शन के साथ एक और बड़ा इतिहास भी बना। वर्ष 1986 के बाद पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 10 हजार मीटर स्पर्धा के पदक विजेताओं में किसी भी अफ्रीकी धावक का नाम शामिल नहीं रहा। यह उपलब्धि 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अविनाश साबले द्वारा 3000 मीटर स्टीपलचेज में कीनिया के लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को तोड़ते हुए रजत पदक जीतने की याद भी ताजा कर गई।

## सेमीफाइनल में अंरुधति, पक्का किया मेडल

अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम वर्ग) ने देश के लिए एक और मेडल पक्का कर लिया। एसईसी हॉल-5 में अरुंधति ने न्यूजीलैंड की मॉर्गन हेंडरसन को 3-1 के विभाजित फैसले से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाते हुए कम से कम ब्रॉन्ज मेडल सुनिश्चित कर दिया है। अरुंधति चौधरी को पहले राउंड में पांच में से तीन जजों ने 10-10 अंक दिए, जबकि दूसरे राउंड में उन्हें चार जजों से पूरे अंक मिले। इस राउंड में न्यूजीलैंड की मुक्केबाज हेंडरसन को वॉर्निंग के चलते एक अंक गंवाना पड़ा। तीसरे राउंड में तीन जजों ने अरुंधति के पक्ष में अपना फैसला दिया। अरुंधति चौधरी ऐसी पांचवीं भारतीय हैं, जिन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। उनसे पहले प्रीति, प्रिया, जादुमनी सिंह और साक्षी ने भी अपनी-अपनी वेट कैटेगरी में अंतिम चार में जगह बनाई है।





## साक्षी का दबदबा, सेमीफाइनल में एंट्री

महिला मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 51 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में उन्होंने नॉर्दन आयरलैंड की कैटलिन फ्रायर्स को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराकर भारत के लिए कम से कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया है। एसईसी हॉल-5 में खेले गए इस मुकाबले में साक्षी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और तीनों राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। पांचों जजों ने मुकाबला साक्षी के पक्ष में दिया और उन्हें सर्वसम्मत निर्णय के आधार पर विजेता घोषित किया। सभी जजों ने साक्षी को 29 अंक दिए, जबकि फ्रायर्स को 25 से 27 अंकों के बीच अंक मिले। दूसरे राउंड में फ्रायर्स का एक अंक चेतावनी के कारण काटा गया, जिससे भारतीय मुक्केबाज की बढ़त और मजबूत हो गई। इस जीत के साथ साक्षी ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

## शॉटपुट: फाइनल में तूर और गिल



भारतीय शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर और समरदीप सिंह गिल ने राष्ट्रमंडल खेलों के आखिरी दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई कर लिया। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तूर ने दो प्रयासों में ही ग्रुप ए से 20 मीटर का स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क हासिल कर लिया। उनका पहला प्रयास 19.93 मीटर और दूसरा 20.14 मीटर था। उन्होंने तीसरा प्रयास नहीं किया। ग्रुप बी से गिल का सर्वश्रेष्ठ प्रयास पहला ही था, जिसमें उन्होंने 19.95 मीटर का थ्रो फेंका। दूसरा थ्रो 19.75 मीटर और तीसरा फाउल रहा। वह 15 खिलाड़ियों में कुल पांचवें स्थान पर रहे। ग्रुप ए में सात और बी में आठ प्रतियोगी थे। 20 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले या सर्वश्रेष्ठ 12 को बृहस्पतिवार को होने वाले फाइनल में जगह मिली। न्यूजीलैंड के टॉम वाल्श ने 21.03 का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया।

## हरजिंदर कौर ने 227 किग्रा भार उठाकर जीता सिल्वर मेडल

ग्लासगो में जारी कॉमनवेल्थ गेम्स महिला वेटलिफ्टर हरजिंदर कौर ने धमाल मचा दिया। महिलाओं की 69 किग्रा वेट कैटेगरी में हरजिंदर ने कुल 227 किग्रा भार उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम कर लिया। हरजिंदर कौर ने 69 किग्रा भार कैटेगरी के स्नैच के पहले प्रयास में 98 किग्रा उठाया, उसके बाद दूसरे प्रयास में 99 और तीसरे प्रयास में 101 किग्रा का वजन उठाया। उनके तीनों ही प्रयास सफल रहे। इसके बाद क्लीन एंड जर्क के तीन प्रयासों में 120, 123 और 126 किग्रा भार उठाया। इस तरह स्नैच में 101 और क्लीन एंड जर्क में 126 किग्रा उठाने के साथ कुल 227 किग्रा वजन के दम पर हरजिंदर ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी: मनु

**नई दिल्ली।** मनु भाकर ने कहा कि हांगझोउ में हाल ही में समाप्त हुए विश्व कप में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर उनकी भावनाएं मिली जुली है और वह इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। भाकर अभी भी 2026 में अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने की तलाश में हैं। भाकर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'एक और कांस्य पदक। इस पदक को लेकर मेरी मिली-जुली भावनाएं हैं। मुझे खुशी है कि मैं अपने प्रदर्शन में सुधार कर पाई, लेकिन साथ ही, मुझे पता है कि मैं इससे भी बेहतर कर सकती थी।' मनु ने कहा, ' मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात से होती है कि मेरी मेहनत रंग ला रही है। सुधार की अभी भी बहुत गुंजाइश है, और यही बात मुझे प्रेरित करती है। एक-एक कदम आगे बढ़ना है।'

### स्क्वाश चैंपियनशिप: क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया

**ओंटारियो।** भारतीय पुरुष और महिला टीमें क्रमशः कुवैत और दक्षिण अफ्रीका को हराकर विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। जहां भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुरुष टीम को कुवैत के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल करने से पहले कड़ी मेहनत करनी पड़ी, वहीं महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से आसानी से हराया। भारतीय पुरुष टीम क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का मुकाबला अमेरिका से होगा। पुरुषों के मुकाबले में युशा नफीस शुरुआती मैच में हार गए। इसके बाद आर्यवीर दीवान ने जीत हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। गुरवीर सिंह ने तीसरे और निर्णायक मैच में जीत हासिल करके भारत को अंतिम आठ में पहुंचाया।



## टॉप 50 बल्लेबाजों में वैभव की एंट्री शुभमन फिर बने नंबर 1 बल्लेबाज

### टी20 में सूर्यवंशी ने लगाई 230 पायदान की लंबी छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रैंकिंग में फिर से दुनिया के नंबर एक वनडे बल्लेबाज बन गए जबकि वैभव सूर्यवंशी जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 230 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 48वें स्थान पर पहुंच गए। गिल ने वनडे रैंकिंग में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डैरिल मिचेल को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। मिचेल इस साल जनवरी से शीर्ष स्थान पर काबिज थे।



### बिश्नोई को फायदा, शीर्ष 10 में वरुण

लेग स्पिनर रवि बिश्नोई टी20 में गेंदबाजों की सूची में 31 पायदान ऊपर 41वें स्थान पर पहुंच गए, लेकिन चोटिल होने के कारण जिंबॉब्वे दौरे से बाहर रहे वरुण चक्रवर्ती तीन स्थान नीचे खिसक गए लेकिन वह शीर्ष 10 में बने हुए हैं।



### टी20 में टॉप पर काबिज ईशान

सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50.33 की औसत से 151 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। अपने इस शानदार प्रदर्शन से यह 15 वर्षीय बल्लेबाज शीर्ष 50 में जगह बनाने में सफल रहा। सूर्यवंशी के 536 रेटिंग अंक हैं। ईशान किशन टी20 में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। उनके 910 रेटिंग अंक हैं। वह दूसरे स्थान पर काबिज पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (848) पर अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। इस बीच तिलक वर्मा दो पायदान ऊपर छठे स्थान पर, जबकि टी20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर सात पायदान ऊपर 24वें स्थान पर आ गए।

## इंग्लैंड में 5 अगस्त से मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट सीरीज

*नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर के माजिद मगरे 5 से 19 अगस्त तक इंग्लैंड में होने वाली मिश्रित दिव्यांग टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में भारत की 16 सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे। साई आकाश शिवमणि को इस दौरे के लिए भारत का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है, जहां भारतीय टीम सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। पहले दो मैच 5 और 7 अगस्त को डर्बी के आवरकूप काउंटी ग्राउंड में खेले जाएंगे, इसके बाद तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 9 अगस्त को लीसेस्टर में होगा। चौथा मैच 12 अगस्त को होव के काउंटी ग्राउंड में, पांचवां और छठा मैच 15 और 16 अगस्त को अरुंडेल में जबकि अंतिम मैच 19 अगस्त को लॉर्ड्स में खेला जाएगा।*

## एशियाई खेल : भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, लालागे की जगह पाल शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने जापान के आइची नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी 20 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम में केवल एक बदलाव करके आदित्य अर्जुन लालागे की जगह मिडफील्डर राज कुमार पाल को शामिल किया है। राज कुमार को अगले महीने होने वाले विश्व कप के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन वह एशियाई खेलों के लिए वापसी करने में सफल रहे।



लालागे नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन और हॉकी इंडिया के चयनकर्ताओं ने इसके अलावा विश्व कप में खेलने वाली टीम में कोई अन्य बदलाव नहीं किया है। स्टार डिफेंडर और ड्रैग फ्लिकरहरमनप्रीत सिंह टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे। भारत ने हरमनप्रीत की अगुवाई में ही 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता था। भारत की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने वाले अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह सहित कई अनुभवी खिलाड़ी टीम का हिस्सा हैं।

## वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट किया अपने नाम, पाकिस्तान को हराया

एजेंसी ▶▶| तारौबा

जाडेन सील्स के 5 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 90 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली।

पहली पारी में 311 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 181 रन बनाकर पाकिस्तान के सामने 211 रन का लक्ष्य रखा लेकिन उसकी टीम केवल 120 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान में पहली पारी में 282 रन बनाए थे। पाकिस्तान की दूसरी पारी में केवल तीन बल्लेबाज दोहरे



अंक में पहुंचे, जिनमें कप्तान बाबर आजम ने नाबाद 58 रन बनाए।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक**
**पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल**

पुलिस विभाग के वाहनों में रेडियम का कार्य कराने हेतु 01 वर्ष के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित

कार्यालय पुलिस मुख्यालय द्वारा क्रय किये गये पुलिस वाहनों में आवश्यकतानुसार रेडियम का कार्य कराने हेतु पुलिस अधीक्षक पीटीएस (एमटी) भोपाल के द्वारा 01 वर्ष के लिए दर अनुबंध किये जाने के संबंध में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। नियम एवं शर्ते तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 27/07/2026 के 17:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 27/07/2026 के 18:00 बजे |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 31/07/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 04/08/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 17/08/2026 के 14:00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 18/08/2026 के 16:00 बजे |

G-16439/26

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

पुलिस अधीक्षक
पीटीएस (एमटी), भोपाल


## जॉर्ज और मन्नेपल्ली की दूसरे दौर में एंट्री

## ताइपे ओपन : सीधे गेमों में जीते प्रणय और उन्नति, अगल दौर में प्रवेश

एजेंसी ▶▶| ताइपे सिटी

अनुभवी शटलर एचएस प्रणय और उन्नति हुडा ने सीधे गेम में जीत दर्ज करके ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के एकल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के मिनोरु कोगा को 21-11 21-14 से हराया। अब उनका सामना हांगकांग के जेसन गुनावन से होगा, जिन्होंने एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मिथुन मंजुनाथ को 21-18 21-4 से हराया। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। जॉर्ज ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 21-10 21-18 से जबकि मन्नेपल्ली ने कोरिया के आठवें वरीय जियोन



ह्योक जिन को 21-12 21-15 से हराया। जॉर्ज और मन्नेपल्ली अगले दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगे। पुरुष एकल क्वालीफायर से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रौनक चौहान इंडोनेशिया के रिची दुता रिचार्डो से 14-21 16-21 से हार गए।

### देविका ने कोरिया की गायून पार्क को दी मात

देविका ने कोरिया की गा यून पार्क को 14-21 21-7 21-15 से, तन्वी ने हमवतन तस्नीम मीर को 21-16 22-20 से और अनमोल ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-15 11-21 21-19 से हराया। देविका का अगला मुकाबला इंडोनेशिया की कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी से होगा। तन्वी का मुकाबला अब इंडोनेशिया की थालिता रामधानी विरियावान से होगा।

### उन्नति ने की अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत

महिला एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त उन्नति ने अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए ताइपे की पेई यू वांग को 21-12, 21-18 से हराया। अब उनका मुकाबला हमवतन तान्या हेमंत से होगा, जिन्होंने ताइपे की ही वेन ची सू को कड़े मुकाबले में 21-16, 14-21, 21-16 से पराजित किया।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

क्रमांक // खनिज / 2026 — भोपाल, दिनांक //2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक सुपरमाइन्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन प्रायवेट लिमिटेड पार्टनर सैयद साइम अली निवासी टी-5 सिटी सेन्टर अपार्टमेंट थाना तलैया के पास सुल्तानिया रोड भोपाल (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 24.04.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्र.जी-13994/26 दिनांक 06.06.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | खौरी | 681, 682, 684,685, 686, 690 | 0.1881, 0.4019, 0.3155, 0.7517, 0.5570, 1.7858 कुल रकबा 4.000 है . | शासकीय | खनिज पत्थर (अर्थात क्रेशर के उपयोग हेतु) एवं पत्थर से निर्मित रेत (यात्रिकी क्रिया द्वारा) एम-सेण्ड बोल्डर एवं मुरूम | भाग रकबा 4.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज )
जिला भोपाल

जी - 16436/26

स्वच्छता ही सेवा

पहली बार पीडब्ल्यूडी में हुई इतनी बड़ी कार्रवाई, नए सिरे से होगी जांच

# ठेका लेने के बाद काम में गड़बड़ी पर यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट हुई ब्लैक लिस्टेड

◆ इस कंपनी को कई जिलों में लगभग 80 करोड़ रुपए के काम मिले हैं, सभी में गड़बड़ी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग ने आज एक बड़ी ठेकेदार कंपनी में मेसर्स यूएस इंफ्रा को ब्लैकलिस्टेड कर दिया। इस ठेकेदार के पंजीयन को काली सूची में दर्ज करने की अनुशंसा मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) ने की है। इससे पहले यह मामला तत्कालीन मुख्य अभियंता संजय मस्के के समक्ष आया था, किंतु उन्होंने इस मामले को पूरी तरह से दबा दिया था। करीब छह महीने से




ज्यादा समय तक यह मामला फाइलों के नीचे दब गया। विभाग में पहली बार मौजूदा मुख्य अभियंता ने तत्कालीन मुख्य अभियंता के निर्णय को अमान्य कर यूएस इंफ्रा को काली सूची में डालने का निर्णय लिया है।

### 20 से 30 फ़ीसदी भी काम नहीं हुआ

बताते हैं कि यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को नर्मदापुरम में करीब 16 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कुल नौ कार्य स्वीकृत हुआ था। किंतु इस ठेकेदार कंपनी ने कई ठेके में 80% तक भुगतान ले लिया, किंतु मौके पर काम 20 से 30 फ़ीसदी भी नहीं हुआ था। पिछले दिनों फरवरी में नए आए कार्यपालन यंत्री ने इस ठेकेदार कंपनी के कार्यों का निरीक्षण करने के बाद उसे ब्लैक लिस्टेड करने की का पत्र अधीक्षण यंत्री को भेजा था।

### नए आए मुख्य अभियंता ने खोली है फाइल

अभी हाल के दिनों में लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियंता से लेकर कई मुख्य अभियंता बदले गए। इसमें भोपाल परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता मस्के को हटाकर लूप लाइन में भेजा गया था। उनके मामले में हाईकोर्ट जबलपुर ने भी काफी तल्ख टिप्पणी की थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि मुख्य अभियंता मस्के को किसी भी सूरत में फील्ड में पोस्टिंग न दी जाए। अभी हाल में नए मुख्य अभियंता ने इस यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट कंपनी के कार्यों की समीक्षा की।

## पेपर लीक माफिया पर प्रभावी अंकुश लगाएगा विधेयकः सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक 2026 पारित होने का स्वागत कर इसे परीक्षाओं की शुचिता और सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लोकसभा से लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक 2026 का पारित होना देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पेपर लीक माफिया, संगठित नकल गिरोहों और लोक परीक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि यह विधेयक दोषियों के विरूध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित कर परीक्षा प्रणाली को अधिक निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएगा।

अब तक भोपाल को 21 बसें मिल चुकी

# आज से तीन रूटों पर चलेंगी 10 ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में गुरुवार से ई-बसों का संचालन सुबह दस बजे से शुरू हो जाएगा। यह बसें तीन रूटों पर चलेंगी। अभी तक बसों का ड्राय रन चल रहा था। अब इन बसों में आम यात्री भी यात्रा कर सकेंगे। नगर निगम में परिवहन शाखा के एमआईसी मनोज राठौर ने



बताया कि गुरुवार से यात्रियों के लिए बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। अब तक भोपाल को 21 बसें मिल चुकी हैं। इनकी चार्जिंग और देखरेख के लिए संत नगर में डिपो पूरी तरह से तैयार है और संचालन को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यात्रियों से किराया लिया जाएगा।बस नंबर- B35/B36- चिरायु से बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन से बैरागढ़ चिचली तक (28 किमी) रूट पर चलेगी। बसें चिरायु हॉस्पिटल, बैरागढ़, लालघाटी, कलेक्ट्रेट, रॉयल मार्केट, पीरगेट, कमला पार्क, रविंद्र भवन, रंगमहल, रोशनपुरा, नानके पेट्रोल पंप, मेन रोड नं. 1. रेड क्रॉस हॉस्पिटल, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन, बीजेपी भवन, बिट्टन मार्केट, 1100 क्याटर्स हनुमान मंदिर, मनीषा मार्केट, बंसल हॉस्पिटल, चूना भट्टी चौराहा, कोलार सिक्स लेन रोड, नयापुरा, ललिता नगर, गेहूं खेडा, बैरागढ़ चिचली तक चलेगी।

### बस नंबर- B36 और बस नंबर-B35/B36 का रूट

बस नंबर- **B**36 - रेल्वे कोच फैक्ट्री (रेल्वे प्लेटफॉर्म नं. 1) से बैरागढ़ चिचली (कोलार रोड़) तक (21 किमी) चलेगी और कोच फैक्ट्री, द्वारका नगर, रेलवे कॉलोनी, भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1. पुष्पा नगर, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा पंप, सुभाष नगर, शांति निकेतन, आईएसबीटी, चेतक ब्रिज, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन, बीजेपी भवन, बिट्टन मार्केट, 1100 क्वाटर्स हनुमान मंदिर, मनीषा मार्केट, बसल हॉस्पिटल, चूना भट्टी चौराहा, कोलार सिक्स लेन रोड, नयापुरा, ललिता नगर, गेहूं खेड़ा, बैरागढ़ चिचली तक पहुंचेगी। जबकि बस नंबर-**B**35/**B**36 - चिरायु हॉस्पिटल से बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन से रेल्वे कोच फैक्ट्री तक (26.4 किमी) रूट रहेगा और चिरायु हॉस्पिटल, बैरागढ़, लालघाटी, कलेक्ट्रेट, रॉयल मार्केट, पीरगेट, कमला पार्क, रविंद भवन, रंगमहल, रोशनपुरा, नानके पेट्रोल पंप. मेन रोड नं. 1. रेड क्रॉस हॉस्पिटल, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, चेतक ब्रिज, आईएसबीटी, शाति निकेतन, सुभाष नगर, प्रभात चौराहा पंप. अशोका गार्डन पुष्पा नगर, भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1. रेलवे कॉलोनी, द्वारका नगर, कोच फैक्ट्री तक चलेगी।

स्टाइपेंड वृद्धि की मांगः वल्लभ भवन में आज आर-पार की बातचीत

# हमीदिया अस्पताल के इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड के लिए किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) और हमीदिया अस्पताल के इंटर्न डॉक्टरों ने अपने वाजिब हक और मानदेय (स्टाइपेंड) में बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलन जारी है। बुधवार को अपनी मांगों की ओर सरकार का ध्यान खींचने के लिए डॉक्टरों ने संवेदनशील तरीका अपनाते हुए रक्तदान कर विरोध दर्ज कराया और सांकेतिक भूख हड़ताल की घोषणा कर दी।

हालांकि जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह की समझाइश के बाद फिलहाल भूख हड़ताल को टाल दिया गया है, लेकिन इंटर्न डॉक्टरों का साफ कहना है कि उनका संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक कोई लिखित आदेश जारी नहीं होता। शासन स्तर से मिली हरी झंडी के बाद गुरूवार को वल्लभ भवन में डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल की सरकार से वार्ता होनी है।



रक्तदान करती इंटर्न डॉक्टर।

### चार साल से केवल आश्वासन

*इंटर्न डॉक्टर डॉ. संकेत शर्मा और डॉ. कृष्णा ने कहना है कि वे बीते चार वर्षों से लगातार स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। हर बार उन्हें सिर्फ कोरे आश्वासन मिले, लेकिन धरातल पर कोई ठोस आदेश जारी नहीं हुआ। 27 जुलाई से हमने सांकेतिक भूख हड़ताल का निर्णय लिया था। डीन डॉ. कविता एन सिंह की समझाइश और शासन के सकारात्मक रुख को देखते हुए इसे फिलहाल स्थगित किया गया है, लेकिन मांगें पूरी न होने पर आंदोलन उग्र होगा।*

## 31 अंतिम तिथिः कॉलेजों में प्रवेश का अंतिम अवसर नहीं बढ़ेगी तारीख

**भोपाल।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। प्रदेश के शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए 31 जुलाई 2026 अंतिम तिथि निर्धारित है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने की कोई संभावना नहीं है, इसलिए जिन विद्यार्थियों ने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी प्रवेश प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह निरंतर बना हुआ है। अब तक विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में करीब 5 लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है। इनमें कला संकाय विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है, जहां 2,26,090 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। विज्ञान संकाय में 1,32,127, वाणिज्य संकाय में 64,704, विधि संकाय में 21,130 तथा एनसीटीई पाठ्यक्रमों में 46,566 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है।

आवासीय अनुमति पर चल रहे कारोबार पर नगर निगम सख्त

# रोहित नगर-अरेरा कॉलोनी में आज खत्म होगी नोटिस की मोहलत, कल से सीलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सबसे चर्चित आवासीय बनाम व्यावसायिक मामले में निगम ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। अरेरा कॉलोनी और रोहित नगर में आवासीय अनुमति लेकर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले 429 दुकानदारों और शोरूम संचालकों को नगर निगम द्वारा दी गई मोहलत बुधवार को समाप्त हो रही है। इसके बाद 31 जुलाई से सीलिंग की कार्रवाई शुरू होने की तैयारी है। नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद 15 जून से इन व्यापारियों को नोटिस देना शुरू किया था।

■ अब तक 800 से अधिक नोटिस जारी किए गए

17 जुलाई को दूसरी बार नोटिस जारी किए गए। जिन मामलों में अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला, वहां कार्रवाई की सूची तैयार कर ली गई है। पूरे शहर में अब तक 800 से अधिक नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन सबसे पहले कार्रवाई अरेरा कॉलोनी और रोहित नगर से शुरू होगी। इस कार्रवाई की आहट से जहां स्थानीय रहवासियों ने राहत की उम्मीद जताई है, वहीं व्यापारियों में बेचैनी बढ़ गई है। अरेरा कॉलोनी के ई-2 से ई-5 क्षेत्र में पिछले डेढ़-दो दशक से बड़ी संख्या में मकानों में दुकानें, क्लीनिक, शोरूम, ऑफिस और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। रहवासियों का आरोप है कि इससे यातायात, पार्किंग, शोर और सुरक्षा संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ी हैं।

*429 दुकानदारों और शोरूम संचालकों को नगर निगम ने मोहलत दी थी*

### 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

*मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। 4 अगस्त को इस विषय पर सुनवाई प्रस्तावित है। अरेरा कॉलोनी निवासी पूर्णेंदु शुक्ला एमिकस क्यूरी के माध्यम से पक्षकार बने हैं, जबकि इसी मुद्दे पर उनकी याचिका हाईकोर्ट में भी लंबित है। राज्य सरकार भी सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल करने की तैयारी में है।*

### रहवासी संघ की बैठक हुई

*मंगलवार को अरेरा कॉलोनी ई-2 में शहर के विभिन्न रहवासी संघों की बैठक हुई। बैठक में गौतम नगर, गुलमोहर, रचना नगर और शाहपुरा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तय किया गया कि 1 अगस्त से "सिटिजन वॉक" अभियान चलाकर रिहायशी क्षेत्रों में बढ़ते व्यावसायिक अतिक्रमण के खिलाफ जनसमर्थन जुटाया जाएगा।*

### नगर निगम का तर्क- कार्रवाई की तैयारी

*नगर निगम के उपायुक्त भुवन गुप्ता ने बताया कि रोहित नगर और अरेरा कॉलोनी में 400 से ज्यादा दुकानदारों को नोटिस दिए गए थे। उनकी मोहलत बुधवार को खत्म हो रही है। आगामी एक-दो दिन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को दतिया उपचुनाव के भाजपा को समर्थन देने का सौंपा पत्र

# भाजपा सरकारों की नीतियों से प्रभावित होकर समर्थन दे रहा हूं : कन्छेदीलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल को दतिया उपचुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी कन्छेदीलाल कुशवाह ने बुधवार को भाजपा को समर्थन देने का पत्र सौंपा।

कन्छेदीलाल कुशवाह ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल को पत्र सौंपते हुए कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासोन्मुखी नीतियों और गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के हित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर




समर्थन दिया है। भाजपा ने कुशवाह समाज को हमेशा प्रतिनिधित्व दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, विकास और सेवा की राजनीति करने वाली पार्टी है। यही कारण है कि देशभर में आमजन का विश्वास लगातार भाजपा के प्रति बढ़ रहा है।

### भाजपा एक विचार आधारित संगठनः खंडेलवाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी एवं समाजसेवी व्यक्तियों का भाजपा परिवार को लगातार समर्थन देना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों पर जनता का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है।

## गंदगी फैलाने वालों पर निगम अमले ने बनाए 71 प्रकरण

**भोपाल।** सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने, सीएंडडी वेस्ट फेंकने और संपत्ति विरूपण करने वालों के खिलाफ नगर निगम की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को निगम के स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 71 प्रकरणों में स्पॉट फाइन के रूप में 11,200 रुपए वसूल किए। इस दौरान जोन-13 में 10 मामलों में 3,900, जोन-14 में 25 मामलों में 3,300, जोन-15 में 16 मामलों में 1,600 और जोन-16 में 20 मामलों में 2,400 का जुर्माना वसूला गया।

दादी की मृत्यु के बाद बुआ साथ लाई थी

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी फूफा को तिहरा आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

10 वर्षीय नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सगे फूफा को पास्को एक्ट की विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा-376(एबी), 376(2) एफ, 376(2) एवं पास्को एक्ट की धारा- 5(एम) /6 ,5(एन)/6 एवं 5 (एल) / 6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए तिहरे आजीवन कारावास और 400 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दिव्या शुक्ला एवं विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार श्रीवास्तव द्वारा अभियोजन की ओर से पैरवी की गई थी।

अभियोजन के अनुसार 10 वर्षीय नाबालिग किशोरी के माता-पिता की मृत्यु होने के पश्चात वह अपनी दादी के साथ रहने लगी थी। दादी की मृत्यु के पश्चात उसकी बुआ उसे अपने लेकर आ गई थी। नाबालिग किशोरी के साथ उसके सगे फूफा ने जान से मारने की धमकी देकर दो वर्ष तक लगातार दुष्कर्म किया।

### नाबालिग ने एसओएस कार्यकर्ता को बताया

नाबालिग किशोरी के पड़ोस मे बच्चों से मिलने के लिए एसओएस भोपाल की कार्यकर्ता आई थी। तब नाबालिग किशोरी ने एसओएस की कार्यकर्ता को सारी बताई। एसओएस भोपाल की कार्यकर्ता ने दिनांक 19/12/2022 को पुलिस थाना सुखी सेवनिया मे उपस्थित होकर अभियुक्त के विरुद्ध रिपोर्ट कराई । पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया था।

चेक बाउंस के प्रकरण में दोषी पाया

# प्रभाकर कन्स्ट्रक्शन कंपनी के संचालक प्रधान को 6 माह कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला न्यायालय ने 4 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले के अभियुक्त प्रभाकर कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक मनोज प्रधान पुत्र स्व. बाबूलाल प्रधान निवासी महाराणा प्रताप नगर भोपाल मप्र को दोषी ठहराते हुए 6 माह के सश्रम कारावास और 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 3,22,600 रुपए की प्रतिकर राशि अदा किए जाने के आदेश पारित किए हैं। यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंजली सिंह ने परिवादी जमना भारद्वाज पत्नी हर्षवर्धन भारद्वाज निवासी-बी-31, छत्रपति नगर, अयोध्या बाईपास, भोपाल म.प्र की ओर से अधिवक्ता यामिनी कृष्ण शास्त्री द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किए गए परिवाद पत्र की सुनवाई के बाद दिए हैं। परिवादी ने अभियुक्त से 3,95,000 रुपए में एक भूखण्ड क्रय किया था।

### परिवादी को 4,00,000 रुपए का चेक दिया था

अभियुक्त द्वारा परिवादी को भूखण्ड नहीं दिए जाने पर परिवादी ने सौदा निरस्त कर अभियुक्त से 3,95,000 रुपए वापस दिए जाने की मांग की थी। अभियुक्त द्वारा परिवादी को 4,00,000 रुपए का एक चेक 30.09.2019 को दिया था। बाद में अभियुक्त ने परिवादी को 2,00,000 रुपए नगद वापस कर दिए थे। बकाया 2,00,000 रुपए का भुगतान न किए जाने पर परिवादी ने अभियुक्त द्वारा दिए गए चेक को भुगतान के लिए अपने बैंक में प्रस्तुत किया तो स्टॉप पेमेंट की टीप के साथ दिनांक 19.122019 को बैंक द्वारा मय मेमो के बिना भुगतान परिवादी को चेक वापस कर दिया गया। इसके बाद परिवादी की ओर से जिला न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत किया गया था।

## बांके बिहारी यादव समाज की बैठक दो अगस्त को

**भोपाल।** बांके बिहारी यादव समाज की पारंपरिक काशी दास बाबा पूजा की तैयारी को लेकर दो अगस्त को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर न्यू टीटी नगर कॉलोनी नीलबड़ में बैठक रखी गई है। बांके बिहारी यादव समाज के अध्यक्ष गंगासागर यादव ने बताया कि बैठक में समाज के स्वजातीय सदस्यगण अपना मार्गदर्शन एवं सुझाव देंगे। श्री काशी दास बाबा की पूजा 18 अगस्त को होना निश्चित हुआ है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930